✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 65 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 31 जुलाई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




बांकीपुर उपचुनाव में पत्नी के साथ वोट देने जाते भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद

# बिहार की नई नीति से सहकारिता के क्षेत्र में अब वंचित वर्गों की बढ़ेगी भागीदारी

- नई नीति सहकारी संस्थाओं को अत्याधुनिक तकनीक, डिजिटल नवाचार और पारदर्शी प्रशासन से बनाएगी सशक्त
- अब डेयरी, मत्स्य, सेवा और पर्यटन जैसे गैर-परंपरागत क्षेत्रों में भी काम करेंगी सहकारी समितियां
- बंद चीनी मिलों के पुनरुद्धार और बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण के विस्तारीकरण योजना को मिली हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय सहकारिता नीति की तर्ज पर बनी बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। बुधवार को राज्य कैबिनेट ने इसे मंजूरी दे दी। माना जा रहा है कि इस नई नीति से राज्य में सहकारिता आंदोलन को नई गति मिलने के साथ ही समाज के वंचित वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी। सहकारिता विभाग ने नीति का प्रारूप तैयार करने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ सहकारिता क्षेत्र के प्रमुख प्रतिनिधियों और हितधारकों को शामिल कर एक समिति का गठन किया था। समिति ने विभिन्न हितधारकों और संबंधित विभागों से प्राप्त सुझावों के आधार पर इस नीति का प्रारूप तैयार किया है। सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव बताते हैं कि बिहार में सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाने और 'विकसित बिहार' की परिकल्पना को साकार करने के लिए यह नीति लाई गई है। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य की विशिष्ट भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों के अनुकूल एक आत्मनिर्भर, समावेशी और सतत विकासशील सहकारी व्यवस्था का निर्माण करना है। इस नीति का विजन 'सशक्त सहकारिता-समृद्ध बिहार' तथा समावेशी एवं बहुआयामी सहकारी व्यवस्था के माध्यम से 'समृद्ध एवं विकसित बिहार' के लक्ष्य को प्राप्त करना है। वहीं, इसका मिशन परंपरागत सहकारी संरचना को सुदृढ़ करते हुए सहकारी समितियों को आधुनिक, उत्तरदायी एवं प्रतिस्पर्धी आर्थिक इकाइयों



में रूपांतरित करना तथा नए एवं गैर-परंपरागत क्षेत्रों में सहकारिता का विस्तार करना है। बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सहकारी समितियों को सशक्त, आत्मनिर्भर, आधुनिक, समावेशी एवं प्रतिस्पर्धी बनाकर राज्य के समग्र आर्थिक और सामाजिक विकास को गति दी जाएगी। नीति के अंतर्गत युवाओं, महिलाओं, पिछड़ों, अति पिछड़ों, अनुसूचित जाति/जनजाति, दिव्यांगों तथा वंचित वर्गों की सक्रिय भागीदारी के लिए सहकारिता का विस्तार किया जाएगा। बिहार सहकारिता नीति, 2026 सहकारी संस्थाओं को अत्याधुनिक तकनीक, डिजिटल नवाचार और पारदर्शी प्रशासन से सशक्त बनाएगी। यह नीति कृषि के अतिरिक्त डेयरी, मत्स्य, कृषि व्यवसाय, भंडारण, प्रसंस्करण, सेवा क्षेत्र, पर्यटन एवं उभरते गैर-परंपरागत क्षेत्रों में नई सहकारी समितियों को बढ़ावा देगी। बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना के अंतर्गत अब वेजफ़ेड की त्रिस्तरीय सहकारी श्रृंखला को सुदृढ़ एवं विस्तारित किया जाएगा। इसके लिए पंचायत स्तरीय संग्रहण केंद्रों की स्थापना, प्रखंड स्तरीय आधारभूत संरचनाओं का निर्माण, संघों एवं समितियों को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने तथा रेफ्रिजरेटेड (रेफर) वाहनों की व्यवस्था की जाएगी। इस योजना के माध्यम से राज्य में सब्जियों के संग्रहण, प्रसंस्करण एवं विपणन व्यवस्था को नई गति मिलेगी। साथ ही किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त होगा तथा सहकारी संस्थाओं की भूमिका और अधिक सशक्त होगी। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस योजना से राज्य के किसानों का आर्थिक सशक्तिकरण होगा और उनमें खुशहाली आएगी। इसके साथ ही रैयाम (दरभंगा) एवं सकरी (मधुबनी) में बंद पड़ी चीनी मिल की भूमि पर नई सहकारी चीनी मिल एवं अन्य इकाइयों की स्थापना तथा उनका परिचालन इंडियन पोटाश लिमिटेड (आई.पी.एल.) द्वारा कराया जाएगा। इसके लिए दोनों बंद चीनी मिलों की भूमि आई.पी.एल. को एक रुपये की टोकन राशि पर 30 वर्षों की लीज पर देने का प्रस्ताव है। बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 को कैबिनेट की मंजूरी मिलने पर राज्य के माननीय सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 तथा चीनी मिलों के पुनरुद्धार एवं बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना के विस्तारीकरण का निर्णय राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जांच के दौरान नकदी बरामद

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बांकीपुर विधानसभा में मतदान के बीच पटना पुलिस की टीम ने जांच अभियान के दौरान 1 लाख 17 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। जिस व्यक्ति के पास से यह राशि मिली, उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने नकदी भी जब्त कर ली है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### इलाज के दौरान दंपति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसकेएमसीएच) में इलाज के दौरान पति-पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों सीतामढ़ी जिले के बेलसंड के रहने वाले थे और जमीन के एक मामले में अपने पैतृक गांव आए थे। परिजनों का आरोप है कि दोनों की मौत सामान्य नहीं है और इसके पीछे साजिश हो सकती है। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान 55 वर्षीय नवीन प्रसाद श्रीवास्तव और उनकी 52 वर्षीय पत्नी नीतू कुमारी के रूप में हुई है।

### जेइइ की तैयारी कर रहे छात्र ने दी जान

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** ग्रेटर नोएडा के कुलेसरा कॉलोनी में रहने वाले 12वीं कक्षा के एक छात्र ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 17 वर्षीय गौरव पटेल के रूप में हुई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना से पहले छात्र ने अपने मोबाइल फोन पर एआई और गूगल के माध्यम से आत्महत्या से संबंधित जानकारी खोजी थी। इसके अलावा उसकी निजी डायरी में भी पिछले कुछ दिनों से लिखे गए भावुक और तनाव से जुड़े नोट मिले हैं। पुलिस के अनुसार छात्र परिवार के साथ कुलेसरा स्थित अक्षरधाम कॉलोनी में रह रहा था। वह ग्रेटर नोएडा के एक स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र था और साथ ही जेईई परीक्षा की तैयारी भी कर रहा था।

### बिहार की सरकारी नौकरियों में ट्रांसजेंडरों को मिलेगा आरक्षण

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार की सम्राट चौधरी सरकार ने बिहार में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए सरकारी नौकरियों में बड़ा फैसला लिया है। अब राज्य सरकार के अलग-अलग विभागों की भर्तियों में हर 500 पदों पर एक पद ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रहेगा। इन पदों की संख्या भर्ती विज्ञापन में अलग से दिखाई जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस फैसले को लागू करने के लिए सभी विभागों के सचिव, विभागाध्यक्ष, प्रमंडलीय आयुक्त, डीएम और भर्ती एजेंसियों बीपीएससी, बीएसएससी, बीपीएसएससी, बीटीएससी, बीसीईसीई और सीएसबीसी को निर्देश भेज दिया है।

**गयाजी में एकीकृत इस्पात परियोजना के लिए उद्योग विभाग एवं महाशक्ति ग्रुप के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर**

# इस्पात परियोजना के स्थापित होने से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के समक्ष गुरुवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में छह हजार करोड़ रूपये के प्रस्तावित बड़े एकीकृत इस्पात परियोजना की स्थापना हेतु उद्योग विभाग तथा महाशक्ति ग्रुप के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर कर उसका आदान-प्रदान किया गया। यह परियोजना गया जी जिले में स्थापित की जाएगी, जिसकी प्रस्तावित तैयार इस्पात उत्पादन क्षमता 1.0 से 1.5 मिलियन टन प्रति वर्ष होगी। इस निवेश के माध्यम से बिहार के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी तथा राज्य को देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार राज्य में उद्योगों के




अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। निवेशकों को बेहतर आधारभूत संरचना, पारदर्शी नीतियां तथा त्वरित प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे राज्य में बड़े निवेश आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस्पात परियोजना के स्थापित होने से स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। साथ ही इससे सहायक एवं लघु उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथरिटी, उद्योग विभाग एवं निवेशक संस्थानों के समन्वित प्रयासों से यह परियोजना निर्धारित समय सीमा में आगे बढ़ेगी और राज्य के औद्योगिक विकास के नए अध्याय की शुरूआत करेगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, उद्योग विभाग के निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता, अन्य पदाधिकारीगण एवं महाशक्ति ग्रुप के अनमोल लोढ़ा, विष्णु नाथ सहित महाशक्ति ग्रुप के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# झारखंड में 26 आजीवन सजायाफ्ता कैदियों की होगी रिहाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक आयोजित हुई। बैठक मंम राज्य की विभिन्न जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 79 कैदियों की रिहाई से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद 26 कैदियों की रिहाई पर सहमति बनी। बैठक में पर्षद द्वारा अनुशंसित 37 नए मामलों के साथ-साथ पूर्व में अस्वीकृत 42 मामलों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ प्रत्येक मामले में पात्रता, जेल में आचरण, कारावास की अवधि, कानूनी प्रावधान, न्यायालय की राय, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लिया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी प्रमंडलों में ओपन जेल स्थापित करने की दिशा में भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार न्याय व्यवस्था के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं और



सुधारात्मक दृष्टिकोण को भी समान महत्व दे रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि रिहा होने वाले कैदियों के पुनर्वास, सामाजिक पुनर्स्थापन और सम्मानजनक जीवन-यापन के लिए आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने मानसिक रूप से बीमार बंदियों का डाटाबेस तैयार करने और उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजीपी तदाशा मिश्रा, प्रधान सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव, कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं के महानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल, न्यायिक आयुक्त अनिल कुमार मिश्रा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# 50 हजार रुपये रिश्वत लेते महिला थाना प्रभारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई के तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) रांची की टीम ने खूंटी महिला थाना प्रभारी सुलेखा कुमारी सपना को कथित तौर पर 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार हुरलुंग (तारो सिलादोन) निवासी श्याम कुमार ने एसीबी से शिकायत की थी कि महिला थाना कांड संख्या 06/2025 से उनका नाम हटाने के एवज में थाना प्रभारी ने 4.50 लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन किया और जाल बिछाया। योजना के तहत परिवादी के माध्यम से 50 हजार रुपये रिश्वत की पहली किस्त थाना प्रभारी को दिलाई गई। जैसे ही उन्होंने कथित रूप से रकम स्वीकार की, पहले से मौके पर तैनात एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया और हिरासत में ले लिया।



इसके बाद उन्हें पूछताछ के लिए रांची ले जाया गया। यह पहली बार नहीं है जब खूंटी महिला थाना रिश्वतखोरी के मामले में चर्चा में आया है। इससे पहले वर्ष 2021 में तत्कालीन महिला थाना प्रभारी मीरा कुमारी भी एसीबी की कार्रवाई में गिरफ्तार होकर जेल गई थीं। एसीबी की इस कार्रवाई के बाद जिले में भ्रष्टाचार को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। लोगों का कहना है कि कानून-व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों की निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली से ही प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास मजबूत हो सकता है।

# कार्यपालक अभियंता के कई ठिकानों पर इओयू के छापे

**सासाराम से पटना तक छापेमारी, करोड़ों का फ्लैट, चांदी का मुकुट, ज्वेलरी-घड़ियां मिलीं**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/पटना।** रोहतास के जिला मुख्यालय सासाराम में तैनात लघु जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता के ठिकानों पर गुरुवार को आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) ने रेड की है। अरविंद कुमार चौधरी के सासाराम वाले घर, ऑफिस, बांका, पटना, मुजफ्फरपुर में छापेमारी चल रही है। पटना में रेड के दौरान करोड़ों का फ्लैट, सोने-चांदी के गहने, जमीनों के पेपर्स और महंगी घड़ियां मिली हैं। फ्लैट के इंटीरिटर पर इंजीनियर ने लाखों खर्च किए हैं। अरविंद कुमार चौधरी के छह ठिकानों पर रेड चल रही है। ये कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की गई है। इओयू के मुताबिक इंजीनियर पर अपनी आय से करीब 1.20 करोड़ रुपए अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। इंजीनियर के ठिकानों पर पटना और रोहतास समेत कई जगहों पर एक साथ रेड चल रही है। पटना के दानापुर स्थित



आदमपुर इलाके में वीनस पैराडाइज अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 405, चौथे टावर में टीम ने छापेमारी की है। इसके अलावा आशापुर दानापुर स्थित एक अन्य फ्लैट पर भी जांच की जा रही है। मुजफ्फरपुर के महमाया स्थान स्थित ससुराल और सासाराम स्थित सरकारी कार्यालय में भी टीम पहुंची हुई है। वहीं डिहरी ऑन-सोन स्थित सरकारी आवास और बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र अंतर्गत पैतृक गांव पीपरडीह में भी तलाशी अभियान चल रहा है। छापेमारी के दौरान इओयू की टीम इंजीनियर के ठिकानों से दस्तावेज, संपत्ति के कागजात और अन्य महत्वपूर्ण सबूतों की जांच की जा रही है। टीम यह पता लगाने में जुटी है कि अवैध संपत्ति किस तरह अर्जित की गई और इसमें किन-किन लोगों की भूमिका हो सकती है। अधिकारियों का कहना है कि तलाशी अभियान पूरा होने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

# बांकीपुर उपचुनाव में 34.39% मतदान

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बांकीपुर उपचुनाव में आयोग और दलों के अथक प्रयास के बाद भी मतदान का प्रतिशत अबतक का सबसे कम रिकॉर्ड किया गया। निर्वाचन आयोग के शाम साढ़े छह बजे तक के अपडेट के आधार पर पिछले वर्ष के आम चुनाव की तुलना में 7.23 प्रतिशत कम मतदान हुआ है। वर्ष 2025 में 41.39 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस बार शाम साढ़े छह बजे तक 34.39 प्रतिशत दर्ज किया गया है। भाजपा, राजद व जन सुराज तीनों दल कम मतदान को अपने-अपने पक्ष में बता रहे हैं। पिछले वर्ष कुल मतदान का 62.66 प्रतिशत वोट नितिन नवीन, 29.55 प्रतिशत राजद की प्रत्याशी रेखा गुप्ता को तथा 4.92 प्रतिशत जन सुराज की प्रत्याशी वंदना कुमारी को मिला था। चौथे स्थान पर 1460 मत के साथ नोटा था। जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा। किसी भी मतदान केंद्र से अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

# मंत्री दीपक प्रकाश मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बिहार सरकार से पूछा कि पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश किस संवैधानिक आधार पर छह महीने से अधिक समय तक विधायक या विधान परिषद सदस्य बने बिना मंत्री पद पर बने हुए हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य सरकार को इस मामले में स्पष्ट जवाब देना होगा। यह मामला अब अगले सप्ताह सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि छह महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद दीपक प्रकाश राज्य विधानसभा या विधान परिषद के सदस्य नहीं बने हैं, फिर भी मंत्री पद पर बने हुए हैं। इस पर अदालत ने कहा कि यह पूरी तरह संवैधानिक व्याख्या से जुड़ा मामला है और राज्य सरकार को इसका आधार स्पष्ट करना होगा। बिहार सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि मामला पहले से 27 अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाने या पहले सुनने का फैसला अदालत के विवेक पर छोड़ दिया गया। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि इस याचिका पर अगले सप्ताह मंगलवार को सुनवाई की जा सकती है। यह जनहित याचिका सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार सिंह ने दायर की है। याचिका में दीपक प्रकाश की दोबारा मंत्री नियुक्ति को संविधान के अनुच्छेद 164(4) के विरुद्ध बताया गया है। संविधान के अनुसार कोई गैर-विधायक अधिकतम छह महीने तक ही मंत्री रह सकता है और इस अवधि के भीतर उसे विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बनना अनिवार्य होता है। याचिका के अनुसार दीपक प्रकाश 20 नवंबर 2025 को पहली बार मंत्री बनाए गए थे जबकि वह किसी भी सदन के सदस्य नहीं थे। बाद में तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद मंत्रिपरिषद भंग हो गई। इसके बाद 7 मई को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बनी नई सरकार में दीपक प्रकाश को फिर से पंचायती राज मंत्री नियुक्त कर दिया गया जबकि तब भी वे किसी सदन के सदस्य नहीं थे। याचिकाकर्ता का तर्क है कि यह संविधान के प्रावधानों को दरकिनार कर छह महीने की सीमा बढ़ाने का प्रयास है।

# राज्यसभा के बाद लोकसभा से भी वंदे मातरम बिल पास

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** संसद ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के अपमान को दंडनीय अपराध बनाने वाला विधेयक पारित कर दिया है। गुरुवार को लोकसभा ने विपक्ष के विरोध और शोर-शराबे के बीच 'द प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टू नेशनल ऑनर बिल, 2026' को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। इससे एक दिन पहले यह विधेयक राज्यसभा से भी पारित हो चुका था। अब राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून बन जाएगा। यह संशोधन राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम, 1971 में बदलाव करता है। वर्तमान कानून के तहत संविधान, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का अपमान दंडनीय अपराध है। नए संशोधन के लागू होने के बाद राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' को भी इसी कानूनी संरक्षण के दायरे में शामिल किया जाएगा।

# नीतीश कुमार ने उमानाथ मंदिर में पूजा कर की सावन माह की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सावन माह की शुरुआत के पहले दिन बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार बाढ़ स्थित प्रसिद्ध बाबा उमानाथ मंदिर पहुंचे। गंगा के उत्तरवाहिनी तट पर स्थित और 'बिहार की काशी' के नाम से प्रसिद्ध इस मंदिर में उन्होंने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान बाढ़ के पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह उर्फ ज्ञानू समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और जदयू नेता मौजूद रहे। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद नीतीश कुमार ने परिसर में चल रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। करीब 20 मिनट तक उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों से जानकारी भी ली। मंदिर परिसर में उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय नेता, कार्यकर्ता और श्रद्धालु मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान एक दिलचस्प दृश्य देखने को मिला। जदयू नेता डॉ. कौशलेंद्र कुमार ने सम्मान स्वरूप नीतीश कुमार को अंगवस्त्र भेंट किया। इस पर नीतीश कुमार मुस्कुराते हुए वही अंगवस्त्र वापस डॉ. कौशलेंद्र कुमार को ओढ़ा दिया और हल्के-फुल्के अंदाज में उसे थोड़ा नीचे खींच दिया। इस दौरान मौजूद लोग उनकी सहज शैली देखकर मुस्कुरा उठे।

# बिहार में तैयार हो रही आपदा सेनानियों की फौज

- युवा आपदा मित्र के रूप में 7 महीने में ट्रेंड हुए 10 हजार से अधिक युवा
- राष्ट्रीय युवा आपदा मित्र योजना में युवाओं को दी जा रही आपदा प्रबंधन संबंधी सात दिवसीय ट्रेनिंग
- राज्य में आपदा के समय राहत और बचाव संबंधी करेंगे कार्य, बनेंगे समाज का सच्चा साथी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** किसी भी आपदा में लोगों को त्वरित सहायता प्रदान करने की मंशा से राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तेजी से कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत बिहार में अभी तक 19 हजार से भी अधिक युवा आपदा मित्र तैयार किए जा चुके हैं। इनमें अकेले जनवरी 2026 से जुलाई 2026 के बीच 10233 युवाओं को आपदा के समय राहत पहुंचाने और बचाव संबंधी प्रशिक्षित दिया गया है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने संगठित, प्रशिक्षित और समर्पित युवा स्वयंसेवी नेटवर्क तैयार करने की दिशा में एक अभियान शुरू किया है। इसके तहत राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, नेहरू युवा केंद्र संगठन एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्वयंसेवकों का चयन कर उन्हें सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण सिर्फ सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहकर अनुशासन, टीम भावना, त्वरित निर्णय क्षमता, नेतृत्व और समन्वय जैसे गुणों पर आधारित है। प्रशिक्षण का उद्देश्य है कि राज्य में ऐसे आत्मविश्वासी स्वयंसेवक तैयार किया जाय जो कठिन परिस्थितियों में भी संयम रखते हुए लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने और प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने में सक्षम हो। प्राधिकरण के वरीय सलाहकार अशोक कुमार शर्मा का कहना है कि बिहार जैसे आपदा-प्रवण राज्य में युवाओं का प्रशिक्षित नेटवर्क अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। बाढ़, वज्रपात, अग्निकांड और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान स्थानीय स्तर पर सबसे पहले सहायता पहुंचाने वाले यही युवा होंगे। उनकी भूमिका केवल आपदा आने के बाद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वे अपने क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने, सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देने और समुदाय को तैयार करने में भी योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि राज्य के किसी भी कोने में आपदा की स्थिति उत्पन्न होने पर यह युवा आपदा मित्र विभागों से समन्वय स्थापित कर त्वरित मदद पहुंचाने का कार्य करेंगे। साथ ही संकट की घड़ी में समाज का सच्चे साथी के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेंगे। योजना का सबसे बड़ा संदेश यह है कि आपदा प्रबंधन का कार्य केवल सरकारी एजेंसियों तक सीमित न रहकर प्रशिक्षित युवाओं के हाथों से भी हो।

# बाबाधाम जाने वाले श्रद्धालुओं को गोटिया धर्मशाला शिविर में मिलेगी मुफ्त रहने की सुविधा

## मंत्री श्रवण कुमार ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने बाबाधाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बांका के सुईया नामक स्थान पर दीनानाथ साह शिविर का उद्घाटन किया। गोटिया धर्मशाला नाम के इस शिविर में बाबाधाम जाने वाले सभी लोगों को मुफ्त रहने, आराम करने से लेकर सभी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। मोतिहारी के रहने वाले दीनानाथ साह ने अपने स्तर से इस धर्मशाला का निर्माण कराया है। इसका उद्घाटन करने में मंत्री श्रवण कुमार के साथ राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जयसवाल भी शामिल थे। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि सावन की शुरुआत हो गई है। लाखों की संख्या में लोग बैधनाथधाम बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए जाते हैं। इन सभी लोगों को रास्ते में बांका जिला में सुईया नामक स्थान पर इस धर्मशाला में उन्हें मुफ्त में विश्राम करने की सुविधा मिलेगी। यहां पीने का पानी समेत सभी जरूरी सुविधाएं श्रद्धालुओं को मिलेगी। इस सराहनीय पहल से यात्रियों को लंबी यात्रा के बीच में आरादायक वातावरण में विश्राम करने से लेकर शौचालय, पीने का पानी समेत अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर से भी श्रावणी मेला में तमाम सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। इस बार बाबाधाम जाने वाले किसी व्यक्ति को कोई असुविधा नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। सुरक्षा के भी तमाम इंतजाम किए गए हैं। इस बार मेला को नए स्तर से आयोजित किया जा रहा है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**हाजीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पूर्व मध्य रेल, पटना में चिकित्सा निदेशक डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मॉडल ब्लड बैंक, जयप्रभा अस्पताल, कंकडबाग, पटना के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संपूर्ण पर्यवेक्षण डॉ. संध्या किरण, एसीएचडी/प्रशासन द्वारा किया गया। शिविर में अस्पताल के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ सहित कुल 17 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर चिकित्सा निदेशक डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचा सकती है। उन्होंने सभी पात्र नागरिकों से नियमित एवं स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की तथा कहा कि ऐसे आयोजन समाज में मानवता, सेवा और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

# एचडीएफसी बैंक की सीएसआर पहल से 10.77 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर इनिशिएटिव के ज़रिए 10.77 करोड़ से ज़्यादा लोगों की ज़िंदगी पर असर डाला है। इन प्रोग्राम का अम्ब्रेला प्रोग्राम 'परिवर्तन' अब भारत के सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में फैला हुआ है। बैंक एनजीओ पार्टनर्स, लोकल एडमिनिस्ट्रेशन और कम्युनिटी इंस्टीट्यूशन के साथ पार्टनरशिप में काम करता है ताकि यह पक्का हो सके कि इंटरवेंशन लोकल लेवल पर रेलिवेंट, स्केलेबल और सस्टेनेबल लॉन्ग-टर्म असर देने में कैपेबल रहें। बैंक ने फाइनेंशियल ईयर 2025-26 में अपनी सीएसआर इनिशिएटिव पर 1,316.18 करोड़ रुपए खर्च करने की जानकारी दी। यह पिछले फाइनेंशियल ईयर के मुकाबले 248 करोड़ रुपए से ज़्यादा की बढ़ोतरी है, जिससे बैंक के अम्ब्रेला प्रोग्राम 'परिवर्तन' के तहत कुल सीएसआर इन्वेस्टमेंट, शुरू से अब तक लगभग 7,492 करोड़ रुपए हो गया है। बैंक के फ्लैगशिप होलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम ने देश भर के 11,000 से ज़्यादा गांवों तक अपनी पहुंच बढ़ा ली है। यह प्रोग्राम पानी की देखभाल, खेती, रोजी-रोटी, शिक्षा, हेल्थकेयर, सफाई और कम्युनिटी इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे इंटीग्रेटेड अप्रोच के ज़रिए, ग्रामीण इकोसिस्टम को मजबूत करते हुए जीवन की क्वालिटी में सुधार कर रहा है। बैंक ने साल के दौरान दूर-दराज और मुश्किल से पहुंचने वाले इलाकों में भी अपना काम बढ़ाया और बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम और भारत सरकार के वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत नेशनल प्रायोरिटी को ध्यान में रखते हुए, पिछले साल के 298 गांवों से बढ़कर 498 बॉर्डर गांवों तक अपनी कवरेज बढ़ाई। एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैज़ाद भरूचा ने कहा, परिवर्तन के ज़रिए हमारी सीएसआर पहल इस विश्वास से गाइड होती है कि स्थायी बदलाव गांव-गांव, परिवार-परिवार, उन समुदायों के साथ करीबी पार्टनरशिप में किया जाता है जिनकी हम सेवा करते हैं।

# श्रावणी मेला को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

## स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने दीं शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्रावणी मेला के पावन अवसर पर बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने देश-विदेश से बाबा भोलेनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए आने वाले सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं की सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए कहा कि राज्य सरकार श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार है। राज्य के सभी संबंधित जिलों में चिकित्सकों, नर्सिंगकर्मियों पैरामेडिकल स्टाफ, एम्बुलेंस एवं आवश्यक दवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विभाग द्वारा 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि श्रद्धालुओं को आवश्यकता पड़ने पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। श्रावणी मेला के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य के 16 जिलों–बांका, भागलपुर, मुंगेर, जमुई, मुजफ्फरपुर, सारण, वैशाली, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, जहानाबाद, लखीसराय, रोहतास, मधुबनी, मधेपुरा, समस्तीपुर एवं सिवान में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का संचालन किया जा रहा है। इन शिविरों में श्रद्धालुओं को 24 घंटे प्राथमिक परामर्श एवं उपचार, रक्तचाप एवं रक्त शर्करा की जांच, आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण, बेड सहित आपातकालीन चिकित्सा सुविधा तथा आवश्यकता पड़ने पर 102 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने मेला क्षेत्र में कार्यरत सभी खाद्य सामग्री विक्रेताओं एवं दुकानदारों से भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के निर्धारित मानकों के अनुरूप खाद्य सामग्री का उपयोग करने का निर्देश दिया है। विभाग ने निर्देश दिया है कि भोजन तैयार करने एवं परोसने से पहले साबुन से हाथ धोएँ, स्वच्छ पानी का उपयोग करें, भोजन को सदैव ढककर रखें, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें तथा गीले एवं सूखे कचरे का अलग-अलग निस्तारण करें। सुरक्षित एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य मंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या या आपात स्थिति में निकटतम स्वास्थ्य शिविर से संपर्क करें अथवा 104 स्वास्थ्य हेल्पलाइन पर जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सुविधा स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा पूरे मेला अवधि में विभाग सतत निगरानी रखते हुए हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएगा।

# नई तकनीको को जानने के लिए विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

## अगस्त में होगा शैक्षणिक परिभ्रमण : डॉ. आनन्द रंजन झा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जन्दाहा (वैशाली)।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के संस्थापक-सह- निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने जब कक्षा का निरीक्षण किया तथा छात्र-छात्राओं के साथ संवाद स्थापित कर उनकी पढ़ाई, कैरियर और तकनीकी शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, आधुनिक कम्प्यूटर तकनीकों तथा उद्योगों में उपयोग होने वाली नई डिजिटल तकनीकों के बारे में जानने की गहरी उत्सुकता व्यक्त की। विद्यार्थियों के उत्साह और जिज्ञासा को देखते हुए डॉ. झा ने घोषणा की कि अगस्त माह में इंटर उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए पटना का एक शैक्षणिक परिभ्रमण आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी संस्थानों एवं उद्योगों का अवलोकन कराया जाएगा, ताकि वे नई तकनीकों, रोजगार के अवसरों तथा कौशल आधारित शिक्षा को व्यवहारिक रूप से समझ सकें। इससे विद्यार्थियों को अपने कैरियर के प्रति नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि 'शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को वास्तविक तकनीकी वातावरण से भी परिचित कराना आवश्यक है। शैक्षणिक परिभ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों के ज्ञान, आत्मविश्वास और व्यावहारिक समझ का विस्तार करना है।'

विद्यार्थियों ने इस घोषणा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया तथा शैक्षणिक परिभ्रमण में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की।

# सभी महिला थानों में बनेगी एक एंटी ट्रैफिकिंग इकाई : डीजीपी

## विश्व एंटी ट्रैफिकिंग दिवस के मौके पर पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को डीजीपी विनय कुमार ने किया संबोधित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में साइबर क्राइम से भी ज्यादा खतरनाक और तेजी से बढ़ता अपराध मानव तस्करी है। मानव तस्करी के मामले साइबर अपराध से तीन गुणा अधिक दर्ज होते हैं। इसे रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की जरूर है। हर जिले में मौजूद महिला थानों में ही एक एंटी ट्रैफिकिंग इकाई की स्थापना करने की आवश्यकता है। हर जिले में मानव तस्करी के खिलाफ सेल विकसित किया जाए। ये बातें डीजीपी विनय कुमार ने पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में मानव तस्करी के खिलाफ विश्व दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का विषय 'ट्रैप्ड बिहाइंड द स्कैम' रखा गया था। पुलिस महकमा के अंतर्गत साआईडी के कमजोर वर्ग इकाई की तरफ से यह कार्यक्रम आयोजित की गई थी। डीजीपी ने कमजोर वर्ग इकाई को इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार कर भेजने के लिए कहा। इसके तहत सभी जिलों में मौजूद महिला थानों में कम से कम दो इकाई का गठन किया जाए, एक इकाई मानव तस्करी के खिलाफ काम करे और दूसरी इकाई महिला एवं बच्चों के खिलाफ अपराध से जुड़े मामले को देखें। दोनों इकाईयों की कमान इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी संभाले। जबकि, महिला थाने की कमान डीएसपी रैंक के अधिकारी के पास होनी चाहिए। उन्होंने मानव तस्करी को साइलेंट क्राइम की श्रेणी में रखते हुए कहा कि दूसरे अन्य अपराधों की तरह इस अपराध के जख्म और प्रभाव तुरंत दिखाई नहीं देते हैं, लेकिन यह लंबे समय तक पीड़ित परिवार के ऊपर अपना प्रभाव डालते हैं। बिहार देश में पहला राज्य है, जहां सभी जिलों में इस तरह के मामले देखने के लिए डीएसपी (स्पेशल क्राइम) का पद सृजित हैं और इन पर पदाधिकारी की तैनाती भी है। परंतु यह व्यवस्था नाकाफी है, क्योंकि मानव तस्करी अपराध के आयाम तेजी से बदल रहे हैं और इसके पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और विकराल होती जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई गायब बच्चा तीन महीने तक नहीं मिलता है, तो इन मामलों को एंटी ट्रैफिकिंग इकाई में ट्रांसफर कर दिया जाए। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन करते हुए एडीजी (कमजोर वर्ग) कासे एस अनुपम ने कहा कि राज्य के 1200 थानों को वात्सल्य पोर्टल से जोड़ दिया गया है। सभी थानों को गुमशुदा बच्चों की पूरी जानकारी प्राथमिकता के आधार पर तुरंत इस पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। इससे बच्चों को खोजने में आसानी होगी। इस कार्यक्रम के दौरान एडीजी (सीआईडी) पारसनाथ, डीआईजी (कमजोर वर्ग) आमिर जावेद समेत अन्य मौजूद थे।

**श्रेष्ठ कार्य करे वालों को मिला सम्मान**

इस दौरान डीजीपी ने ऑपरेशन नया सवेरा 3.0 और ट्रैफिकिंग के चंगुल से नाबालिगों समेत अन्य को मुक्त कराने में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों के कप्तानों को सम्मानित भी किया गया। संबंधित जिलों के एसपी के प्रतिनिधि के तौर पर वहां के डीएसपी (स्पेशल क्राइम) ने पुरस्कार ग्रहण किए। पटना जिला पहले स्थान पर रहा, यहां 56 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। दूसरे स्थान पर सहरसा रहा। नाबालिग और महिलाओं की बरामदगी में किशनगंज पहला और सीतामढ़ी दूसरे स्थान पर रहा। वहीं, बगहा के जज मानवेंद्र कुमार मिश्रा के अलावा एसडीपीओ कुमार दयेंद्र और एपीपी जितेंद्र कुमार भारती को विशेषतौर से सम्मानित किया गया।

# बांकीपुर में रिकॉर्ड जीत दर्ज करेगी भाजपा, जनता ने विकास पर लगायी मुहर

## मतदान के रुझानों से उत्साहित भाजपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव का मतदान संपन्न होने के बाद बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा की रिकॉर्ड मतों से जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान मिले रुझानों, स्थानीय लोगों की प्रतिक्रियाओं और पार्टी कार्यकर्ताओं से प्राप्त फीडबैक से स्पष्ट है कि बांकीपुर की जनता ने एक बार फिर विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व के पक्ष में मतदान किया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बांकीपुर हमेशा से विकास और राष्ट्रहित की राजनीति का समर्थन करने वाली विधानसभा रही है। इस बार भी मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और बिहार की एनडीए सरकार के विकास कार्यों पर अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान लोगों में भाजपा के प्रति व्यापक उत्साह देखने को मिला और मतदाताओं ने विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को पूरी तरह खारिज कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव अभियान में जुटे सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और एनडीए के सहयोगी दलों के नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ घर-घर पहुंचकर जनता के बीच पार्टी की उपलब्धियों और विकास के संकल्प को पहुंचाया। यही मेहनत भाजपा की ऐतिहासिक जीत का आधार बनेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि मतगणना के दिन भाजपा उम्मीदवार रिकॉर्ड मतों से विजयी होंगे और बांकीपुर की जनता एक बार फिर कमल खिलाकर विकास की राजनीति को मजबूत करेगी। सरावगी ने कहा कि भाजपा जनता के विश्वास और अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पहले की तरह पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करती रहेगी तथा बांकीपुर के समग्र विकास के लिए हर संभव प्रयास जारी रखेगी।

## जनता ने विकास के पक्ष में दिया संकेत : मंगल पांडेय

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता मंगल पांडेय ने कहा कि बांकीपुर जनता ने एक बार फिर विकास और सुशासन की राजनीति पर अपना विश्वास जताया है। मतदान के दौरान जिस तरह का शांतिपूर्ण वातावरण देखने को मिला, वह लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। इसके लिए जिला प्रशासन, पुलिस अधिकारियों और चुनाव ड्यूटी में लगे सभी कर्मियों को बधाई। श्री पांडेय ने कहा कि बांकीपुर लंबे समय से एनडीए का मजबूत गढ़ रहा है। उपचुनाव में भी मतदाताओं का रुझान यह संकेत दे रहा है कि जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संतुष्ट है। उन्होंने दावा किया कि जनता ने जाति और भ्रम की राजनीति को नकारते हुए विकास, स्थिरता और सुशासन को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि बांकीपुर के मतदाताओं ने अपने मतदान के माध्यम से एक सकारात्मक संदेश दिया है। शांतिपूर्ण मतदान और व्यापक जनभागीदारी ने यह साबित कर दिया कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति लोगों का विश्वास पहले से अधिक मजबूत हुआ है। उपचुनाव में एनडीए की जीत तय है।

# मंत्री श्रवण कुमार ने किया आधुनिक मल्टीप्लेक्स, कॉनप्लेक्स सिनेमाज का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत की तेजी से विस्तार कर रही मल्टीप्लेक्स श्रृंखला कॉनप्लेक्स सिनेमाज ने खगौल, पटना में अपने नए स्मार्ट-फॉर्मेट मल्टीप्लेक्स का शुभारंभ किया, जिसका भव्य उद्घाटन आज बिहार सरकार में ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने पारंपरिक रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, कॉनप्लेक्स सिनेमाज के प्रबंध निदेशक चंदन कुमार एवं रोहित कुमार सपन सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने इस पहल को खगौल और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए आधुनिक मनोरंजन सुविधाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं अपने संबोधन में श्रवण कुमार ने कहा कि यह शुरुआत बिहार के विकास में सहचर की भूमिका निभाएगा. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह मल्टीप्लेक्स खगौल और आसपास के लोगों के लिए विश्वस्तरीय मनोरंजन का केंद्र बनेगा तथा शहर के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे पहले कॉनप्लेक्स सिनेमाज के प्रबंध निदेशक चंदन कुमार एवं रोहित कुमार सपन ने बताया कि खगौल में कॉनप्लेक्स सिनेमाज के शुभारंभ के साथ ही यह बिहार में कंपनी का 13वां और पटना का छठा सिनेमा बन गया है।

# शिक्षकों के समायोजन में व्यावहारिक समस्याओं को दूर करे विभाग :

## छह महीने पहले ट्रांसफर के जरिए स्कूलों में आये शिक्षक भी सरप्लस लिस्ट में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू होते ही हंगामा प्रारंभ हो गया है। बुधवार से ही ई शिक्षाकोष पोर्टल के जरिये शिक्षकों का आवदेन शुरू हो गया है। पहले चरण में सरप्लस शिक्षकों को आवेदन करना है।। बिहार युवा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपांकर गौरव ने बताया कि एक ओर जहाँ वर्षो से जमे शिक्षकों का भी सरप्लस की लिस्ट में नाम है वहीं छह महीने पहले ट्रांसफर लेकर नए विद्यालय में आये शिक्षक भी सरप्लस के लिस्ट में शामिल हैं। हजारों ऐसे शिक्षक हैं जो अपने विषय में एकमात्र शिक्षक होने के बाबजूद सरप्लस शिक्षक के लिस्ट में शामिल हैं। शिक्षक अब परेशान है। जो शिक्षक ट्रांसफर नही चाह रहें उनका भी ट्रांसफर किया जा रहा है। सबसे ज्यादा परेशान मॉडल स्कूलों के शिक्षक हैं जिन्हें इस ट्रांसफर प्रक्रिया से दूर रखा गया है। शिक्षकों का नही हो रहा एच्छिक ट्रांसफर संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपांकर ने शिक्षा विभाग पर सरप्लस के नाम पर शिक्षकों को जबरिया ट्रांसफर करने का आरोप लगाया। उन्होंने मांग की की ट्रांसफर प्रक्रिया की विसंगतियों को शिक्षा विभाग अबिलम्ब दूर करें।

# मोकामा स्टेशन पर 279 बेटिकट यात्री धराए

## 254750 रुपए का वसूला गया जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 30.07.2026 (गुरुवार) को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर के निर्देशनुसार दानापुर मंडल के पटना-किऊल रेलखंड के मोकामा स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन (लाल गाडी) के साथ एक सघन टिकट जाँच अभियान चलाया गया। इस दौरान इस स्टेशन से गुजरने वाली लगभग सभी ट्रेनों को प्रमुखता से चेक किया गया। इस विशेष लाल गाड़ी टिकट चेकिंग अभियान में 279 बिना टिकट/अनियमित टिकट वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में 254750/- रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया । इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के परिणामस्वरूप पटना-किऊल रेलखंड के सभी स्टेशनो के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की बढी हुई भीड़ देखी गई और यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए हैं ।

# डीएम ने गुप्ताधाम में श्रावणी मेले का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गुप्ताधाम में एक माह तक चलने वाले श्रावणी मेले का शुभारंभ गुरुवार को जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (वन) तथा अन्य अधिकारियों के साथ मंदिर परिसर और गुफा क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष श्रावणी मेले में जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई नई व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्य प्रवेश द्वार से अतिक्रमण हटाकर परिसर का सौंदर्यीकरण किया गया है। सभी दुकानदारों को निर्धारित स्थान पर दुकान लगाने के निर्देश

## श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएं



दिए गए हैं। गुफा के भीतर फर्श पर मौजूद नुकीले पत्थरों को रबर मैट से ढक दिया गया है, जबकि रास्ते में मौजूद बड़े पत्थरों और अवरोधों को जेसीबी मशीन से हटाकर मार्ग को सुरक्षित एवं सुगम बनाया गया है। गुफा के भीतर पर्याप्त प्रकाश और ऑक्सीजन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए गुप्ताधाम मार्ग पर चारपहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। फिलहाल केवल दोपहिया वाहनों को प्रवेश की अनुमति दी गई है। वन क्षेत्र में बिना हेलमेट और वैध ड्राइविंग लाइसेंस के किसी भी बाइक चालक को प्रवेश नहीं मिलेगा। सभी वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करना अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रावणी मेले में लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसे देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम, एंबुलेंस और कंट्रोल रूम की व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने बताया कि वन क्षेत्र में शांति एवं पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर अनावश्यक हॉर्न बजाने और प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस प्रशासन और वन विभाग को संयुक्त रूप से पूरे मार्ग पर सतत निगरानी रखने तथा श्रद्धालुओं को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मेले के दौरान जारी दिशा-निर्देशों का पालन कर प्रशासन का सहयोग करें।

# अलग-अलग मामलों में नौ लोगों पर कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** जिले के अकोढ़ीगोला थाना अंतर्गत अलग-अलग मामलों में कुल नौ लोगों को संदिग्ध स्थिति और घरेलू विवाद में शांति भंग की आशंका पर हिरासत में लेकर अनुमंडल दंडाधिकारी महोदय डिहरी के पास भेजा गया। अकोढीगोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि पहले मामले में थाना क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में घूम रहे आकाश कुमार पिता राजकुमार ग्राम मथुरापुर थाना डालमिया नगर, सोल्जर कुमार पिता पटवा खरवार, ज्वाला खरवार पिता काशी खरवार, देव खरवार पिता सावधान खरवार, अंदाज खरवार पिता ज्वाला खरवार चारों ग्राम बारुण थाना बरुण जिला औरंगाबाद, सनयोग कुमार पिता इकबाल खरवार ग्राम चिलबिली थाना कुदरा जिला भभुआ एवं शहरी कुमार पिता सुरेंद्र गुलेरी ग्राम बिदौली थाना लालगंज जिला वैशाली को पकड़ा गया। वहीं दूसरे मामले में ग्राम शंकरपुर में घरेलू विवाद बढ़ता देख मनीष कुमार एवं दीपू कुमार दोनों पिता वीरेंद्र सिंह ग्राम शंकरपुर थाना अकोढीगोला जिला रोहतास को भी 126/170 की कार्रवाई हेतु एसडीएम डिहरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# मॉडल विद्यालय का गेट असमय बंद होने से शिक्षा के उद्देश्यों पर प्रश्न चिह्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू को सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल विद्यालय का दर्जा मिलने पर पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण था। वर्षों से यह विद्यालय अनुशासन, शैक्षणिक उपलब्धियों, नवाचारों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी अलग पहचान बनाता आया है। मॉडल विद्यालय के रूप में चयनित होने के बाद क्षेत्रवासियों की अपेक्षाएँ और भी बढ़ गई हैं कि यह विद्यालय पूरे जिले के लिए एक आदर्श उदाहरण बनेगा। विभाग के निर्देशानुसार विद्यालय का प्रभार उमा शंकर पाल को दिया गया था। उनके चिकित्सा अवकाश पर चले जाने के उपरांत उनकी अनुपस्थिति में विद्यालय संचालन




का अस्थायी प्रभार संतोष कुमार को सौंपा गया। आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि उन्हें वित्तीय प्रभार प्रदान नहीं किया गया है। इसी बीच 25, 26 एवं 27 जुलाई 2026 से संबंधित कुछ वीडियो एवं तस्वीरें सामने आई हैं। इन वीडियो में प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि विद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार बंद है तथा कुछ विद्यार्थी और कुछ शिक्षक-शिक्षिकाएँ विद्यालय के बाहर खड़े दिखाई दे रहे हैं। यदि यह स्थिति वास्तविक है, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाना आवश्यक है कि किन परिस्थितियों में कुछ लोगों को प्रवेश मिला, जबकि अन्य विद्यार्थी एवं शिक्षक बाहर रह गए। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि यदि ग्रामीण एवं दूर-दराज़ क्षेत्रों से आने वाले बच्चे कुछ मिनट की देरी के कारण चेतना सत्र से वंचित हो रहे हैं, तो क्या यह मॉडल विद्यालय की मूल भावना के अनुरूप है? चेतना सत्र विद्यार्थियों में अनुशासन, संस्कार, राष्ट्रभावना, नैतिक मूल्यों एवं सकारात्मक सोच का प्रथम पाठ होता है। यदि बच्चे इसी प्रथम पाठ से वंचित रह जाएँ, तो यह शिक्षा के उद्देश्य पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।

## एक नजर

### अतिक्रमण हटाओ अभियान में सड़कें कराई गई अतिक्रमण मुक्त

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** नगर परिषद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाने और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में तेंदूनी चौक से नासरीगंज रोड स्थित रेलवे गेट तक विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान सड़क किनारे, नालों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। नगर परिषद ने अभियान के लिए जेसीबी, ट्रैक्टर, सफाई कर्मियों और पर्याप्त मानवबल की व्यवस्था की थी, जबकि स्थानीय पुलिस ने विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया। अनुमंडल पदाधिकारी ने अतिक्रमणकारियों को भविष्य में सार्वजनिक भूमि पर कब्जा नहीं करने की चेतावनी देते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। प्रशासन ने नागरिकों से भी सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण नहीं करने और नगर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

### भूमि विवाद का एसडीओ ने किया निरीक्षण

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के नुआंव गांव में भूमि विवाद को लेकर बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी की संयुक्त टीम ने विवादित स्थल का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद स्पष्ट किया कि विवाद का समाधान केवल कानूनी प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। प्रशासन ने अंतिम निर्णय तक विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है। किसी भी पक्ष द्वारा निर्माण, अतिक्रमण या भूमि की स्थिति बदलने का प्रयास करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ ने कहा कि राजस्व अभिलेखों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने लोगों से अफवाहों से बचने तथा शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

### भूमिहीन परिवारों को मिले बासगीत पर्चे



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** दावथ प्रखंड में गुरुवार को अभियान बसेरा 2.0 के तहत आयोजित कार्यक्रम में दिनारा विधायक आलोक सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी ने 25 भूमिहीन परिवारों के बीच भूमि पर्चों का वितरण किया। विधायक आलोक सिंह ने कहा कि राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि भूमिहीन परिवारों की पहचान कर चरणबद्ध तरीके से उन्हें सरकारी भूमि उपलब्ध कराई जा रही है। भूमि पर्चा मिलने से लाभार्थियों के लिए स्थायी आवास निर्माण का रास्ता प्रशस्त होगा। इस अवसर पर लाभुकों ने सरकार और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### श्रावणी मेले की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** आगामी श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी ने कस्तर महादेव मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। संबंधित विभागों को सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए गए। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि श्रावणी मेले में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने दंडाधिकारियों और पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती, भीड़ प्रबंधन तथा आपदा से निपटने की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से मेले के दौरान जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

# 696 बेटिकट यात्री पकड़े गए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** डीडीयू रेल मंडल ने बुधवार को डीडीयू जंक्शन, सासाराम, डिहरी ऑन सोन और गया जंक्शन पर विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना टिकट और अनियमित रूप से यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। रेल प्रशासन के अनुसार, संबंधित स्टेशनों के प्लेटफॉर्म, पैदल उपरिगामी पुल, प्रवेश एवं निकास द्वारों के साथ-साथ विभिन्न ट्रेनों में भी सघन टिकट जांच की गई। अभियान टिकट जांच स्टाफ और रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) की संयुक्त टीमों ने चलाया। जांच के दौरान कुल 696 यात्री बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करते पाए गए। इनसे जुर्माने के रूप में कुल 5.36 लाख रुपये (5,36,760) का राजस्व वसूला गया। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें। टिकट काउंटर, रेलवन मोबाइल एप, स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) और अन्य अधिकृत माध्यमों से आसानी से टिकट प्राप्त किया जा सकता है। रेलवे ने स्पष्ट किया कि बिना टिकट यात्रा करना रेलवे अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है।

# डीएम ने की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की समीक्षा, सोलर मेले के आयोजन के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम (रोहतास)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों, बैंक प्रतिनिधियों तथा अभियंताओं ने भाग लिया। बैठक में जिलाधिकारी ने योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन, पात्र उपभोक्ताओं तक योजना का लाभ पहुंचाने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिक बिजली खपत वाले उपभोक्ताओं को विशेष रूप से रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं के बिजली बिल में कमी लाने के साथ-साथ स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता के सोलर संयंत्र पर 30 हजार रुपये, 2 किलोवाट पर 60 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के संयंत्र पर 78 हजार रुपये तक की सरकारी सब्सिडी दी जाती है।

बैठक में बताया गया कि सामान्य परिस्थितियों में 1 किलोवाट क्षमता का सोलर संयंत्र प्रतिमाह लगभग 120 यूनिट, 2 किलोवाट का 240 यूनिट, 3 किलोवाट का 360 यूनिट, 4 किलोवाट का 480 यूनिट तथा 5 किलोवाट क्षमता का संयंत्र करीब 600 यूनिट बिजली का उत्पादन कर सकता है। सोलर संयंत्र की स्थापना के लिए उपभोक्ताओं को बैंकों के माध्यम से रियायती ब्याज दर पर ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसका भुगतान 4 से 5 वर्षों में किया जा सकता है। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को सोलर संयंत्रों की स्थापना में तेजी लाने के लिए सोलर मेले आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में 1 अगस्त (शनिवार) को विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यालय, डेहरी परिसर में सोलर मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में उपभोक्ताओं को सोलर संयंत्र की स्थापना, लागत, सरकारी सब्सिडी, बैंक ऋण, नेट मीटरिंग और अन्य तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। इच्छुक उपभोक्ता मौके पर ही आवेदन की प्रक्रिया भी पूरी कर सकेंगे। जिला प्रशासन और विद्युत विभाग ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सोलर मेले में भाग लेकर प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने तथा स्वच्छ एवं आत्मनिर्भर ऊर्जा अभियान से जुड़ने की अपील की।

# गुरु पूर्णिमा पर हनुमान मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी-ऑन-सोन (रोहतास)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। एकता चौक सब्जी बाजार स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित गुरु पूर्णिमा पूजन समारोह में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शिष्यों ने अपने गुरु का पूजन कर चरण स्पर्श करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया और गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 5:30 बजे शयन आरती एवं श्रृंगार पूजन से हुई। इसके बाद गुरु वेदव्यास पूजन, आदिशक्ति एवं देव पूजन, मंगल कलश यात्रा, भजन-कीर्तन, नैवेद्य अर्पण, गुरु वाणी, संकीर्तन तथा वैदिक परंपरा के अनुसार अरणी मंथन से अग्नि प्रज्वलन किया गया। इसके उपरांत वैदिक हवन, आरती, गुरु वंदना, क्षमा प्रार्थना, कुंवारी एवं बटुक पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। श्रद्धालुओं ने गुरु विनय कुमार मिश्रा उर्फ विनय बाबा का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। सामूहिक हवन एवं आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन के अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। इस अवसर पर आचार्य विनय बाबा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु और शिष्य के अटूट विश्वास, समर्पण और आध्यात्मिक संबंध का पर्व है। गुरु ही मनुष्य को अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाकर जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर लक्ष्मी नारायण मंदिर, रतु बीघा, काली स्थान मंदिर सहित शहर के विभिन्न मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। दिनभर मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जिसमें महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में शशी भगत, आलोक सिंह, बिट्टू सोनी, मुन्ना कुमार, मुकेश पांडे, सुरेंद्र तिवारी, अरुण कुमार, प्रेमलता, सोनी देवी, रिंकी देवी, आचार्य अनिल मिश्रा, हेमंत उपाध्याय, दीपू त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गुरु भक्त उपस्थित रहे।

## मेहतर सेवा संघ बिहार के स्थापना दिवस की तैयारी तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी-ऑन-सोन।** मेहतर सेवा संघ बिहार के चौथे स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर डेहरी-ऑन-सोन के मकराइन में आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहन राम ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी संघ का स्थापना दिवस समारोह उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि जदयू के वरिष्ठ नेता एवं राज्य महादलित आयोग के पूर्व सदस्य तूफानी राम होंगे। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार के लिए कई नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। सेवानिवृत्त केंद्रीय विद्यालय शिक्षक अखिलेश्वर प्रसाद को प्रदेश संयोजक, मंजू देवी को प्रदेश उपाध्यक्ष, विनोद राउत को गया जिला अध्यक्ष, छबि नाथ राम (बड्डी) को रोहतास जिला उपाध्यक्ष, अजय कुमार (मौनिया बिगहा, डालमियानगर) को रोहतास जिला महासचिव, कबिता देवी को डेहरी नगर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष, संजना कुमारी को नगर कोषाध्यक्ष तथा अमर दीप राउत को नगर उपाध्यक्ष मनोनीत कर नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

## शपथ-पत्र

मैं सलोनी देवी उर्फ सलोनी कुमारी उर्फ आरती देवी पति-वकील साह ग्राम-रमनडिहरा, पो०-मानी, थाना-बिक्रमगंज, जिला-रोहतास, बिहार शपथ पूर्वक बयान करती हूँ कि मैं उपर्युक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। सलोनी देवी तथा सलोनी कुमारी एवं आरती देवी तीनों नाम मेरी है तथा तीनों नाम से मुझे ही जाना पहचाना एवं पुकारा जाता है। भारतीय जीवन बीमा निगम के पॉलिसी नं०- 517222842 में मेरा नाम सलोनी देवी दर्ज है तथा मैट्रीक के प्रमाण पत्र में मेरा नाम सलोनी कुमारी दर्ज है एवं भारत सरकार द्वारा निर्गत आधार कार्ड नं0-6715 9177 6204 तथा बैंक खाता में मेरा नाम आरती देवी दर्ज है। सलोनी देवी तथा सलोनी कुमारी एवं आरती देवी तीनों एक ही महिला का नाम है। मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 9395
दिनांक 11.05.26

**शपथ कर्ता**
**सलोनी देवी उर्फ**
**सलोनी कुमारी उर्फ**
**आरती देवी**

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, DALTONGANJ

VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER

Tender Ref. No.-09/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2026-27 Date:- 28.07.2026

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time for Sale of BOQ :- 11.08.2026 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 13.08.2026 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 13.08.2026 From 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle - No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. **Details of Work :-**

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supply and Installation of Lift for Judicial Officers in the Civil Court Building, Palamu, Daltonganj | Rs. 24,22,700.00 | Rs. 50,000.00 | Rs. 5000.00 | 04 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र कय हेतू निम्नांकित शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा–

- परिमाण विपत्र कय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST मं निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हा) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम स भुगतेय होगा, जो निविदा सूचनापरांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है ता इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रदद या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तो के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पटट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि मं कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य हागा।

नोटः– Lift के अधिष्ठापन हतु Experience Certificate/Authorized Supplier के साथ MOU बंद लिफाफ मं निविदा जमा करत समय संलग्न करना आवश्यक हागा।

PR 386252 (Building) 26-27 (D)

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

# बाढ़/आपदा के कारण पशु मृत्यु होने पर सहाय्य अनुदान







प्राकृतिक आपदा एवं राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित स्थानीय आपदाओं में पशुपालकों के पशुओं की मृत्यु की स्थिति में सरकार द्वारा सहाय्य अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। सहाय्य अनुदान के दावा एवं भुगतान की प्रक्रिया तथा दर निम्नवत है :

## आवेदन एवं भुगतान की प्रक्रिया

1 **पशु मृत्यु के पश्चात् अगर शव प्राप्त हो :**

(क) पशुपालक निकटतम पशु चिकित्सा पदाधिकारी को सूचना दें तथा विहित प्रपत्र (प्रपत्र–क) में आवेदन दें।

(ख) आवेदन मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद् सदस्य/सरपंच/पंच/वार्ड सदस्य द्वारा अग्रसारित होना चाहिये (प्रपत्र–क)। पशु चिकित्सा पदाधिकारी आवेदन अंचलाधिकारी को प्रेषित करेंगे।

(ग) अंचलाधिकारी प्रतिवेदन के अनुसार स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

2. **पशु शव प्राप्ति नहीं होने की स्थिति में :**

(क) पशुपालक स्थानीय थाना में पशु क्षति के संबंध में सनहा/प्राथमिकी दर्ज कराऐं।

(ख) पशुपालक सनहा/प्राथमिकी की प्रति संलग्न कर आवेदन अंचलाधिकारी को देंगे। अंचलाधिकारी राजस्व कर्मचारी/अन्य कर्मी से वास्तविक रूप से पशु क्षति संबंधी जाँचोंपरान्त स्वीकृति हेतु अग्रेतर कार्रवाई करेंगे (प्रपत्र–ग)।

(ग) अंचलाधिकारी पशु क्षति संबंधी सूचना को ससमय जिला पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे (प्रपत्र–ख/प्रपत्र–ग)। जिला पदाधिकारी द्वारा आवश्यक जाँचोपरान्त अभिलेख स्वीकृत कराकर घटना के एक सप्ताह के अन्दर सहाय्य अनुदान का भुगतान किया जायेगा।

3. **अन्य आपदाओं यथा सुखाड़/वज्रपात/अग्निकाण्ड आदि की स्थिति में यथासंभव अन्त्य परीक्षण कराना आवश्यक होगा। बड़ी संख्या में एक ही स्थान में एक ही तरह की परिस्थिति में पशुओं की मृत्यु होने पर रैण्डम रूप से यथासंभव पाँच से दस प्रतिशत पशुओं/मुर्गियों का अन्त्य परीक्षण करते हुए मृत्यु का कारण निर्धारित किया जाएगा।**

टिप्पणी :

1. विहित प्रपत्र–क, ख एवं ग तथा विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया विभागीय वेबसाईट (https://state.bihar.gov.in/ahd), जिला पशुपालन कार्यालय एवं भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी/प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध है।
2. आवेदन में वांछित विवरण यथा नाम, पता, मोबाईल नं., आधार नं., मृत पशु से संबंधित विवरण, मृत्यु का कारण तथा बैंक खाता का ब्योरा इत्यादि अंकित रहना आवश्यक है।

### बाढ़/आपदा के कारण पशु मृत्यु होने पर सहाय्य अनुदान की दर

| क्रं. | पशु का प्रकार | राशि प्रति इकाई | अधिकतम अनुमान्य (प्रति परिवार) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **दुग्धकारी पशु** क) गाय/भैंस/ऊँट/याक/मिथुन आदि | 37,500/– | 3 पशु तक सीमित | 1. आर्थिक रूप से उत्पादक पशुओं की वास्तविक क्षति के अनुसार सीमित होगी। 2. किसी अन्य सरकारी योजना से प्राप्त होने वाली सहायता (यथा एवियन इन्फ्लूएन्जा से पक्षियों की मृत्यु या अन्य बीमारियों से मृत्यु) की स्थिति में यह सहाय्य अनुदान देय नहीं होगा। |
| | ख) बकरी/भेंड़/सुकर | 4,000/– | 30 पशु तक सीमित | |
| 2 | **भारवाही पशु** क) बैल/ऊँट/घोड़ा आदि | 32,000/– | 3 पशु तक सीमित | |
| | ख) बछड़ा/खच्चड़/गदहा/टट्टु | 20,000/– | 6 पशु तक सीमित | |
| 3 | **पॉल्ट्री** | 100/– | अधिकतम सीमा 5000/– रूपये | |
| 4 | **घर के साथ संलग्न पशु शेड अग्निकांड हेतु** | 3,000/– | प्रति पशु शेड | |

विशेष जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना
स्थित आपदा कोषांग (दूरभाष संख्या 0612–2230942) या
पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612–2226049)
से प्राप्त की जा सकती है।

@BiharDFARD

PR No.- 009070 (Animal)D. 2026-27

# सुदूरवर्ती सवैयाटांड़ पंचायत पहुंचे नवादा डीएम

## ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड मुख्यालय से करीब 80 किमी दूर स्थित सवैयाटांड़ पंचायत का नवादा डीएम रवि प्रकाश ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। उनके साथ एडीएम अनिल कुमार तिवारी, एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन, एसडीपीओ गुलशन कुमार, बीडीओ संजीव झा समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। डीएम ने सपही गांव स्थित पंचायत सरकार भवन में ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी रोजमर्रा की दिक्कतों को जाना।

**ग्रामीणों ने बताई 80 किमी की मजबूरी**

ग्रामीणों ने डीएम के सामने अपनी सबसे बड़ी समस्या रखी जिसमें उन्होंने कहा कि प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए झारखंड के कोडरमा होकर 80 किमी का चक्कर लगाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि चटकरी-बुढ़ियासाख-धमनी मार्ग कई जगहों से टूटा हुआ है। बाइक से भी आवागमन मुश्किल है और बरसात में वन क्षेत्र वाला रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है। पेयजल, सड़क, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी के साथ ग्रामीणों ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां खेती नहीं हो पाती। जीविकोपार्जन के लिए अधिकांश लोग अभ्रक चुनने पर निर्भर हैं। इसी दौरान वन विभाग की कार्रवाई में कई ग्रामीणों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा जाता है।

ग्रामीणों की बातें सुनने के बाद डीएम ने आश्वासन दिया कि सिल्क पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन समेत कई वैकल्पिक योजनाएं पंचायत में चलाई जाएंगी। इससे लोगों की अभ्रक पर निर्भरता कम होगी और गांव के बच्चे-युवा शिक्षित होकर बेहतर भविष्य बना सकेंगे। निरीक्षण के दौरान डीएम का काफिला चटकरी स्थित शारदा माइंस भी पहुंचा। यहां दर्जनों महिलाएं अभ्रक चुन रही थीं। अधिकारियों को देखकर महिलाएं और बच्चे छिप गए। डीएम ने मौके का जायजा लेकर संबंधित विभाग को रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। इसके बाद डीएम चटकरी-बुढ़ियासाख-धमनी मार्ग का अवलोकन कर जिला मुख्यालय लौट गए। पंचायत मुखिया नारायण सिंह ने बताया कि उन्होंने ही पंचायत के उत्थान के लिए डीएम से गुहार लगाई थी। डीएम के आने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। मौके पर उप प्रमुख विनोद राजवंशी, वार्ड सदस्य सुमा देवी, पंचायत सचिव दीपू कुमार गुप्ता,अमीन मनीष कुमार और ग्रामीण भोला तुरिया,ब्रह्मदेव सिंह,पिंटू साव,जयप्रकाश गुप्ता समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# कौआकोल अंचल कार्यालय में छह नए राजस्व कर्मचारियों ने किया योगदान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** अंचल कार्यालय में गुरुवार को छह नवपदस्थापित राजस्व कर्मचारियों ने योगदान दिया। योगदान के बाद अंचलाधिकारी (सीओ) चंदन चौधरी ने सभी राजस्व कर्मचारियों के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीओ ने कहा कि सभी राजस्व कर्मचारियों के बीच शीघ्र ही हल्का का आवंटन किया जाएगा,ताकि अंचल क्षेत्र में भूमि एवं राजस्व से संबंधित कार्यों का तेजी से निष्पादन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि आम लोगों के लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करें तथा दाखिल-खारिज, परिमार्जन, जमाबंदी और अन्य राजस्व मामलों में अनावश्यक विलंब न होने दें। सीओ चंदन चौधरी ने कहा कि आम नागरिकों को समय पर बेहतर सेवा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी राजस्व कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान करने तथा सरकारी निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का भी निर्देश दिया। मौके पर राजस्व कर्मचारी अजित कुमार, रुदन कुमार सिंह, शिवशंकर कुमार, कुमार बिक्की, अजय कुमार,अनुज कुमार, कार्यपालक सहायक पिंटू कुमार, लिपिक नीतीश कुमार आदि मौजूद थे।

## दिव्यांग फरियादी की शिकायत सुनने कार्यालय से बाहर आए सीओ, त्वरित कार्रवाई का दिया भरोसा

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल कार्यालय कौआकोल में गुरुवार को मानवीय संवेदनशीलता का उदाहरण देखने को मिला। जहाँ प्रखण्ड मुख्यालय से सबसे दूर बसे महुडर पंचायत के महुलियाटांड़ गांव निवासी दिव्यांग रोहन दास जमीन संबंधी शिकायत लेकर अंचल कार्यालय पहुंचे थे।जानकारी मिलते ही अंचलाधिकारी (सीओ) चंदन चौधरी स्वयं अपने कार्यालय कक्ष से बाहर निकलकर दिव्यांग से मिले और उनकी समस्या को गंभीरता से सुना। सीओ ने शिकायत से जुड़े सभी तथ्यों की जानकारी लेने के बाद मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने संबंधित कर्मियों को भी आवश्यक निर्देश दिए। सीओ के इस संवेदनशील व्यवहार से दिव्यांग रोहन दास ने उनका आभार जताया। वहीं,कार्यालय परिसर में मौजूद लोगों ने भी आम नागरिकों,विशेषकर दिव्यांगजनों के प्रति सीओ की संवेदनशीलता और तत्परता की सराहना की। लोगों ने कहा कि अधिकारियों का ऐसा व्यवहार प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत करता है।

## एक नजर

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल थाना पुलिस ने वाहन चोरी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चोरी की एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के सरौनी गांव निवासी मनीष कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मनीष कुमार को चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कौआकोल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उच्च माध्यमिक विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**कौआकोल।** नवादा के जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीइओ) दीपक कुमार ने गुरुवार को कौआकोल प्रखंड अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय धमनी एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय महुलियाटांड़ का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों,छात्रों की उपस्थिति, पठन-पाठन व्यवस्था,साफ-सफाई तथा अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीईओ ने विद्यालय के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने,नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन करने तथा सरकारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुशासित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की समग्र व्यवस्था एवं शैक्षणिक गतिविधियां संतोषजनक पाई गईं,जिस पर डीईओ ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अजित कुमार,उच्च माध्यमिक विद्यालय धमनी की प्रभारी प्राचार्य निशा कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### श्रावण माह के पहले दिन शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**कौआकोल।** पवित्र श्रावण माह के प्रथम दिन गुरुवार को कौआकोल प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। प्रखंड के डण्डेश्वर महादेव मंदिर सोखोदेवरा, भोरमबाग का महादेव मठ मन्दिर, बंबेश्वर नाथ महादेव मंदिर कौआकोल, शिव पार्वती मन्दिर पहाड़ पर रानीबाजार सहित प्रमुख शिव मंदिरों में तड़के से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। श्रावण माह के पहले दिन मंदिरों के आसपास का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। शिवभक्ति में लीन श्रद्धालु भजन-कीर्तन एवं भगवान भोलेनाथ के जयघोष करते नजर आए।

### गुम हुए मोबाइल को पुलिस ने किया बरामद

**पकरीबरावां।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने गुम हुए मोबाइल को बरामद कर उसे वास्तविक धारक को लौटा दिया है। गुरुवार को थाना परिसर में पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के हनुमान नगर निवासी अरविंद शर्मा के पुत्र अभिषेक कुमार को बुलाकर उसके गुम हुए मोबाइल को उसे दिया गया। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत अबतक दर्जनों गुम हुए मोबाइल को बरामद कर उसके वास्तविक धारक को दिया गया है। मोबाइल पाकर युवक काफी खुश हुआ। उसने पुलिस के प्रति आभार जताया।

### रसोइया सह सहायक का निधन

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड के मध्य विद्यालय केशावाँ में रसोइया सह सहायक का निधन हो गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुमन प्रसाद सिंह ने बताया कि रसोइया सह सहायक रीता देवी पति शैलेन्द्र मिस्त्री की तबीयत अचानक खराब हो गई। परिवार वाले उसे इलाज के लिए गया ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। रसोइया सह सहायक के निधन पर शिक्षकों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# ग्रेगर जॉन मेंडल जयंती सप्ताह पर मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल हिसुआ में वाद-विवाद प्रतियोगिता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिसुआ (नवादा)।** आधुनिक आनुवंशिकी के जनक एवं महान वैज्ञानिक ग्रेगर जॉन मेंडल की जयंती सप्ताह के अवसर पर मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल, हिसुआ के बहुउद्देशीय सभागार में मंगलवार को भव्य वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, प्रभावी अभिव्यक्ति तथा समसामयिक विषयों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने महान वैज्ञानिक ग्रेगर



जॉन मेंडल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन तीन सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र में कक्षा पाँचवीं एवं छठी, द्वितीय सत्र में सातवीं एवं आठवीं तथा तृतीय सत्र में नौवीं एवं दसवीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा पाँचवीं एवं छठी के विद्यार्थियों ने जलवायु परिवर्तन, सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों ने डिजिटल लर्निंग तथा नौवीं एवं दसवीं के विद्यार्थियों ने सोशल नेटवर्किंग का युवाओं पर दुष्प्रभाव विषय पर पक्ष एवं विपक्ष में प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आलोचनात्मक सोच, तार्किक विश्लेषण, प्रभावी संचार कौशल तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, उत्साह और उत्कृष्ट प्रस्तुति की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी गई। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सफल पहल बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के विज्ञान शिक्षक गोपाल कृष्ण, पंकज पांडेय, कमलेश, गौरव कुमार एवं सूरज कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अवैध नर्सिंग होम व क्लिनिकों पर जिला प्रशासन का बड़ा एक्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को जिला प्रशासन ने शहर में संचालित अवैध नर्सिंग होम, अस्पताल और क्लिनिकों के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई से हरिश्चंद्र स्टेडियम रोड, पुरानी जेल रोड, डॉक्टर गली समेत कई इलाकों में हड़कंप मच गया। संयुक्त टीम ने एक साथ कई अस्पतालों और क्लिनिकों की जांच की, जहां अनेक गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं। छापेमारी दल में सदर एसडीएम अमित अनुराग, सदर एसडीपीओ हुलास कुमार, नगर थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, सदर बीडीओ, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा नगर थाना पुलिस शामिल रही। जांच के दौरान कई नर्सिंग होम बिना वैध पंजीकरण के संचालित पाए गए। कई संस्थानों में आवश्यक मानकों का पालन किए बिना बड़े ऑपरेशन किए जाने की जानकारी भी मिली, जिससे मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। कार्रवाई के दौरान कई अस्पतालों के बाहर चिकित्सकों के नाम प्रदर्शित मिले, लेकिन मौके पर कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। छापेमारी की सूचना मिलते ही कई क्लिनिक संचालक प्रतिष्ठान छोड़कर फरार हो गए। वहीं, कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जांच के दौरान कई मेडिकल स्टोरों पर अनिवार्य रूप से नियुक्त फार्मासिस्ट अनुपस्थित मिले। इसके अलावा अनेक अस्पतालों और नर्सिंग होम में अग्निशमन (फायर सेफ्टी) की व्यवस्था भी नहीं पाई गई, जिससे आपात स्थिति में बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि सदर अस्पताल के समीप लंबे समय से ऐसे संस्थानों का संचालन होता रहा। सदर एसडीएम अमित अनुराग ने बताया कि पूर्व में भी प्राप्त शिकायतों के आधार पर जिलाधिकारी के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। जिन संस्थानों में गंभीर अनियमितताएं मिली हैं, उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी दर पर खाद नहीं मिलने से किसान परेशान

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के विभिन्न गांव के किसानों को सरकारी दर पर खाद नहीं मिलने से परेशानी हो रही है। अभी खेती बाड़ी का समय है। धान का रोपणी हो रहा है। ऐसे में किसान को महंगे दामों पर खाद उपलब्ध हो रहा है। इस बाबत हंड़िया गांव के किसान कृष्णदेव सिंह,जफरा के नवल सिंह, पंडपा के प्रदीप कुमार, रामजन्म कुमार, गोतरायन के अजीत पांडेय,भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सूरज पासवान,जीतू कुमार, सिरपतिया के रामप्रसाद चौहान समेत अन्य किसानों ने कृषि मंत्री, डीएम को ईमेल से आवेदन पत्र भेजकर किसानों को सरकारी दर पर डीएपी,यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। आरोप है कि प्रखंड कृषि पदाधिकारी के मिलीभगत से डीलर खाद की कालाबाजारी कर रहे हैं। वे डीलर से कमीशन लेकर खाद को अधिक कीमत पर बिक्री करा रहे हैं। यहां खाद डीएपी 1800 सौ और यूरिया खाद 460 रुपये की दर पर किसानों को मिल रहा है। जो सरकारी दर से काफी कीमत है। जब किसान कृषि पदाधिकारी से शिकायत करने के लिए जाते हैं तो बात को अनसुना कर दें रहे हैं। अभी धान का रोपण में खाद की उपलब्धता जरूरी है, ताकि अच्छी उत्पादन हो सके। कहा गया है कि किसानों के हित में वरीय अधिकारियों से जांच कर सरकारी दर पर खाद उपलब्ध कराई जाए,अन्यथा किसान विवश होकर सड़क जाम करने के लिए आंदोलन करेंगे। इधर, बीएओ विवेक कुमार गौरव ने आरोप को बेबुनियाद बताया है। कहा कि शिकायत मिलने पर खाद विक्रेताओं पर विधि सम्मत कार्रवाई होगी,यहां पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है।

## नालंदा

# एक गांव, दो जिले और दो शिक्षा विभाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हरनौत।** प्रखंड की बसनियावां पंचायत के एक गांव में शिक्षा विभाग की अनोखी और हैरान करने वाली व्यवस्था सामने आई है। एक ही वार्ड में संचालित दो प्राथमिक विद्यालयों में से एक नालंदा जिले के शिक्षा विभाग के अधीन है, जबकि दूसरा पटना जिले के बेलछी प्रखंड के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। जबकि गांव, विद्यालयों की भूमि और आसपास का पूरा क्षेत्र राजस्व अभिलेखों के अनुसार नालंदा जिले में स्थित है। ग्रामीणों के अनुसार गांव को वर्षों से अब्बु-महमदपुर और दक्षिणीपुर, दो नामों से जाना जाता है। इसी कारण अलग-अलग समय पर दोनों नामों से प्राथमिक विद्यालय स्थापित कर दिए गए। प्रशासनिक सीमाएं बदलने के बावजूद दोनों विद्यालय आज भी अलग-अलग जिलों के अधीन संचालित हो रहे हैं। नालंदा के अधीन संचालित प्राथमिक विद्यालय अब्बु-महमदपुर में 70 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। यहां प्रधानाध्यापक जयप्रकाश कुमार सहित पांच शिक्षक कार्यरत हैं



और विद्यालय की निगरानी हरनौत के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीइओ) करते हैं। वहीं, प्राथमिक विद्यालय दक्षिणीपुर में 52 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। यहां अंजलि और मंजू कुमारी शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। इस विद्यालय का संचालन और निरीक्षण पटना जिले के बेलछी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के अधीन होता है। बेलछी के प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जयकुंडल प्रसाद ने बताया कि विद्यालय वर्षों से बेलछी प्रखंड के अधीन संचालित हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों विद्यालयों की विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष एक ही हैं। वार्ड सदस्य सुमित्रा देवी दोनों समितियों की अध्यक्ष हैं। पूर्व वार्ड सदस्य राकेश कुमार ने बताया कि गांव पूरी तरह हरनौत प्रखंड की बसनियावां पंचायत में आता है। सड़क, नाली, पेयजल, बिजली सहित सभी विकास कार्य नालंदा जिला प्रशासन कराता है। ऐसे में एक विद्यालय का अब भी पटना जिले के अधीन संचालित होना समझ से परे है। बेलछी के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार प्रसुन्न ने भी इस व्यवस्था पर आश्चर्य जताते हुए कहा कि उनके प्रखंड द्वारा गांव में कोई विकास कार्य नहीं कराया जाता, क्योंकि यह प्रशासनिक रूप से नालंदा जिले में है। ऐसे में विद्यालय का पटना जिले के अधीन संचालित होना जांच का विषय है। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन से पूरे मामले की जांच कर प्रशासनिक स्थिति स्पष्ट करने तथा वर्षों से चली आ रही इस विसंगति का स्थायी समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि दो जिलों के बीच बंटी यह व्यवस्था भविष्य में संसाधनों के आवंटन, प्रशासनिक समन्वय और विद्यालयों के विकास कार्यों में बाधा बन सकती है।

# ब्रह्मगावां में 564 एकड़ में बनेगा औद्योगिक क्षेत्र

## डीएम ने किया स्थल निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में औद्योगिक विकास को गति देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिलाधिकारी उदिता सिंह ने गुरुवार को इस्लामपुर प्रखंड के ब्रह्मगावां में प्रस्तावित 564 एकड़ के औद्योगिक क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान डीएम ने ग्रामीणों और किसानों से सीधे संवाद कर परियोजना के लाभों की जानकारी दी तथा उनके सुझाव सुने। उन्होंने भरोसा दिलाया कि औद्योगिक क्षेत्र बनने से स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा और क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी।प्रस्तावित इंडस्ट्रियल एरिया में कृषि आधारित फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स, जनरल फैब्रिकेशन तथा अन्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) स्थापित किए जाएंगे। इससे स्थानीय कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन होगा और किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध होगा।डीएम ने कहा कि परियोजना के शुरू होने पर हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा, जिससे पलायन में कमी आएगी। साथ ही सड़क, बिजली, जलापूर्ति और परिवहन जैसी आधारभूत सुविधाओं का भी तेजी से विकास होगा। उन्होंने कहा कि यह औद्योगिक क्षेत्र नालंदा को औद्योगिक मानचित्र पर नई पहचान दिलाने के साथ निवेश और क्षेत्रीय आर्थिक विकास का मजबूत आधार बनेगा।

# सदर अस्पताल ब्लड बैंक में रक्त के नाम पर वसूली का आरोप

**बिहारशरीफ।** सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्त की कथित खरीद-बिक्री का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। अस्पताल प्रशासन की जांच में एक महिला सुरक्षा गार्ड की संदिग्ध भूमिका सामने आने के बाद उसके खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है। हालांकि, आवेदन दिए जाने के दूसरे दिन तक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार, बिंद थाना क्षेत्र के जमसारी गांव निवासी रौशन कुमार अपनी बहन खुशबू कुमारी का इलाज कराने दो दिन पहले सदर अस्पताल पहुंचे थे। जांच में चिकित्सकों ने बताया कि मरीज के शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर काफी कम है और तत्काल दो यूनिट रक्त चढ़ाने की आवश्यकता है। इसके बाद परिजन रक्त की व्यवस्था में जुट गए। आरोप है कि इसी दौरान अस्पताल में तैनात महिला सुरक्षा गार्ड अनीता कुमारी ने परिजनों से संपर्क कर एक कथित दलाल के माध्यम से रक्त उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया और इसके एवज में 13 हजार रुपये वसूल लिए। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मरीज को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराने के निर्देश पहले से जारी थे। मामले की जानकारी मिलने पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन के नेतृत्व में जांच कराई गई। जांच के दौरान अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली गई। फुटेज और अन्य तथ्यों के आधार पर महिला सुरक्षा गार्ड की भूमिका संदिग्ध पाए जाने के बाद उसके खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की गई। उपाधीक्षक ने पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के प्रह्लादपुर निवासी चंद्रमणि कुमार की पत्नी एवं सदर अस्पताल में कार्यरत सुरक्षा गार्ड अनीता कुमारी के विरुद्ध नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने का आवेदन दिया है। हालांकि, आवेदन के बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं होने से मामले को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। घटना स्वास्थ्य विभाग और आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

### सफाईकर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**बिहारशरीफ।** बिहार लोकल बॉडीज इम्पलाइज फेडरेशन एवं बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के राज्यव्यापी आह्वान पर गुरुवार से बिहारशरीफ नगर निगम के करीब 600 से 700 सफाईकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। कर्मचारियों ने नगर निगम मुख्यालय के बाहर धरना देकर कामकाज पूरी तरह ठप कर दिया। हड़ताल से नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है और प्रतिदिन निकलने वाले लगभग 250 टन कचरे के उठाव पर संकट गहरा गया है।सफाईकर्मियों की तीन प्रमुख मांगें हैंकृदैनिक वेतनभोगी कर्मियों को स्थायी किया जाए, ठेका एवं आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त कर समान काम के लिए समान वेतन लागू किया जाए तथा एसीपी-एमएसीपी योजनाओं का लाभ और बकाया राशि का भुगतान किया जाए। कर्मचारियों का कहना है कि मांगें पूरी होने तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे। यूनियन अध्यक्ष विक्की कुमार ने कहा कि यह मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई है और सरकार द्वारा मांगें नहीं माने जाने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने शहरभर में विरोध प्रदर्शन और कचरा फेंककर प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी।

### चंडी में 132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र शुरू

**बिहारशरीफ।** बिहार के विद्युत ट्रांसमिशन नेटवर्क को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (बीएसपीटीसीएल) ने 29 जुलाई को नालंदा जिले के चंडी स्थित 132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र का सफलतापूर्वक ऊर्जान्वयन कर उसका संचालन शुरू कर दिया। इसके साथ ही 132 केवी डबल सर्किट चंडी-हरनौत ट्रांसमिशन लाइन तथा 50 एमवीए क्षमता के दो पावर ट्रांसफॉर्मर भी चालू कर दिए गए हैं। इस परियोजना के शुरू होने से चंडी, चैनपुर, बिरनावां, नगरनौसा, नूरसराय, भोभी, इंदौत, दियावां और थरथरी समेत आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अधिक विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण होगी। साथ ही वोल्टेज में सुधार होगा और हजारों उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

# सावन शुरू होते ही बाबा सिद्धनाथ धाम में उमड़ी आस्था, जलाभिषेक को पहुंचे हजारों श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**राजगीर।** श्रावण मास के शुभारंभ के साथ ही ऐतिहासिक नगरी राजगीर के वैभारगिरि पर्वत स्थित बाबा सिद्धनाथ (सोमनाथ महादेव) मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देवघर के बाद बिहार के प्रमुख शिव तीर्थों में शामिल इस धाम में गुरुवार को दूर-दराज से पहुंचे शिवभक्तों ने कठिन चढ़ाई कर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि की कामना की।पौराणिक मान्यता के अनुसार, मगध सम्राट जरासंध के पिता राजा बृहद्रथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए यहां शिवलिंग की स्थापना की थी। कहा जाता है कि सम्राट जरासंध प्रतिदिन वैभारगिरि पर्वत पर स्थित भेलवाडोब तालाब में स्नान कर बाबा सिद्धनाथ की आराधना करते थे, जिससे उन्हें अद्भुत बल और पराक्रम का वरदान मिला था।ब्रह्मकुंड परिसर से लगभग 531 सीढ़ियों की कठिन चढ़ाई पार कर श्रद्धालु मंदिर तक पहुंचते हैं। परंपरा के अनुसार श्रद्धालु पहले गर्म कुंड में स्नान कर पवित्र जल लेकर बाबा का अभिषेक करते हैं। सावन में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने मंदिर परिसर और पर्वत मार्ग पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। पुलिस बल, स्वास्थ्यकर्मी और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सदर अस्पताल ब्लड बैंक में रक्त के नाम पर वसूली का आरोप, महिला सुरक्षा गार्ड पर एफआईआर की तैयारी

# तेतरावां के ऐतिहासिक बुद्ध मंदिर से पालकालीन दुर्लभ मूर्तियां चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के तेतरावां गांव स्थित ऐतिहासिक बुद्ध मंदिर में बीती रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए लाखों रुपये मूल्य की पालकालीन ऐतिहासिक मूर्तियां चोरी कर लीं। चोरी गई प्रतिमाओं में भगवान विष्णु, सूर्य देव और भगवान बुद्ध की एक खंडित प्रतिमा शामिल है। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह जब ग्रामीण रोजाना की तरह मंदिर की साफ-सफाई के लिए पहुंचे तो मंदिर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ मिला। ताला और कुंडी सीढियों पर पड़े थे। अंदर जाकर देखा गया तो मंदिर में स्थापित तीनों ऐतिहासिक प्रतिमाएं गायब थीं। इसके बाद गौतम बुद्ध विकास समिति के सचिव राजीव कुमार ने तत्काल मानपुर थाना पुलिस को घटना की सूचना दी।ग्रामीणों ने बताया कि भगवान विष्णु और सूर्य देव की प्रतिमाएं पिछले वर्ष गांव के तालाब की खुदाई के दौरान जमीन से निकली थीं। उनकी ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्ता को देखते हुए उन्हें सुरक्षित रखने के लिए बुद्ध मंदिर में स्थापित किया गया था।सूचना मिलते ही मानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और



घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। अपर थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है तथा मंदिर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने और चोरी गई मूर्तियों की बरामदगी का भरोसा दिया है।इस घटना ने नालंदा की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से चोरी गई प्राचीन प्रतिमाओं की शीघ्र बरामदगी तथा मंदिर में स्थायी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# गिरियक में सफाई कर्मियों की हड़ताल से ठप हुई सफाई व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरियक।** गिरियक नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के पहले ही दिन नगर पंचायत क्षेत्र के कई वार्डों में साफ-सफाई का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। घर-घर कचरा उठाव बंद रहने और सार्वजनिक स्थलों की सफाई नहीं होने से कई जगहों पर कचरे का अंबार लग गया, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।सफाई व्यवस्था ठप होने के कारण वार्डों की सड़कें और नालियां गंदगी से पटने लगी हैं। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि जल्द ही सफाई कार्य शुरू नहीं हुआ तो गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।वहीं, नगर पंचायत पावापुरी में सफाई कर्मियों की हड़ताल का कोई असर देखने को नहीं मिला। यहां सफाई कर्मी रोज की तरह सुबह से ही अपने कार्य में जुटे रहे। सभी वार्डों में नियमित रूप से सड़क और नालियों की सफाई की गई तथा घर-घर जाकर कचरा उठाव का कार्य भी किया गया, जिससे नगर की स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रही।उधर, गिरियक के लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से सफाई कर्मियों की मांगों पर शीघ्र वार्ता कर समाधान निकालने और सफाई व्यवस्था जल्द बहाल कराने की मांग की है। दूसरी ओर, पावापुरी नगर पंचायत ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी वार्डों में नियमित सफाई कार्य जारी रहने की जानकारी दी।

# 11 अगस्त के राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम की तैयारी तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** 11 अगस्त 2026 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम के लिए चयनित नालंदा जिले के 19 आवेदनों के निष्पादन और निवारण की समीक्षा गुरुवार को जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने की। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने चयनित आवेदनों पर की गई कार्रवाई और लंबित मामलों की जानकारी दी। डीएम ने राशन कार्ड, टीबी मुक्त भारत अभियान, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, राजस्व, शिक्षा, परिवहन, स्वास्थ्य, नगर विकास, ग्रामीण विकास, सामाजिक कल्याण, विद्युत तथा अन्य विभागों से जुड़े मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में वेतन, पेंशन, भूमि विवाद, अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, बिजली बिल, जल निकासी, सड़क, छात्रवृत्ति, आवास और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की भी समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर विशेष जोर देते हुए डीएम ने पंचायत स्तर तक व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने, पात्र लाभुकों की पहचान करने तथा आवेदन और सोलर रूफटॉप स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कई भूखंडों की खरीद-बिक्री पर रोक हटी

## रोक सूची में डाली गई जमीनों के खाता खेसरा की जांच हेतु गठित समिति को तेजी से जांच कराने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** जिला पदाधिकारी, गया श्री शशांक शुभंकर ने बताया कि पुराने समय अर्थात 2012 एवं 2013 के समय से कुछ जमीनों पर खरीद बिक्री पर रोक लगा था, लगी रोक सूची से उनके जमीनों का खाता खेसरा को जांचोपरांत रोक सूची से हटाया गया है। जिला पदाधिकारी ने आज कुल 03 जमीन को रोक सूची से हटाया है। जिला पदाधिकारी ने जिला अवर निबंधन पदाधिकारी एवं सभी डीसीएलआर को निर्देश दिया है कि अन्य रोक भी जो लगा है, उसका फाइल प्रस्तुत करें ताकि बेवजह आम जनों को कार्यालय का चक्कर काटना नहीं पड़े। कोई जमीन के संबंध में सूचना प्राप्त होती है कि भू अर्जन में गई है या सरकारी जमीन है या किसी न्यायालय में मामला दायर चल रहा है/ न्यायालय द्वारा उक्त जमीन को खरीद बिक्री पर



रोक लगाया है या पूर्व में सरकारी जमीन की सूची अंचल में तैयार की गई हो। उक्त सूची में कोई जमीन है तो उसकी जांच पड़ताल करके यदि वह जमीन वास्तव में रैयती है चाहे भू अर्जन से, सीलिंग से, न्यायालय के वाद से इत्यादि इन सारी चीजों से मुक्त है तो जिला स्तर पर उसकी एक समिति है, जिनमे एडीएम राजस्व, जिला अवर निबंधक, डीसीएलआर एवं संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी इन सभी की एक समिति है उनके माध्यम से जांच करा करके जिस जमीन के निबंध पर रोक लगा हुआ है, अगर यह पाया जाता है की जमीन रैयती है, किसी प्रकार का विवाद/ रोक नहीं है तो उसको रोक सूची से हटा हटाने का प्रस्ताव भेजा जाता है और उसका निबंधन शुरू की जा सकती है। डीएम ने कहा कि पूर्व से काफी जमीनों पर निबंध पर रोक लगी है, जिसमें बहुत सारे जमीनों पर जांच पड़ताल चल रही है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि रोक सूची से संबंधित जमीन को जांच पड़ताल तेजी से कराया जाए और जो जमीन वास्तव में रैयत है, हर प्रकार के विवाद से मुक्त है, उसकी निबंध के लिए अनुशंसा किया जाए। विगत महीनों में 135 से अधिक मामलों को रोक सूची से मुक्त किया गया है। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि आम जनता जो लंबे समय से अपने जमीन की रोक सूची से परेशान हो रहे हैं उसका शीघ्र जांच पड़ताल कर निराकरण करवाये।

### आज कुल 3 जमीनों को रोक सूची से हटाया गया

01. बेलागंज अंचल के प्राणपुर मौजा अंतर्गत रविशंकर सहाय का वर्ष 2012-2013 से रोक सूची में था, रोक सूची से हटाया गया।
02. चंदौती अंचल के नौगढ़ मौजा अंतर्गत मो अनवर आलम का वर्ष 2012 से रोक सूची में था, रोक सूची से हटाया गया।
03. चंदौती अंचल के कंडी मौजा अंतर्गत काशी प्रसाद का वर्ष 2012 से रोक सूची में था, रोक सूची से हटाया गया।

## मारपीट मामले में एक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के बड़की भुईटोली मोहल्ले में मारपीट की घटना को लेकर शेरघाटी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में बड़की भुईटोली निवासी राजकुमार दास ने अपने ही मोहल्ले के निवासी बजेन्द्र मांझी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। दर्ज आवेदन में राजकुमार दास ने आरोप लगाया है कि आपसी विवाद के दौरान बजेन्द्र मांझी ने उनके साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित ने शेरघाटी थाना पहुंचकर पुलिस को मामले की जानकारी दी और आरोपित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के कारणों और परिस्थितियों की पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पितृपक्ष मेला में तीर्थयात्रियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को गया जिला अतिथि गृह सभागार में नगर आयुक्त और नगर निगम के पदाधिकारियों के साथ विश्व



प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला-2026 की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मेला क्षेत्र की सड़क, नाली, विद्युत व्यवस्था, चापाकल, सफाई, शौचालय, पेयजल, पहुंच पथ और अन्य जनसुविधाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में पितृपक्ष मेला क्षेत्र के सभी वार्डों में तालाबों और 54 पिंडदान वेदियों की नियमित सफाई, गया कॉलेज खेल परिसर, केंदुई बस स्टैंड और टेंट सिटी तक पहुंच पथ के निर्माण, सिकड़िया मोड़ बस स्टैंड पर जनसुविधाओं की बहाली, शहर के प्रमुख प्रवेश द्वारों के निर्माण तथा 50 स्थानों पर विकसित किए जा रहे वर्टिकल गार्डन की प्रगति पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि सिकड़िया मोड़, सीताकुंड और कंडी नवादा में प्रवेश द्वारों के निर्माण की निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जिला अतिथि गृह और एटी गेट संख्या-5 के पास वर्टिकल गार्डन विकसित किया जा चुका है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पितृपक्ष मेला विश्व प्रसिद्ध धार्मिक आयोजन है, जहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पिंडदान और तर्पण के लिए आते हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि मेला शुरू होने से पहले सभी सड़कें, घाट, तालाब, वेदियां, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय और सफाई व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त कर ली जाए। उन्होंने जिलाधिकारी और नगर आयुक्त द्वारा की जा रही तैयारियों की सराहना भी की। उन्होंने बताया कि मेला के सफल संचालन के लिए जिलाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों का गठन किया है। विकास कुमार को स्वच्छता, जितेंद्र कुमार को स्वास्थ्य, राजनंदन गांधी को पथ एवं नाली तथा मोहन कुमार को विद्युत कोषांग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में वसंत, परमार, पप्पू चंद्रवंशी, अमित लोहानी, देवानंद पासवान, अमित पासवान, सुरेंद्र यादव, सूरज राणा, राकेश (आईटी), पवन चंद्रवंशी, विराज कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क सुरक्षा को लेकर जिला पदाधिकारी ने विभिन्न विभागों के पदाधिकारी के साथ की बैठक

**अरवल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर जिला पदाधिकारी द्वारा आज विभिन्न विभागों के पदाधिकारी के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया गया। इसके तहत एन एच 139 पर दुर्घटना रोकने लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने और साईनेज लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना के कारण जानमल की हानि होती है, इसलिए इसे रोकना आवश्यक है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटना की रोकने के लिए लगातार वाहन जांच किया जाए। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में हिट एंड रन के तहत 132 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 85 दोनों का निष्पादन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना सहायता योजना के तहत डेढ़ लाख रुपए तक की सहायता कैशलेस में दी जाती है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि वाहन जांच के दौरान जुलाई तक 25 लाख 8 हजार रुपए से अधिक जुमार्ना की वसूली की गई है।

### नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान

**अरवल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि उसके तहत विभिन्न स्कूलों, कॉलेज, चौक चौराहा और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव और कानूनी पहलुओं की जानकारी दी जा रही है । मादक पदार्थों की और शराब के भंडारण ,तस्करी और सेवन के रोकथाम हेतु कानूनी प्रावधानों की जानकारी लोगों को दी जा रही है ,और इससे समाज और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसमें शिक्षा ,स्वास्थ्य और जनप्रतिनिधि सहित आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### भूमि विवाद में मारपीट, दो पक्षों के 11 नामजद

**कोंच (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोंच थाना क्षेत्र के मंझियावां टोला, छतरपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। खेत में आरी देने के दौरान शुरू हुआ विवाद गाली-गलौज से होते हुए हाथापाई तक पहुंच गया। घटना में दोनों पक्षों के कुछ लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोंच में भर्ती कराया गया है।पुलिस के अनुसार, प्रथम पक्ष की ओर से सुनीता कुमारी, पति दिनेश कुमार ने लिखित आवेदन दिया है। इसमें उन्होंने राहुल कुमार, नरेश यादव, शकुंतला देवी, गुड़िया कुमारी और शनि कुमारी को मारपीट का आरोपी बनाया है। वहीं दूसरे पक्ष से नरेश यादव ने भी आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। इसमें शिव यादव, जयराम यादव, दिनेश यादव, उपेंद्र यादव, रंजीत यादव और सविता देवी को नामजद किया गया है। कोंच थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर कांड संख्या 257/26 और 258/26 दर्ज कर ली गई है।

## सादगी, त्याग और आध्यात्मिक सेवा की प्रतिमूर्ति थीं दीदी मनमोहिनी जी : राजयोगिनी बीके शीला दीदी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** ब्रह्माकुमारीज राजयोग ज्ञान केंद्र, सिविल लाइन, गया में दीदी मनमोहिनी का स्मृति दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया है। इस कार्यक्रम में आयकर विभाग के श्री रंजय कुमार, कार्यालय अधीक्षक एवं श्री प्रभात रंजन, प्रधानाध्यापक, राजकीय मध्य विद्यालय सहित अनेक गणमान्य अतिथियों एवं ब्रह्माकुमार-ब्रह्माकुमारियों ने उपस्थित होकर दीदी मनमोहिनी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस कार्यक्रम के दौरान सेवाकेंद्र की संचालिका राजयोगिनी बीके शीला दीदी ने



दीदी मनमोहिनी के जीवन एवं उनकी आध्यात्मिक सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीदी मनमोहिनी जी त्याग, तपस्या, दृढ़ संकल्प, पवित्रता और ईश्वरीय ज्ञान की साकार प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन परमात्मा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा मानव जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए समर्पित किया है। इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने दीदी मनमोहिनी जी के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजयोग ध्यान एवं आध्यात्मिक चिंतन भी कराया गया है। इस कार्यक्रम का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा, श्रद्धा और आत्मिक शांति से परिपूर्ण रहा। उपस्थित सभी लोगों ने दीदी मनमोहिनी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में शांति, प्रेम, सद्भाव और सकारात्मकता का प्रसार करने का संदेश दिया।

## आपसी विवाद में मारपीट, छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के नयन बिगहा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। इस संबंध में घायल महिला इजावा देवी के आवेदन पर गांव के ही बिल्ला यादव समेत कुल छह नामजद आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को दिए गए आवेदन में आरोप लगाया है कि आपसी विवाद के दौरान आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। घटना के बाद परिजनों की मदद से उन्होंने शेरघाटी थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई और आरोपितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए शेरघाटी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना से जुड़े सभी तथ्यों की पड़ताल कर रही है तथा प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि नयन बिगहा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में इजावा देवी के आवेदन पर बिल्ला यादव समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## नशा व्यक्ति, परिवार और राष्ट्र के लिए घातक : मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर के 150 चयनित शिक्षण संस्थानों में आयोजित विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम-2026 के तहत मगध विश्वविद्यालय के गया कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय "नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत" रहा। बिहार के दो चयनित विश्वविद्यालयों में मगध विश्वविद्यालय भी शामिल था। कार्यक्रम का उद्घाटन कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार, मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी, राष्ट्रीय सेवा योजना, बिहार एवं झारखंड के क्षेत्रीय निदेशक विनय कुमार, मगध विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. पिंटू कुमार, यूथ नशा मुक्ति वॉरियर नरेंद्र कुमार, यूथ आइकॉन अभिलाष चौधरी, गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र तथा नोडल पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्र ने



दीप प्रज्वलित कर और वंदे मातरम के उद्घोष के साथ किया। मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और राष्ट्र के लिए घातक है तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए युवाओं का नशामुक्त, स्वस्थ और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होना आवश्यक है। प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने स्वागत भाषण में युवाओं से स्वयं नशामुक्त रहने और समाज को भी नशामुक्त बनाने के अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने कहा कि गया कॉलेज से शुरू हुआ नशामुक्ति का संकल्प पूरे बिहार में जनजागरूकता का माध्यम बनेगा।

विनय कुमार ने विद्यार्थियों से सफलता का नशा अपनाने और मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की। डॉ. पिंटू कुमार ने सकारात्मक सोच, अनुशासन और सेवा भावना का संदेश दिया, जबकि नरेंद्र कुमार ने नशे से जुड़े चिंताजनक आंकड़े प्रस्तुत किए। अभिलाष चौधरी ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश कुमार मिश्र ने किया। इस दौरान जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी, स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## समाज सेवी स्व नंद किशोर गुप्ता को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** अखिल भारतीय रौनियार समाज के पूर्व समाजसेवी स्व कौलेशवर प्रसाद गुप्ता के द्वितीय पुत्र के क्षद्धांजली सभा का उनके आवास पर




बारहवी दिन क्षद्धांजली सभा का आयोजन किया गया।सुबह मे गया जी के विद्वान पंडित द्वारा पुरी विस्तार से पुजा अर्चना किए है इसके बाद उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए गये। इसमें गया से ही नही पटना, राची, दुमका, मुंगेर काकीनडा. बंगाल, देवध्रर,भारत के कयी प्रदेश के लोग समाज सेवी स्व नंद किशोर गुप्ता जो राजेश कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार गुप्ता, विकास कुमार गुप्ता,डोली गुप्ता के पिता एवं अखिल भारतीय रौनियार महासभा महिला पूर्व महासचिव रिना रानी गुप्ता के ससुर थे उनको क्षद्धांजली दिए।इस मौके पर अखिल भारतीय रौनियार महासभा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष भोला गुप्ता ने भाव भरी श्रद्धांजलि अर्पित किए अपने संदेश में कहा कि नंद किशोर गुप्ता को भगवान उनके आत्मा को शांति दे और परिवार वालों को शक्ति प्रदान करे वही भारत के समाज के लिए अपना सबकुछ रौनियार समाज के लिए हमेशा तैयार रहने वाले शिव कुमार गुप्ता ने पटना चलकर श्रद्धांजलि अर्पित करने आए उन्होंने अपने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्व नंदकिशोर गुप्ता एक समाज सेवी का जाना गया जी के साथ बिहार के समाज के लिए अपुर्णीय क्षती है जिसकी भरपाई नही हो सकती है।आगे शिव कुमार गुप्ता ने कहा कि समाज के ऐसे लोगों की आवश्यकता थी जो दुसरे के लिए मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

## तीन दिवसीय जन-जागरूकता रथ का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** मानव तस्करी के विरुद्ध विश्व दिवस' के अवसर पर आज समाहरणालय परिसर, गया से मानव तस्करी एवं बंधुआ मजदूरी के विरुद्ध व्यापक जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता रथ का शुभारंभ किया गया। गया के माननीय जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर ने हरी झंडी दिखाकर इस रथ को रवाना किया। इस अभियान का आयोजन अदिथि संस्था द्वारा किया गया, जो बिहार में मानव तस्करी, बाल श्रम एवं बंधुआ मजदूरी की रोकथाम, पीड़ितों के बचाव, संरक्षण, पुनर्वास तथा उनके अधिकारों की सुनिश्चितता के लिए निरंतर कार्यरत है। यह विशेष जन-जागरूकता रथ आगामी तीन दिनों तक गया जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करेगा। अभियान के दौरान आम नागरिकों, प्रवासी श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं एवं समुदाय के अन्य वर्गों को मानव तस्करी और बंधुआ मजदूरी के कारणों, जोखिमों, बचाव के उपायों, सुरक्षित पलायन, कानूनी अधिकारों तथा उपलब्ध सहायता एवं शिकायत तंत्र के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही लोगों को अपने आसपास होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की पहचान कर समय रहते प्रशासन एवं संबंधित विभागों को सूचना देने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक नागरिक को मानव तस्करी एवं बंधुआ मजदूरी जैसी अमानवीय प्रथाओं के प्रति जागरूक, संवेदनशील और जिम्मेदार बनाना है। संस्था का विश्वास है कि जनसहभागिता और सामुदायिक सतर्कता के माध्यम से ही इन अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है तथा कमजोर एवं वंचित वर्गों के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। इस अवसर पर अदिथि संस्था के जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री शत्रुधन दास ने कहा, "मानव तस्करी केवल एक अपराध नहीं, बल्कि मानव गरिमा और मानवाधिकारों पर सीधा आघात है। इससे लड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम जन-जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता है। यह जन-जागरूकता रथ जिले के गाँव-गाँव और समुदायों तक पहुँचकर लोगों को जागरूक करेगा कि वे किसी भी प्रकार के प्रलोभन, झूठे रोजगार के वादों या संदिग्ध गतिविधियों के प्रति सतर्क रहें तथा मानव तस्करी और बंधुआ मजदूरी से संबंधित किसी भी संदिग्ध घटना की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें।

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

आपदा प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षण हेतु
**पशु चारा वितरण कार्यक्रम**

**आपदा से प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षा हेतु समय–समय पर पशु चारा वितरण कराने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा सम्पन्न किया जाता है।**

**चारा मात्रा/अनुमान्यता**

- निर्धारित सहाय्य मानकदर के अनुरूप बड़े जानवरों के लिए 70 रूपये तथा छोटे जानवर के लिए 35 रूपये प्रतिदिन अनुमान्य है।
- आपदाग्रस्त पशुओं के जीवन रक्षण के लिये सामान्यतः बड़े जानवरों के लिये 06 कि.ग्रा., छोटे जानवरों के लिए 03 कि.ग्रा. तथा भेड़–बकरियों के लिये 01 कि.ग्रा. चारा की आवश्यकता होती है।
- पशु शिविरों/अस्थायी शिविरों में एक बार में तीन दिन/एक सप्ताह हेतु चारा वितरण कराया जाता है तथा बाढ़ की स्थिति के अनुसार शिविर संचालन तक पुनः वितरण कराया जाता है।

**वितरण प्रक्रिया:**

- जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से शिविरों/अस्थाई शिविरों में पशुओं की संख्या के अनुसार चारा वितरण किया जायेगा।
- चारा वितरण के पूर्व सभी प्रभावित पशुओं की प्रकार/संख्या के आधार पर गणना कर पशुपालकवार टोकन वितरण किया जाता है तथा उक्त टोकन के आधार पर क्रमानुसार चारा का प्रबंध कर वितरित किया जाता है।



विशेष जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना स्थित आपदा कोषांग (दूरभाष संख्या 0612-2230942) या पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612-2226049) से प्राप्त की जा सकती है।

@BiharDFARD

PR No.- 009072 (Animal)D. 2026-27

संपादकीय

# नीयत सुधरना भी जरूरी

मोदी सरकार विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक के मामले रोकने के लिए जो सख्त कानून लाई है, वह स्वागत योग्य है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या इससे परीक्षा तंत्र में सच में अमूल सुधार होगा अथवा लोग इसका भी तोड़ निकाल लेंगे। क्योंकि कोई भी सुधार नैतिक प्रतिबद्धता चाहिए। केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंहन ने सोमवार को संसद में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) (संशोधन) विधेयक प्रस्तुत किया। सरकार का दावा है कि इससे पेपर लीक और संगठित परीक्षा घोटालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित होगी। इसमें 10 साल की सजा, भारी जुर्माना, विशेष अदालतों के माध्यम से त्वरित न्याय का प्रावधान किया गया है। इसके पहले देश में लागू लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 लागू था। जिसका उद्देश्य सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल और संगठित धोखाधड़ी को रोकना था। उस कानून में अधिकांश गंभीर अपराधों के लिए 3 से 10 साल तक की सजा और न्यूनतम रू. 1 करोड़ जुर्माने का प्रावधान था। जबकि नए संशोधन विधेयक में संगठित अपराधों के लिए दंड और अधिक कड़ा किया जा रहा है। नए कानून में प्रश्नपत्र या उत्तर कुंजी लीक कराने, परीक्षा प्रक्रिया से छेड़छाड़ करने या अपराध में मिलीभगत करने वालों को अधिकतम 10 साल तक की जेल हो सकती है। कई मामलों में सेवा प्रदाता कंपनियों के जिम्मेदार अधिकारियों पर 10 करोड़ तक जुर्माने लगाया जा सकता है। इसके अलावा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में पेपर लीक मामलों की सुनवाई के लिए विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित करने का प्रस्तावहै, जहां अदालतों में रोजाना सुनवाई होगी। साथ ही चार्जशीट दाखिल होने के 3 महीने के भीतर ट्रायल पूरा करने की बात है। पेपर लीक और परीक्षा में अनुचित साधनों के इस्तेमाल से जुड़े मामलों की जांच 2 महीने के भीतर पूरी करनी होगी। विधेयक में 15 प्रकार की गतिविधियों को स्पष्ट रूप से अपराध की श्रेणी में रखा गया है। इनमें प्रश्नपत्र लीक करना, ओएमआर शीट से छेड़छाड़, फर्जी वेबसाइट बनाना, फर्जी एडमिट कार्ड जारी करना और परीक्षा प्रक्रिया में अन्य प्रकार की धोखाधड़ी शामिल हैं। विधेयक में परीक्षाओं के लिए नए गाइडलाइंस तय करने का भी प्रस्ताव है। इसमें परीक्षा केंद्रों का प्री-ऑडिट, उम्मीदवारों की बायोमेट्रिक जांच, सुरक्षा व्यवस्था, सीट आवंटन, प्रश्नपत्र तैयार करने और अपलोड करने की प्रक्रिया, परीक्षा में निगरानी, परीक्षा के बाद की गतिविधियां और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए स्क्राइब उपलब्ध कराने जैसे प्रावधान शामिल हैं। हालांकि सरकार पेपर लीक मामले में एनटीए के 47 संविदाकर्मी अधिकारियों को बर्खास्त कर चुकी है। इनके खिलाफ आपराधिक मामले भी दर्ज किए जाएंगे। इससे पहले गुरुवार को सरकार ने शिक्षा मंत्रालय के दो सचिवों को बदला था। इस एक्शन के साथ ही अब एटीए के आउटसोर्सिंग व्यवस्था में बदलाव और तकनीकी सुधार लागू किए जाने की तैयारी है, जिससे परीक्षाओं को पूरी तरह सुरक्षित किया जा सके। इधर दिल्ली पुलिस ने देश की सभी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में गड़बड़ी की जांच के लिए एसटीएफ का गठन किया है। इसके दायरे में यूपीएससी से एनटीए तक सभी प्रमुख परीक्षाएं होंगी। पेपर लीक मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा जा चुका है। बेशक पेपर लीक मामले में दिल्ली के जंतर मंतर पर हुए जबर्दस्त छात्र आंदोलन के बाद सरकार जागी है। छात्रों के रोष के आगे बेबस दिखी सरकार ने अपने शिक्षा मंत्री से भी इस्तीफा ले लिया। लेकिन अभी सरकार के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। ये है शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल बदलाव की। उस दिशा में कोई ठोस कदम उठता अभी नहीं दिखाई दे रहा है। जहां कठोर दंड की बात है तो हत्या के लिए सबसे बड़ा दंड मृत्युदंड है, फिर भी हत्याएं कहां रूक रही हैं?

# मानसून नहीं, शहरों की व्यवस्था समस्या

**हर मानसून में भारत के शहर एक जैसी कहानी दोहराते हैं। तेज़ बारिश की पहली बौछार पड़ते ही सड़कें पानी में डूब जाती हैं, लोग घंटों जाम में फँसे रहते हैं, वाहन खराब हो जाते हैं और सोशल मीडिया जलमग्न सड़कों, उफनती नालियों तथा धँसती सड़कों की तस्वीरों से भर जाता है। पानी उतरने के बाद सरकारें जाँच के आदेश देती हैं, संबंधित एजेंसियाँ सुधार के वादे करती हैं और अस्थायी मरम्मत शुरू हो जाती है, लेकिन अगले मानसून तक वही स्थिति फिर सामने आ जाती है। हाल ही में दिल्ली-एनसीआर (नेशनल केपिटल रीजन) में हुई भारी वर्षा ने एक बार फिर भारत के शहरी बुनियादी ढाँचे की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। दिल्ली में प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हुआ और अनेक रिहायशी इलाके पानी में डूब गए। गुरुग्राम - जो वर्षों से मानसून के दौरान जलभराव के लिए कुख्यात रहा है - में दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, हीरो होंडा चौक और सोहना रोड जैसे प्रमुख मार्ग पानी में डूब गए, जिससे देश के प्रमुख कॉर्पोरेट केंद्रों में से एक लगभग ठहर गया।**

**राजेंद्र रवि**

नोएडा में अंडरपास जलमग्न हो गए, नालियाँ उफनने लगीं और भीषण जाम लग गया। वहीं गाज़ियाबाद और फरीदाबाद में कई कॉलोनियाँ पानी में डूब गईं, सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं और लोगों की आवाजाही बुरी तरह बाधित हुई। एनसीआर के कई हिस्सों में बारिश के बाद सड़कें धँस गईं, जिसने केवल निर्माण की खामियों को ही नहीं, बल्कि शहरी नियोजन, इंजीनियरिंग और रखरखाव की गहरी संरचनात्मक कमजोरियों को भी उजागर कर दिया।

ये बार-बार होने वाली विफलताएँ केवल असामान्य रूप से अधिक वर्षा का परिणाम नहीं हैं। ये इस बात के संकेत हैं कि भारतीय शहरों की योजना, शासन व्यवस्था, वित्तपोषण और रखरखाव की पूरी प्रणाली में गंभीर संरचनात्मक कमियाँ मौजूद हैं। अब बहस इस बात पर नहीं रह गई है कि जलवायु परिवर्तन अत्यधिक वर्षा की आवृत्ति और तीव्रता बढ़ा रहा है या नहीं - यह निर्विवाद सत्य है। अधिक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या हमारे शहर इस नई जलवायु वास्तविकता के अनुरूप स्वयं को पर्याप्त गति से ढाल पा रहे हैं? उपलब्ध साक्ष्य बताते हैं कि ऐसा नहीं हो रहा है।

भारत के अधिकांश शहरी बुनियादी ढाँचे का निर्माण उन ऐतिहासिक वर्षा पैटर्न के आधार पर किया गया था, जो आज की जलवायु परिस्थितियों से मेल नहीं खाते। दूसरी ओर, तीव्र शहरीकरण ने मिट्टी और हरित क्षेत्रों की जगह कंक्रीट बिछा दिया है, जिससे भूजल का पुनर्भरण कम हुआ है और वर्षा जल का बहाव कई गुना बढ़ गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में झीलें, आर्द्रभूमियाँ, गाँवों के तालाब और प्राकृतिक जल-निकासी मार्ग या तो अंधाधुंध शहरी विस्तार की भेंट चढ़ गए हैं या फिर इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं कि वे अपना प्राकृतिक कार्य नहीं कर पा रहे हैं। जो पानी पहले प्राकृतिक रूप से बाढ़ क्षेत्रों में फैल जाता था, वह अब घनी आबादी वाले कंक्रीट के जंगलों में फँस जाता है। नतीजा स्पष्ट है - जब भारी बारिश होती है तो पानी के निकलने के लिए कोई जगह नहीं बचती। फिर भी केवल जलवायु परिवर्तन यह नहीं समझा सकता कि हर वर्ष वही दृश्य क्यों दोहराए जाते हैं। इसके लिए शासन व्यवस्था की विफलताएँ भी समान रूप से जिम्मेदार हैं।



एनसीआर संस्थागत विखंडन का एक स्पष्ट उदाहरण है। केवल दिल्ली में ही नगर निगम, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली जल बोर्ड, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) तथा कई अन्य एजेंसियाँ शहरी बुनियादी ढाँचे के अलग-अलग हिस्सों की जिम्मेदारी संभालती हैं। दिल्ली के बाहर गुरुग्राम, नोएडा, गाज़ियाबाद और फरीदाबाद अलग-अलग नगर निकायों, विकास प्राधिकरणों और राज्य सरकारों के विभागों द्वारा संचालित होते हैं, लेकिन वर्षा का पानी प्रशासनिक सीमाओं को नहीं पहचानता।

इसके परिणाम हर जगह दिखाई देते हैं। सड़कों का पुनर्निर्माण भूमिगत उपयोगिताओं के साथ समन्वय किए बिना कर दिया जाता है। नालियाँ आगे के बड़े जल निकासी नेटवर्क से जुड़े बिना ही समाप्त हो जाती हैं। बुनियादी ढाँचे की परियोजनाएँ व्यापक जल-विज्ञान (हाइड्रोलॉजी) अध्ययन के बिना शुरू कर दी जाती हैं। रखरखाव की जिम्मेदारियाँ कई एजेंसियों में बँटी होने के कारण बाढ़ आने पर जवाबदेही भी बिखर जाती है।

भारत के शहरी बुनियादी ढाँचे की सबसे कमजोर कड़ी उसका रखरखाव है। राजनीतिक प्राथमिकताएँ स्वाभाविक रूप से एक्सप्रेसवे, फ्लाईओवर, मेट्रो विस्तार और स्मार्ट सिटी जैसी दिखाई देने वाली परियोजनाओं पर केंद्रित रहती हैं। इसके विपरीत मानसून से पहले नालों की सफाई, रिटेनिंग वॉल की जाँच, पुलियों की मरम्मत, भूमिगत उपयोगिताओं का मानचित्रण और पुराने हो चुके बुनियादी ढाँचे की नियमित निगरानी जैसे कम आकर्षक लेकिन अत्यंत आवश्यक कार्यों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता।

दिल्ली-एनसीआर में हाल ही में हुई सड़क धँसने की घटनाएँ इसी उपेक्षा का परिणाम हैं। सड़कें किसी एक बारिश से नहीं धँसतीं। ऐसी घटनाएँ आमतौर पर वर्षों से पाइपलाइन रिसाव, ठीक से न दबाई गई मिट्टी, पुराने उपयोगिता नेटवर्क, अपर्याप्त जल निकासी या बार-बार खुदाई के बाद उचित पुर्नस्थापन न होने के कारण सतह के नीचे जमा होती कमजोरियों का परिणाम होती हैं। भारी बारिश केवल उन कमजोरियों को उजागर कर देती है जो लंबे समय से विकसित होती रही हैं। इसलिए 'जलवायु अनुकूलता' (क्लाइमेट रेज़िलिएंस) को केवल पर्यावरणीय चिंता के रूप में नहीं देखा जा सकता। इसे शहरी बुनियादी ढाँचे की योजना का केंद्रीय सिद्धांत बनाना होगा।

इस परिवर्तन में प्रकृति-आधारित समाधानों को कहीं अधिक महत्व दिया जाना चाहिए। पुनर्जीवित आर्द्रभूमियाँ, शहरी वन, पानी सोखने वाले फुटपाथ, बायोस्वेल, वर्षा उद्यान, विकेंद्रीकृत वर्षा-जल संचयन प्रणाली और संरक्षित शहरी झीलें वर्षा-जल के बहाव को काफी हद तक कम कर सकती हैं तथा भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा दे सकती हैं। गुरुग्राम के लुप्त होते प्राकृतिक नाले और दिल्ली की सिकुड़ती आर्द्रभूमियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि पारिस्थितिक बुनियादी ढाँचे की उपेक्षा अंततः इंजीनियरिंग आधारित ढाँचे को भी कमजोर कर देती है।

नागरिकों को यह प्रश्न पूछने का भी अधिकार है कि सार्वजनिक निवेश वास्तव में कितनी स्थायी सुरक्षा प्रदान कर रहा है। एनसीआर में हर वर्ष करदाताओं के करोड़ों रुपये सुरंगों, अंडरपासों और प्रमुख सड़क परियोजनाओं पर खर्च किए जाते हैं, लेकिन सामान्य से थोड़ी अधिक वर्षा होते ही इनमें से अनेक संरचनाएँ जलमग्न हो जाती हैं–चाहे वह प्रगति मैदान सुरंग हो या क्षेत्र के अनेक अंडरपास। इससे एक बड़ा सवाल उठता है– क्या हमारी सड़कें केवल वाहनों की आवाजाही के लिए बनाई जा रही हैं, या उन्हें उन जलवायु परिस्थितियों में भी सुचारु रूप से कार्य करने योग्य बनाया जा रहा है जिनका उन्हें सामना करना है?

जैसे-जैसे जलवायु की चरम स्थितियाँ सामान्य होती जा रही हैं, भारत के शहरों के सामने एक निर्णायक विकल्प है। वे हर मानसून को एक अप्रत्याशित आपदा मानते हुए उसी पुराने ढर्रे पर चलते रह सकते हैं, या फिर इसे शहरी शासन और बुनियादी ढाँचे की वार्षिक परीक्षा के रूप में स्वीकार कर सकते हैं। दिल्ली-एनसीआर ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वास्तविक लचीलापन केवल चौड़ी सड़कें या बड़े नाले बनाने से नहीं आता। इसके लिए ऐसे शहरों का निर्माण करना होगा जिनकी योजना दूरदर्शी हो, शासन प्रभावी हो, रखरखाव नियमित और जिम्मेदार हो तथा जो बदलती जलवायु की वास्तविकताओं का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हों।

अध्यात्म

## अवसर का लाभ तभी मिलता है, जब उसके महत्व को समझा जाए

पुराने समय में एक राजा शिकार के लिए जंगल में गया। वह शिकार की तलाश में इतना आगे निकल गया कि अपने राज्य लौटने का रास्ता ही भूल गया। घंटों तक भटकने के कारण वह भूख और प्यास से व्याकुल हो गया। तभी उसे जंगल के बीच एक छोटी-सी झोपड़ी दिखाई दी। वहां रहने वाले वनवासी ने बिना किसी परिचय के राजा का आदर-सत्कार किया, उसे भोजन कराया और पानी पिलाया। वनवासी के व्यवहार से राजा प्रसन्न हुआ। उसने अपनी पहचान बताते हुए कहा, 'मैं इस राज्य का राजा हूं। तुम्हारी सेवा से प्रसन्न होकर मैं तुम्हें अपने नगर का एक चंदन का बाग उपहार में देता हूं।' राजा के आदेश पर वनवासी को वह बहुमूल्य बाग मिल गया। वनवासी को चंदन की लकड़ी के वास्तविक मूल्य और उपयोग की जानकारी नहीं थी। वह पेड़ों को काटता, उनकी लकड़ियां जलाकर कोयला बनाता और बाजार में बेच देता। उसे लगता था कि यही सबसे अच्छा लाभ है। धीरे-धीरे पूरे बाग के लगभग सभी चंदन के पेड़ समाप्त हो गए। केवल एक अंतिम पेड़ बचा। जिस दिन वह अंतिम पेड़ काटकर कोयला बनाने वाला था, उसी दिन तेज बारिश शुरू हो गई। भीगी लकड़ियों से कोयला बनाना संभव नहीं था। मजबूरी में उसने लकड़ी को उसी रूप में बाजार ले जाकर बेचने का निर्णय लिया। जैसे ही वह चंदन की लकड़ियां लेकर बाजार पहुंचा, उनकी सुगंध चारों ओर फैल गई। व्यापारियों ने ऊंची कीमत देकर सारी लकड़ियां खरीद लीं। वनवासी को पहली बार पता चला कि जिस लकड़ी को वह जलाकर मामूली कोयला बना रहा था, उसकी वास्तविक कीमत उससे कई गुना अधिक थी। यह जानकर वह गहरे पश्चाताप में डूब गया। उसने सोचा, यदि मुझे पहले ही चंदन का महत्व पता होता, तो मैं पूरे बाग से अपार संपत्ति अर्जित कर सकता था, लेकिन अज्ञानता ने उसके बहुमूल्य अवसर को साधारण कोयले में बदल दिया।

**सीखः** ईश्वर हर व्यक्ति को प्रतिभा, समय, अवसर और संसाधन देता है। अंतर केवल इतना होता है कि कुछ लोग उनके महत्व को पहचान लेते हैं और कुछ लोग अज्ञान या जल्दबाजी में उन्हें व्यर्थ कर देते हैं। लगातार ज्ञान प्राप्त करते रहें। किसी भी अवसर का लाभ तभी मिलता है, जब उसके मूल्य को समझा जाए। बिना जानकारी के लिया गया निर्णय अक्सर नुकसान पहुंचाता है।

# क्या सुधार बचा पाएंगे युवाओं का भविष्य

**अब यह यक्ष प्रश्न उठता है कि क्या ये नए कदम और विधेयक वास्तव में सुचिता पूर्ण परीक्षा सुनिश्चित कर पाएंगे। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, जहां सरकारी नौकरी और उच्च शिक्षा करोड़ों युवाओं के लिए सामाजिक-आर्थिक उत्थान का एकमात्र साधन है, वहां ऐसे सख्त कानूनों और तकनीकी सुधारों का महत्व अत्यधिक है। एक त्रुटिहीन परीक्षा प्रणाली न केवल योग्य उम्मीदवारों के अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि राष्ट्र के निर्माण में भी सही प्रतिभाओं का योगदान सुनिश्चित करती है। नंदन नीलेकणी जैसे विशेषज्ञ के नेतृत्व में तकनीक का एकीकरण और नए विधेयक के सख्त दंडात्मक प्रावधान मिलकर एक ऐसा मजबूत तंत्र विकसित कर सकते हैं, जिसे भेद पाना संगठित माफियाओं के लिए लगभग असंभव हो जाए। इस पूरी कवायद की सफलता पूरी तरह से इसके जमीनी क्रियान्वयन और व्यवस्था में बैठे लोगों की सत्यनिष्ठा पर निर्भर करेगी।**

**दुर्गेश्वर राय**

देश के लाखों युवाओं के सपनों और उनके भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में परीक्षाओं की शुचिता वर्तमान समय का सबसे ज्वलंत और संवेदनशील विषय बना हुआ है। हाल ही में नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में हुए पेपर लीक विवाद और उसके बाद भड़के राष्ट्रव्यापी छात्र आंदोलनों ने देश की परीक्षा प्रणाली की खामियों को पूरी तरह से बेपर्दा कर दिया। इन व्यापक विरोध प्रदर्शनों के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुए दबाव के बीच तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा, जिसके बाद प्रह्लाद जोशी ने शिक्षा मंत्रालय का नया कार्यभार संभाला है। छात्रों के इस आक्रोश ने स्पष्ट कर दिया कि केवल कागजी कानून से काम नहीं चलने वाला हैं। इन कानूनों के कठोरता से क्रियान्वयन और व्यवस्था में आमूलचूल तकनीकी सुधार करना ही होगा। इसी पृष्ठभूमि में, व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और छात्रों का खोया हुआ विश्वास बहाल करने के लिए प्रशासनिक और विधायी स्तर पर बड़े कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें हालिया संशोधन विधेयक और एक नई विशेषज्ञ समिति का गठन प्रमुख है।

इस नई व्यवस्था की आवश्यकता को समझने के लिए इसके मूल कानून, 'लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024' पर दृष्टि डालना आवश्यक है। फरवरी 2024 में पारित इस कानून का मुख्य उद्देश्य यूपीएससी, एसएससी और रेलवे जैसी संस्थाओं द्वारा आयोजित परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकना था। उस कानून में परीक्षा में व्यक्तिगत रूप से गड़बड़ी करने वालों के लिए तीन से पांच साल की सजा और दस लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान था, जबकि संगठित माफिया या संस्थागत संलिप्तता के मामले में पांच से दस साल की कैद और न्यूनतम एक करोड़ रुपये के जुर्माने की व्यवस्था की गई थी। हालांकि, वर्तमान में देश भर में हुए आंदोलनों ने यह साबित कर दिया कि ये सजाएं संगठित अपराध को रोकने के लिए पर्याप्त निवारक नहीं बन सकीं। यही कारण है कि नए संशोधन विधेयक के माध्यम से इन दंडात्मक प्रावधानों को और अधिक सख्त बनाने की रूपरेखा तैयार की गई है, ताकि शिक्षा माफियाओं के भीतर कानून का वास्तविक भय पैदा किया जा सके और मुकदमों की त्वरित सुनवाई सुनिश्चित की जा सके।

विधायी सख्ती के साथ-साथ, परीक्षा प्रणाली की तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण और ठोस प्रशासनिक कदम भी उठाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह से लीक-प्रूफ और तकनीक-संचालित बनाने के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की है। इस महत्वपूर्ण समिति का नेतृत्व भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के पूर्व अध्यक्ष व इन्फोसिस के सह-संस्थापक और प्रख्यात प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ नंदन नीलेकणी करेंगे।



यह एक बहु-विषयक समिति है जिसमें इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस सोमनाथ, इंटेलिजेंस ब्यूरो के पूर्व निदेशक तपन डेका, आईआईटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटी, पूर्व शिक्षा सचिव अनीता करवाल और लॉजिस्टिक्स विशेषज्ञ अमृत लाल मीणा जैसे अनुभवी दिग्गज शामिल हैं। इस टास्क फोर्स का मुख्य जोर विशेष रूप से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की परीक्षा प्रणाली को तकनीकी दृष्टिकोण से सुधारने और पुनर्गठित करने पर होगा। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठा रही है कि हमारी परीक्षा प्रणाली विश्वसनीय और पारदर्शी हो, तथा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए। हालांकि, राजनीतिक मोर्चे पर कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने इस कदम की आलोचना करते हुए इसे केवल प्रधानमंत्री की छवि सुधारने का एक प्रयास करार दिया है।

अब यह यक्ष प्रश्न उठता है कि क्या ये नए कदम और विधेयक वास्तव में सुचिता पूर्ण परीक्षा सुनिश्चित कर पाएंगे। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, जहां सरकारी नौकरी और उच्च शिक्षा करोड़ों युवाओं के लिए सामाजिक-आर्थिक उत्थान का एकमात्र साधन है, वहां ऐसे सख्त कानूनों और तकनीकी सुधारों का महत्व अत्यधिक है। एक त्रुटिहीन परीक्षा प्रणाली न केवल योग्य उम्मीदवारों के अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि राष्ट्र के निर्माण में भी सही प्रतिभाओं का योगदान सुनिश्चित करती है। नंदन नीलेकणी जैसे विशेषज्ञ के नेतृत्व में तकनीक का एकीकरण और नए विधेयक के सख्त दंडात्मक प्रावधान मिलकर एक ऐसा मजबूत तंत्र विकसित कर सकते हैं, जिसे भेद पाना संगठित माफियाओं के लिए लगभग असंभव हो जाए।

इस पूरी कवायद की सफलता पूरी तरह से इसके जमीनी क्रियान्वयन और व्यवस्था में बैठे लोगों की सत्यनिष्ठा पर निर्भर करेगी। यदि इन सुधारों को इनकी सच्ची भावना के साथ लागू किया गया, तो यह निश्चित रूप से देश के मेहनती युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
रिश्तेदारों के साथ अचानक चर्चा हो सकती है। आपसी सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। सोशल मीडिया से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में आपको क्षमता से अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। व्यर्थ की बातों में समय बर्बाद न करें। करियर और शिक्षा को लेकर थोड़ा तनाव हो सकता है।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में स्थानान्तरण होने के योग बन रहे हैं। बॉस आपके काम से बहुत प्रसन्न रहेंगे। सरकारी कार्यों में कुछ धीमापन हो सकता है।

**कर्क**
अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लेना लाभकारी सिद्ध होगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं। क्रोध एवं तनाव के कारण दिनचर्या खराब हो सकती है।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में उत्तम प्रदर्शन को लेकर चर्चा होगी। परोपकार और समाज कल्याण के कार्यों में अपना सहयोग देंगे। जीवनसाथी आपकी अतिरिक्त देखभाल करेगा।

**कन्या**
यदि आवश्यक न हो तो बड़े आर्थिक लेन-देन आज कम करें। कार्यक्षेत्र में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। नया करियर शुरू करने का विचार बना सकते हैं।

**तुला**
आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि बढ़ेगी। युवा जातक प्रेम विवाह की योजना बना सकते हैं। अपनी नीतियों को सदैव स्पष्ट रखें तथा उनमें फेर-बदल न करें।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। क्रोध में आकर किसी भी विषय पर प्रतिक्रिया न दें। समय पर काम करने से आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**धनु**
आज आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। अविवाहितों को विवाह के प्रस्ताव मिलने के योग बन रहे हैं। सकारात्मक लोगों के साथ आपके सम्बन्ध मजबूत होंगे।

**मकर**
पुराने कर्जों के कारण आपको तनाव हो सकता है। परिवार और कार्यक्षेत्र में जैसा चल रहा है वैसा ही चलने दें। नये कार्य की रूपरेखा बनायेंगे। किसी नजदीकी मित्र से मनमुटाव हो सकता है।

**कुंभ**
व्यापार में अपेक्षा से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आपके पास नयी जिम्मेदारियाँ आ सकती हैं। आज मन में सन्तोष की भावना रहेगी। ऐसा कोई काम न करें।

**मीन**
आपको कार्यक्षेत्र में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। राजनीतिक मामलों से जुड़े लोगों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### शुद्ध वातावरण के लिए पूर्व सैनिकों ने लगाए 100 पेड़

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व सैनिक संघ द्वारा हरित क्रांति, हरियाली, शुद्ध वातावरण को ध्यान में रखते हुए पौधा लगाने का कार्य किया। गुरुवार को बालाजी नगर न्यू मैनपुरा सगुना मोड़ दानापुर में पूर्व सैनिकों ने 100 पेड़ लगाकर इसका शुरूआत किया। जिससे आने वाले दिनों में यहां के लोग इसका फल, फूल और शुद्ध वातावरण का लाभ मिलेगा। इस संदर्भ में संघ के संयोजक अरुण फौजी ने कहा कि हर एक व्यक्ति अपने जीवन में कर्तव्य दिखाते हुए 1 पेड़ लगाने का कार्य करें। जिससे वातावरण हरा भरा होने के साथ लोगों को ताजी हवा मिल सके। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने कहा कि संघ द्वारा इस महीने में प्रत्येक सप्ताह पेड़ लगाने का काम किया जाएगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष बी एन सिंह, प्रवक्ता मनोज सिंह, कृष्ण सिंह, एस पी वर्मा, संतोष कुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह, टी एन तिवारी एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित थे।





### बगीचे से किलोस्कर कंपनी की मोटर, पाइप और तार चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र में इन दिनों किसानों के खेतों मे और बागिचे मे लगा मोटर पंपसेट की चोरी बढ गई है,ऐसे मे गुरुवार को भी एक बगीचे से अज्ञात चोरों ने किलोस्कर कंपनी का समरसेबल मोटर, पाइप और तार चोरी कर ली। घटना की शिकायत पीड़ित ने धनरुआ थाने में दी है। भखरी निवासी संजीव कुमार पाण्डेय उम्र 57 पिता स्व. राजेश्वर पाण्डेय ने आवेदन में बताया कि 30 जुलाई 2026 की सुबह 6:00 बजे जब वह अपने बगीचे पहुंचे तो वहां लगा किलोस्कर कंपनी का 1 लढ का मोटर, पाइप और तार नहीं मिला। काफी खोजबीन के बाद भी सामान का कुछ पता नहीं चल सका। आशंका है कि किसी अज्ञात चोर ने रात में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।पीड़ित ने थानाध्यक्ष से आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच करने और चोरी गए सामान को बरामद कराने की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी और लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

### सावन को लेकर जीआरपी की कड़ी चौकसी

**बोल बम यात्रियों की भीड़ की आशंका, आरपीएफ-जीआरपी मुस्तैद**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन के पावन महीने की शुरूआत गुरुवार से हो गई। बाबा धाम और विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक के लिए ट्रेनों के जरिए शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की आशंका को देखते हुए जीआरपी और रेल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।रेलवे प्रशासन के निर्देश पर तारेगना रेलवे स्टेशन पर रेल थाना अध्यक्ष सोनू कुमार के नेतृत्व में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। गुरुवार से स्टेशन पर आने-जाने वाली सभी ट्रेनों में विशेष सघन तलाशी अभियान चलाया जायेगा,पुलिस ने सभी प्लेटफार्मों पर संदिग्ध सामान, अवैध वस्तुओं और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जांच-पड़ताल की। स्टेशन के कई जगहों पर पुलिस का कड़ा पहरा देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि सावन माह में भीड़ बढ़ने के कारण किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और पुलिस का सहयोग करें।रेल प्रशासन ने कहा कि पूरे सावन महीने भर यह विशेष निगरानी और तलाशी अभियान जारी रहेगा ताकि शिवभक्तों की यात्रा सुरक्षित और सुगम हो सके।




### आवारा कुत्तों का आतंक, 15 दिन में 312 लोगों ने लगवाया रेबीज का टीका

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इन दिनों मसौढ़ी शहर से लेकर गांव तक आवारा कुत्तों का आतंक लोगों की नाक में दम कर रहा है। सुबह-शाम स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग और राहगीर कुत्तों के झुंड से सहमे हुए हैं। हर गली-मोहल्ले में काटने की घटनाएं बढ़ गई हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी से मिली जानकारी के अनुसार 17 जुलाई से 30 जुलाई तक महज 15 दिनों में कुल 312 लोगों ने रेबीज रोधी वैक्सीन लगवाई है। पीएससी प्रभारी डॉ. रामानुज ने बताया कि औसतन हर महीने 100 से 125 मरीज पूरे मसौढ़ी प्रखंड से वैक्सीन लेने आते हैं, लेकिन इस बार संख्या अचानक बढ़ गई है। डॉक्टर ने लोगों से अपील की है कि कुत्ते के काटने पर घाव को साबुन से धोकर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और टीका जरूर लगवाएं। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद और प्रखंड प्रशासन से आवारा कुत्तों के नसबंदी और पकड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।



### नाबालिग से यौन शोषण, विरोध पर चाकू मारा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नदौल गांव में शादी का प्रलोभन देकर एक नाबालिग से दो महीने तक यौन शोषण और विरोध करने पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़िता की दादी साफिया खातून उर्फ फुद्दन ने मसौढ़ी थाना में लिखित शिकायत देकर आरोपी और उसके परिजनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन के अनुसार नदौल निवासी मो. जिशान मलिक पिता हसीन मलिक ने शादी का झांसा देकर उनकी नाबालिग पोती के साथ करीब दो महीने तक यौन उत्पीड़न किया। जब 28 जनवरी 2026 की रात करीब 11 बजे पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने धारदार चाकू से उस पर अनगिनत वार कर लहूलुहान कर दिया। शिकायत में बताया गया है कि बचाने आई पीड़िता की बहन रजिका खातून पर भी जिशान ने चाकू से हमला किया। इस दौरान जिशान की दो बहनें रानू और रानी तथा पिता हसीन मलिक ने भी मिलकर मारपीट की। हमले में रजिका का हाथ कट गया। जान बचाकर पीड़िता पड़ोस के घर भागी तो आरोपी वहां भी पीछा कर चाकू से हमला करने पहुंच गया। शोर सुनकर आसपास के लोग जुटे तब आरोपी दीवार कूदकर फरार हो गया।पीड़िता का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया गया है। मसौढ़ी थाना में दर्ज संख्या 682/26 दिनांक 29.01.2026 में ढडउरड एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी मो. जिशान मलिक समेत 4 लोगों को नामजद किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

### 15 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को मसौढ़ी पुलिस ने 15 किलो गांजा के साथ एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई मसौढ़ी पुलिस और एक बाहरी पुलिस टीम के सहयोग से खरांट मोड़ के पास की गई। दरअसल एक बाहरी पुलिस की टीम उस रास्ते से गुजर रही थी जहां संदेह के आधार पर एक युवक से पूछताछ करने के लिए आगे बढी जहाँ पुलिस को देखकर युवक भागने लगा, जिसे खदेड़कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 15 किलो गांजा बरामद किया गया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजू कुमार के रूप में हुई है, जो गंगाचक का रहने वाला है। पूछताछ के बाद उसे मसौढ़ी पुलिस के हवाले कर दिया गया, गिरफ्तार युवक से पूछताछ में गांजा तस्करी के पूरे नेटवर्क का खुलासा होने की उम्मीद है। उससे यह भी पूछा जा रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में गांजा वह कहां से ला रहा था और किसे सप्लाई करने जा रहा था।

# सड़क किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी, शव के पास मिला देसी कट्टा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ अनुमंडल के बाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकंदरपुर गांव में गुरुवार सुबह सड़क किनारे स्थित प्राथमिक विद्यालय सिकंदरपुर स्कूल के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव के पास ही एक देसी कट्टा भी पड़ा मिला है, जिससे घटना को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं।



स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह जब ग्रामीण अपने दैनिक कार्यों के लिए घरों से बाहर निकले तो उनकी नजर सड़क किनारे पड़े शव पर पड़ी। इसके बाद तत्काल बाढ़ थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रथम दृष्टया मृतक के सिर में गोली लगने के निशान दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, यह हत्या है, आत्महत्या है या किसी अन्य परिस्थिति में मौत हुई है, इसका खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। लेकिन कुछ लोगों का कहना है कि युवक,बासोबगी गांव का है और इसका नाम सुजीत कुमार है लेकिन पुलिस अभी स्पष्ट नहीं कर पाई है पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। घटना के कारण पूरे इलाके में दहशत और चर्चा का माहौल है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। बाढ़ थानाध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह ने बताया कि हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है। लिखित तहरीर मिलने के बाद ही आरोप का खुलासा हो सकेगा ।जांच पड़ताल में सुजीत के मानसिक परेशानी में रहने की बात सामने आई है। वहीं दूसरी तरफ पैसे का लेनदेन का भी मामला हो सकता है।

## थार-ऑटो की टक्कर में ऑटो चालक की मौके पर मौत, 3 घायल

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया डोभी एनएच-22 पर गुरुवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला। केवड़ा ओपी थाना क्षेत्र के पोठही स्थित बाबा रेस्टोरेंट के सामने एक थार और ऑटो में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।मृतक की पहचान हरिवंश यादव पिता नंदू यादव निवासी चिनिया बेला, थाना पुनपुन के रूप में हुई है। बताया जाता है कि ऑटो धनरुआ की ओर से पुनपुन की तरफ जा रहा था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार थार ने उसे सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। वह इस घटना के बाद थार में सवार सभी लोग भाग निकले, सूचना मिलते ही केवड़ा ओपी पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त थार और ऑटो को सड़क किनारे हटवाकर यातायात बहाल कराया। दोनों वाहनों को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।इस हादसे के बाद एनएच-22 पर कुछ देर तक जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



## सोते बेटे के सिर पर कुदाल से वार, मौत से जूझ रहा युवक

**मसौढ़ी के महुआ बीघा में शराब के नशे में वारदात, आरोपी पिता फरार**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संपत्ति बंटवारे का विवाद खून के रिश्ते पर भारी पड़ गया। गुरुवार सुबह मसौढ़ी थाना क्षेत्र के महुआ बीघा गांव में एक पिता ने शराब के नशे में अपने ही बेटे के सिर पर कुदाल से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के मुंह में धकेल दिया। घायल बेटा जिंदगी और मौत के बीच पीएमसीएच में संघर्ष कर रहा है।घायल की पहचान पिंटू कुमार पिता केदार यादव के रूप में हुई है। गांव वालों के मुताबिक केदार यादव के 4 बेटे हैं, जो सभी बाहर प्राइवेट नौकरी करते हैं। सबसे बड़ा बेटा पिंटू ही पिता के साथ गांव में रहकर खेती-बाड़ी देखता था। पिछले कई दिनों से बाप-बेटे के बीच जमीन और घरेलू बंटवारे को लेकर झगड़ा चल रहा था। केदार अक्सर शराब पीकर पिंटू से मारपीट करता था। गुरुवार सुबह केदार सलेमपुर से लौटा और सो रहे पिंटू को उठाकर कुदाल से सिर पर कई बार वार कर दिए। चीख-पुकार सुनकर परिजन और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। खून से लथपथ पिंटू को पहले मसौढ़ी अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। बेर्रा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार ने बताया कि पिंटू की स्थिति अभी भी चिंताजनक है। डॉक्टरों की टीम इलाज में जुटी है। वारदात के बाद आरोपी पिता केदार यादव फरार है। पुलिस मामला जांच में जुटी है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है। लोग इस बर्बरता से सहमे हुए हैं। वहीं थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि यह पूरा घटना बाप बेटे के बीच संपत्ति बंटवारे को लेकर हुई है पूरे मामले की तह तक जांच की जा रही है।



## बीएमडब्ल्यू वेंचर्स लिमिटेड, पटना द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम तिमाही की बिना जांचा के वित्तीय परिणाम घोषित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएमडब्ल्यू वेंचर्स लिमिटेड ने सेबी रेगुलेशन्स, 2015 के प्रावधानों के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2026-27 के क्यू-1 की समाप्ति पर 3 माह की अवधि के लिए अपने बिना जांचा वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं।

**कुल राजस्व :** वित्तीय वर्ष 2026-27 के क्यू-1 के दौरान कंपनी का कुल राजस्व ₹608.90 करोड़ रहा, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 के क्यू-1 में यह ₹484.59 करोड़ था। इस प्रकार कंपनी ने ₹ 124.31 करोड़ की वृद्धि दर्ज की, जो वर्ष - दर वर्ष 25.65% की बढ़ोतरी को दशार्ता है।

**कर पूर्व लाभ :** कंपनी का कर पूर्व लाभ वित्तीय वर्ष 2026-27 में क्यू-1 के दौरान ₹14.15 करोड़ रहा, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह ₹ 10.54 करोड़ था । इस प्रकार PBT में ₹ 3.61 करोड़ की वृद्धि दर्ज की, जो वर्ष-दर- वर्ष 34.31% की बढ़ोतरी को दशार्ता है।

**कर पश्चात लाभ :** वित्तीय वर्ष 2026-27 में क्यू-1 के दौरान कंपनी का कर पश्चात लाभ ₹ 10.58 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष ₹ 8.03 करोड़ था। इस प्रकार PBT में ₹2.55 करोड़ की वृद्धि दर्ज की, जो वर्ष-दर- वर्ष 31.79% की बढ़ोतरी को दशार्ता है।

**फैब्रिकेशन यूनिट का प्रदर्शन :** कंपनी की फैब्रिकेशन यूनिट ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के क्यू-1 के दौरान उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस अवधि में यूनिट से ₹7.10 करोड़ का व्यवसाय प्राप्त हुआ, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 के क्यू-1 के दौरान यह ₹3.83 करोड़ था। इस प्रकार यूनिट ने ₹3.27 करोड़ की वृद्धि दर्ज की, जो वर्ष दर वर्ष 85.38% की बढ़ोतरी को दशार्ता है। इसके अतिरिक्त, 1 जुलाई 2026 के दिन फैब्रिकेशन यूनिट को पहले ही ₹67.85 करोड़ से अधिक के कायार्देश प्राप्त हो चुके हैं, जो कंपनी के फैब्रिकेशन यूनिट के भविष्य के विकास को और अधिक मजबूत आधार प्रदान करते हैं।

## नीट पेपर लीक आंदोलन की जीत पर मसौढ़ी, धनरुआ, पुनपुन में संकल्प मार्च

**'एनटीए भंग करो' के लगे नारे**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नीट पेपर लीक के खिलाफ छात्र-युवा आंदोलन की ऐतिहासिक जीत और माले विधायक संदीप सौरभ सहित आंदोलनकारियों की रिहाई के उपलक्ष्य में संकल्प दिवस के तहत राजव्यापी कार्यक्रम आयोजित किया गया। मसौढ़ी अनुमंडल के मसौढ़ी, धनरुआ और पुनपुन प्रखंडों में भाकपा माले, ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन और इंकलाबी नौजवान सभा के संयुक्त बैनर तले मार्च और सभा हुई।मसौढ़ी में शहीद-ए-आजम भगत सिंह माले कार्यालय से निकला जो मार्च थाना रोड, मेन रोड और स्टेशन रोड होते हुए डाकघर के पास सभा में तब्दील हुआ। मार्च का नेतृत्व भाकपा माले केंद्रीय कमेटी सदस्य व फुलवारी के पूर्व विधायक गोपाल रविदास और राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार ने किया। धनरुआ में प्रखंड सचिव अक्लू पासवान, युवा नेता बबलू चौधरी, चितरंजन पासवान और पंचायत समिति सदस्य राजकिशोर पासवान के नेतृत्व में मार्च निकला। पुनपुन में इंकलाबी नौजवान सभा के जिला सचिव मिथिलेश कुमार, हरेंद्र दास और माले नेता मुन्ना चौहान अगुवाई कर रहे थे। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि नीट सहित सभी परीक्षाओं में भ्रष्टाचार के लिए एनटीए को रद्द किया जाए। शिक्षा का बाजारीकरण बंद हो, प्राइवेट विश्वविद्यालय अधिनियम वापस हो और विश्वविद्यालयों में 300% फीस वृद्धि वापस ली जाए। ऑनर्स में नामांकन के लिए 7.5 सीजीपीए की अनिवार्यता खत्म की जाए। सभी रिक्त पदों पर अविलंब बहाली हो।नेताओं ने मांग की कि आंदोलन के दौरान दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाएं, नगर नौसा के आंदोलनकारियों को "आतंकी" बताकर जारी लुक आउट नोटिस पर सरकार माफी मांगे।मसौढ़ी में राकेश कुमार, नागेश्वर पासवान, मनीष पासवान, सत्येंद्र पासवान, संजय पासवान सहित सैकड़ों छात्र-युवा और महिला कार्यकर्ता शामिल थे। धनरुआ में राजकिशोर प्रसाद, चितरंजन प्रसाद, जितेंद्र राम मौजूद थे। पुनपुन में हरेंद्र प्रसाद, मुन्ना कुमार ने भाग लिया।





### दहेज प्रताड़ना मामले में फरार 3 वारंटी गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के देवकली गांव में 2018 के दहेज प्रताड़ना मामले में फरार चल रहे पति समेत 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। करीब 8 साल से फरार चल रहे सभी आरोपियों को विशेष टीम ने घर से दबोचा। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान मक्कू ठाकुर उर्फ बबन कुमार, राकेश ठाकुर उर्फ राकेश प्रसाद और मुन्ना ठाकुर उर्फ मुन्ना प्रसाद के रूप में हुई है। तीनों पिता सुरेश ठाकुर उर्फ सुरेश प्रसाद निवासी देवकली हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह मामला धनरुआ थाना कांड संख्या 319/18 दिनांक 04/09/2018 से जुड़ा है। वादिनी अमृता कुमारी पति उमेश ठाकुर निवासी गोपालपुर, थाना नौबतपुर ने शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि 29.08.2018 को दहेज में 5 लाख रुपये की मांग पूरी नहीं करने पर ससुराल वालों ने किचन में लोहे के रोड से मारपीट की और घर से भगा दिया। घायल अवस्था में पीड़िता को इलाज के लिए एनएमसीएच पटना में भर्ती कराना पड़ा था।इस मामले में दहेज अधिनियम के तहत केस दर्ज था।

## एस.यू. कॉलेज में शुक्रवार को मुंशी प्रेमचंद जयंती पर व्याख्यानमाला का आयोजन

**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समीपवर्ती श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय(एस.यू. कॉलेज, हिलसा) के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के सौजन्य से कल शुक्रवार 31 जुलाई, 2026 को कलम के सिपाही, कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती के पावन अवसर पर एक दिवसीय व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस गरिमामयी संगोष्ठी का मुख्य विषयः 'प्रेमचंद के साहित्य की प्रासंगिकता' रखा गया है। इस बात की जानकारी देते हुए हिंदी विभागाध्यक्ष सह कार्यक्रम के आयोजक डॉ. घनश्याम कुमार ने बताया कि इस एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद्, प्रखर आलोचक और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) बज्रांग प्रताप 'हिंद केशरी' उपस्थित रहेंगे। प्रो. हिंद केशरी प्रेमचंद के साहित्य की समकालीन समाज में उपयोगिता और उसकी प्रासंगिकता पर अपना सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के संरक्षक और एस.यू. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शिवचन्द्र सिंह ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य भारतीय समाज, विशेषकर ग्रामीण चेतना और शोषित वर्ग का जीवंत दस्तावेज है। आज के दौर में उनके विचारों को समझना और उन पर विमर्श करना बेहद जरूरी है। कॉलेज प्रशासन इस गरिमामयी आयोजन को भव्य बनाने के लिए पूरी तरह तत्पर है। विभागाध्यक्ष डॉ. घनश्याम कुमार,मीडिया प्रभारी व नॉनटीचिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव नयन ने कॉलेज के सभी प्राध्यापकों,कर्मियों और छात्र-छात्राओं से इस ज्ञानवर्धक व्याख्यानमाला में समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। संगोष्ठी में प्रेमचंद के कृतित्व पर गंभीर विमर्श के साथ-साथ उनके कालजयी उपन्यास, कहानियों के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला जाएगा।




### कम प्रीमियम में 10 सालों तक मिलेगी आर्थिक सुरक्षा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** घर का लोन, बच्चों की पढ़ाई या बिजनेस लोन जैसी बड़ी जिम्मेदारियों के दौरान परिवार की आर्थिक सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। हर व्यक्ति की आर्थिक जरूरत और जिम्मेदारियां अलग होती हैं। किसी को पूरी जिंदगी के लिए सुरक्षा चाहिए, तो किसी को सिर्फ कुछ निश्चित वर्षों के लिए। इसी सोच के साथ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस लेकर आया है आईप्रोटेक्ट स्मार्ट प्लस प्लान में 10 साल के लाइफ कवर का विकल्प। यह प्लान खासतौर पर उन लोगों के लिए तैयार किया गया है, जिनके सामने अगले कुछ वर्षों तक घर, बच्चों की पढ़ाई या बिजनेस लोन जैसी बड़ी आर्थिक जिम्मेदारियां होती हैं। इसके तहत, कम प्रीमियम में ज्यादा लाइफ कवर के साथ 67,100 रुपए तक की मुफ्त हेल्थ और वेलनेस सेवाएँ, 3 लाख रुपए तक का इंस्टेंट क्लेम भुगतान और लाइलाज बीमारी का पता चलने पर 100% राशि का भुगतान जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं।

## एस.यू. कॉलेज हिलसा में पीजी के 3 नए विषयों को मंजूरी

**रसायन विज्ञान, हिंदी और मनोविज्ञान में 2026-28 सत्र से 30-30 सीटों पर नामांकन**

**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छात्र शक्ति के संगठन की जीत हुई। जदयू छात्र संगठन और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 8 दिन के लगातार आंदोलन के बाद पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना ने बुधवार को जारी अधिसूचना के माध्यम से एस.यू. कॉलेज, हिलसा में स्नाकोत्तर के शैक्षणिक सत्र 2026-2028 से रसायन विज्ञान, हिंदी और मनोविज्ञान विषय में पढ़ाई शुरू करने की स्वीकृति दे दी है। प्रत्येक विषय में 30-30 सीटें निर्धारित की गई हैं। इस मांग को लेकर जदयू और एबीवीपी ने साझा आंदोलनात्मक रुख अपनाया। दोनों संगठनों ने मिलकर पिछले 08 दिनों तक धरना-प्रदर्शन और तालाबंदी की। हिलसा बाजार में जदयू और एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से आक्रोश मार्च भी निकाला और विश्वविद्यालय प्रशासन से पीजी शुरू करने की मांग की। जैसे ही आंदोलन तेज हुआ, विश्वविद्यालय ने मांगों पर गहन समीक्षा करते हुए 3 विषयों में पढ़ाई शुरू करने की स्वीकृति दे दी। जदयू नेताओं ने कहा - जदयू का संघर्ष कभी व्यर्थ नहीं जाता। परीक्षा केंद्र की स्थानीय स्थापना से लेकर अब पीजी शुरू कराने तक छात्रहित के हर मुद्दे पर जदयू ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी है। इस आंदोलन को सफल बनाने में रिशु पटेल,आशीष कुमार, साहिल पटेल, नीतीश कुमार, विकास कुमार, सत्यम, उदित नारायण, आशीष रंजन सहित कई छात्र नेताओं की मेहनत और कोशिश काफी रही।



## पुलिस पर हमले के बाद बांसडीह मुसहरी में सन्नाटा, 26 नामजद, अब तक 4 गिरफ्तार

**गश्ती गाड़ी रोककर पत्थरबाजी और लाठी-डंडे से हमला, महिला समेत 4 धराए**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र के बांसडीह मुसहरी में पुलिस गश्ती गाड़ी पर हुए हमले के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है। घटना के बाद पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी है। अब तक 4 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें एक महिला भी शामिल है। लहसुना थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सुदर्शन कुमार के बयान पर 26 नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोप है कि पुलिस पर हमला, सरकारी राइफल छीनने की कोशिश, जानलेवा हमला और सरकारी गाड़ी क्षतिग्रस्त करने की धाराएं लगाई गई हैं। थानाध्यक्ष विक्रम कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह गश्त कर लौट रही पुलिस की गाड़ी जैसे ही बांसडीह मुसहरी से गुजरी, कुछ असामाजिक तत्वों ने पहले ताड का डंपल फेंककर गाड़ी रोकने की कोशिश की। इसके बाद हमलावरों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी और लाठी-डंडे लेकर पुलिस टीम पर टूट पड़े।इस हमले में एसआई सुदर्शन कुमार के अलावा महिला पुलिस बल की पल्लवी कुमारी, खुशी कुमारी और प्रीति कुमारी घायल हो गईं। सभी का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर बांसडीह मुसहरी में छापेमारी की गई। बुधवार को 3 और गुरुवार को देवमंती देवी पति निरंजन मांझी महिला आरोपी को गिरफ्तार किया गया।गुरुवार को पूरे गांव में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई।



## सिमरिया घाट से लावारिस हालत में राइफल, मैगजीन और 2 जिंदा कारतूस बरामद, इलाके में हड़कंप

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से अति महत्वपूर्ण माने जाने वाले मोकामा के प्रसिद्ध सिमरिया घाट से गुरुवार को पुलिस ने लावारिस हालत में हथियार बरामद किया है। इससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।मराँची थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कसहा दियारा क्षेत्र में सिमरिया घाट के पास आपसी वर्चस्व को लेकर हथियार लाया गया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाया।जांच के दौरान सिमरिया घाट परिसर में बालू में गाड़ा हुआ एक बोरा बरामद हुआ। बोरे को खोलने पर उसमें से एक राइफल, एक मैगजीन और 02 जिंदा कारतूस बरामद किए गए।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही असामाजिक तत्व मौके से फरार हो गए, या फिर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की नीयत से हथियारों को छुपाकर रखा गया था। पुलिस ने सभी बरामद सामानों को जब्त कर लिया है।इस मामले में मराँची थाना में प्राथमिकी दर्ज कर गहन छानबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह हथियार किसका है और इसे घाट पर किस मंशा से लाया गया था। संदिग्ध ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।घटना के बाद गंगा तट और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सिमरिया घाट पर रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में समय रहते पुलिस की इस कार्रवाई से एक बड़ी अनहोनी टल गई। फिलहाल पुलिस क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा कर रही है।



## संक्षिप्त समाचार

### आशा दिवस पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदापुर में गुरुवार को आशा दिवस का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया,जिसमें विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी जिसमें आशा कार्यकर्ताओं के साथ परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता फैलाने पर विशेष



चर्चा किया गया जिसमें मोबियस फाउंडेशन की आकार परियोजना के अंतर्गत जननी संस्था द्वारा परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई सुविधाओं के बारे में बताया एवं अपने कार्यक्षेत्र के लोगों को टीबी का स्क्रीनिंग कराने को कहा गया एवं सभी आशा के ड्यू तथा सर्वे की गहनता से जाँच कर छूटे हुए गर्भवती एवं बच्चों को जोड़ने को कहा गया। इस दौरान बीसीएम गुड्डु कुमार,वरीय उपचार पर्यवेक्षक पप्पू कुमार राय, जननी संस्था से सबीना खातून,समरेंद्र कुमार ठाकुर फैसिलिटेटर जमाले आरा,रीता देवी,रूना देवी,संजू कुमारी,सोनी देवी,सुनीता कुमारी जायसवाल,आशा रंजू कुमारी,सरिता देवी,बबीता देवी,चम्पा देवी,कलावती देवी, सरोज देवी समेत अन्य आशा कर्मी मौजूद थीं।

### तीन घरों को निशाना बनाकर 30 लाख की संपत्ति उड़ाई

**रसूलपुर(एकमा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनएच-531पर के किनारे थाना से महज चार सौ मीटर की दूरी पर चड़वां गांव में बुधवार की द रात अज्ञात चोरों ने एक साथ तीन घरों को निशाना बनाकर पुलिसिया गश्त की पोल खोल दी। बेखौफ चोरों ने गांव के तीन अलग-अलग घरों में घुसकर नकद समेत लाखों रुपये मूल्य के जेवरात और सामान पर हाथ साफ कर दिया। एक ही रात में हुई चोरी की इस दुस्साहसिक वारदात से पूरे गांव के लोग सहमे हुए हैं और स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं. चोरों ने सबसे पहले छत के रास्ते रौशन श्रीवास्तव के घर को निशाना बनाया, वहां से कई कमरों के



आलमीरा तोड़कर कीमती कपड़े और लाखों रूपए मूल्य की संपत्ति बटोर ले गए. इसके बाद चोरों ने मुकुल श्रीवास्तव के घर में धावा बोला और वहां भी कई लाख की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया. चोरों का तांडव यहीं नहीं रूका उन्होंने इब्रान अली के घर को भी खंगाला जहां साठ हजार रूपए नकद समेत तकरीबन बीस लाख के गहने ले उड़े. हालांकि थानाध्यक्ष प्रिंस राज ने एक घर में चोरी की पुष्टि की है, पुलिस टीम गांव में पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है और संदिग्धों से पूछताछ के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है.

### 13 चालकों से ₹17,500 जुर्माना वसूला

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना पुलिस ने गुरुवार को वाहन जांच अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 13 वाहन चालकों से कुल 17,500 रुपये जुर्माना वसूला। यह अभियान छपरा-सिवान मुख्य मार्ग पर एकमा परसा मोड़ के समीप थानाध्यक्ष राम बालक यादव के नेतृत्व में चलाया गया। जांच के दौरान पुलिस ने दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाणपत्र, बीमा, हेलमेट सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की सघन जांच की।



जिन वाहन चालकों के पास आवश्यक कागजात नहीं मिले या जिन्होंने यातायात नियमों का उल्लंघन किया, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कुल 17,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। थानाध्यक्ष राम बालक यादव ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वाहन जांच अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। उन्होंने सभी वाहन चालकों से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने, आवश्यक दस्तावेज साथ रखने तथा यातायात नियमों का पूर्ण पालन करने की अपील की। अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक कुंदन कुमार, सुरेश राम, मुकेश कुमार, विक्रम कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल रहे।

### सीआरपीएफ जवान पिंटू कुमार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजापाकर प्रखंड क्षेत्र के फरीदपुर गांव निवासी सीआरपीएफ जवान पिंटू कुमार (32) का गुरुवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े और सभी ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की। झारखंड के चाईबासा में ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उनका निधन हो गया था। इलाज के लिए उन्हें जमशेदपुर के



अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। गुरुवार को हाजीपुर के कोनहारा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सीआरपीएफ के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अपने साथी को अंतिम सलामी दी। अंतिम संस्कार के समय पूरा माहौल गमगीन हो गया। पत्नी आरती कुमारी, माता प्रमिला देवी, पिता शिवजी साह तथा अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। डेढ़ माह के मासूम बेटे समेत दो बेटियों को देखकर मौजूद लोगों की आंखें भी भर आईं। पिंटू कुमार वर्ष 2016 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में भर्ती हुए थे। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रियां और डेढ़ माह का एक पुत्र छोड़ गए हैं। अंतिम विदाई के मौके पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी ने दिवंगत जवान की देशसेवा को नमन करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उप विकास आयुक्त, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में निदेशक, एनईपी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), सहायक अभियन्ता (मनरेगा), कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), कनीय अभियन्ता एवं पंचायत तकनीकी सहायक उपस्थित थे। मानव दिवस सृजन समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिला स्तर पर 76.19 प्रतिशत की उपलब्धि है, जबकि राज्य स्तर पर 154.98 प्रतिशत की उपलब्धि है। कुछ प्रखण्डों की उपलब्धि निराशाजनक पायी गई, जिसमें संग्रामपुर प्रखण्ड में 41.96 प्रतिशत, पहाड़पुर प्रखण्ड में 48.02 प्रतिशत, बनकटवा प्रखण्ड में 50.01 प्रतिशत, अरेराज प्रखण्ड में 54.04 प्रतिशत, मेहसी प्रखण्ड में 56.244 प्रतिशत, कोटवा प्रखण्ड में 59.66 प्रतिशत एवं पताही प्रखण्ड में 60.15 प्रतिशत है। सभी संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारियों को कम से कम 75 प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। पीएमएवाईजी अभिसरण समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिला स्तर पर कुल 24066 योजनाओं में से 3250 योजनाओं में एमआर निर्गत कर 13.50 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की गई है, जिसमें कुछ प्रखण्डों की उपलब्धि असंतोषजनक है, जो इस प्रकार है कोटवा प्रखण्ड में 00 प्रतिशत, पीपराकोठी प्रखण्ड में 00 प्रतिशत, चकिया प्रखण्ड में 0.26 प्रतिशत, पहाड़पुर प्रखण्ड में 1.65 प्रतिशत, संग्रामपुर प्रखण्ड में 3.69 प्रतिशत तेतरिया प्रखण्ड में 6.25 प्रतिशत, पताही प्रखण्ड में 7.42 प्रतिशत एवं छौड़ादानों प्रखण्ड में 8.99 प्रतिशत एवं घोड़ासहन प्रखण्ड में 9.67 प्रतिशत की उपलब्धि है। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को पीएमएवाईजी अभिसरण में एक सप्ताह के अन्दर अपेक्षित प्रगति प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। ई.-केवाईसी समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले में कुल 4,46,741 सक्रिय मजदूरों में से 3,90,350 मजदूरों का ई. केवाईसी कर जिला स्तर पर 87.41 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की गई है। कुल 56,220 ई. केवाईसी हेतु लंबित है। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर शत-प्रतिशत सक्रिय मजदूरों का ई. केवाईसी कराने का निर्देश दिया गया। जियो टैगिंग समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जियो टैगिंग में जिला स्तर पर प्रथम फेज में 09 मामले, द्वितीय फेज में 1507 एवं तृतीय फेज में 2188 मामले लंबित है, जिसमें तृतीय फेज में सबसे अधिक मामले कल्याणपुर प्रखण्ड में 199, पकड़ीदयाल प्रखण्ड में 189, रामगढ़वा प्रखण्ड में 187, केसरिया प्रखण्ड में 177, बनकटवा प्रखण्ड में 167, पहाड़पुर प्रखण्ड में 149, घोड़ासहन प्रखण्ड में 130 एवं चिरैया प्रखण्ड में 116 मामले लंबित है। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर तीनों फेज के सभी लंबित मामले का निष्पादन कराने का निर्देश दिया गया। कार्य पूर्णता समीक्षा के क्रम में पाया गया कि मनरेगा के तहत कुल 43399 योजनाएं प्रारंभ की गई, जिसमें 2287 योजनाएं पूर्ण कर 5.27 प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त की गई है। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को कार्य योजना बनाते हुए कम से कम 90 प्रतिशत अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। वृक्षारोपण योजना इस योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष-2026-27 के लिए जिला स्तर पर 950400 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें मात्र 13.05 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की गई है। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर निर्धारित लक्ष्य के अनुसार योजना प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया।

## क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 87वीं समीक्षा बैठक




**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय/हाजीपुर में क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 87वीं बैठक अमरेन्द्र कुमार, अपर महाप्रबंधक की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री कुमार ने कहा कि पूर्व मध्य रेल ह्क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहाँ अधिकांश कार्य हिंदी में ही होता है फिर भी राजभाषा से संबंधित अनुदेशों का अनुपालन दृढ़तापूर्वक किए जाने की आवश्यकता है. यदि अधिकारीगण छोटे-छोटे आदेश/टिप्पणी हिंदी में लिखें तो हिंदी के प्रयोग-प्रसार की दिशा में एक सकारात्मक माहौल बनेगा और इससे अधीनस्थ कर्मचारी भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। हिंदी की व्यापकता और सार्थकता सभी स्वीकारते हैं. अब समय आ गया है कि हम अपना दैनिक कामकाज हिंदी में करें. सरल और सहज शब्दों का प्रयोग करें, क्योंकि भाषा प्राथमिक रूप से अभिव्यक्ति और संवाद का माध्यम है. एक टीम के रूप में कार्य करते हुए हम यह सुनिश्चित करें कि धारा 3 (3) समेत राजभाषा के सभी महत्वपूर्ण निदेशों का अनुपालन कड़ाई से किया जाए तभी बैठक की सार्थकता सिद्ध होगी. इस अवसर पर राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कार्मिक विभाग को अपर महाप्रबंधक द्वारा अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान किया गया. इसे सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने प्राप्त किया. सविता गेडाम, मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर ने अपने वक्तव्य में कहा कि राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में आज दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है. ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जहाँ और अधिक प्रयास करके हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाए जाने की आवश्यकता है. संघ की राजभाषा नीति के अनुरूप सभी कामकाज शत-प्रतिशत हिंदी में किए जाएं. उन्होंने राजभाषा विभाग द्वारा पिछली तिमाही में किए गए कार्यों का संक्षिप्त ब्यौरा भी दिया. बैठक का संचालन करते हुए उप महाप्रबंधक (राजभाषा) केशव त्रिपाठी ने कहा कि राजभाषा का प्रचार-प्रसार आपसी सहयोग से ही संभव हो सकता है. मुख्य राजभाषा अधिकारी महोदय के मार्गदर्शन और महाप्रबंधक के संरक्षण में राजभाषा विभाग हिंदी के प्रयोग-प्रसार को गति प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है. राजभाषा प्रयोग-प्रसार के इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के मंडलों, कारखानों आदि के उच्च अधिकारी उपस्थित थे, उन्होंने अपने विभागों, मंडलों आदि में राजभाषा के प्रचार-प्रसार की स्थिति के संबंध में समिति को सूचित किया. इस अवसर पर कई वरिष्ठ रेल अधिकारियों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए. इसके अलावा क्षेत्रीय राजभाषा प्रतियोगिता में सफल अधिकारी/कर्मचारियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया. बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन अनिल कुमार शर्मा, राजभाषा अधिकारी द्वारा दिया गया.

## अरेराज बाबा सोमेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण का डीएम एवं एसपी ने लिया जायजा



**मोतिहारी/ अरेराज/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा श्रावणी मेला के शुभारंभ के अवसर पर बाबा सोमेश्वर नाथ मंदिर परिसर सहित संपूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण कर प्रशासनिक तैयारियों की जायजा ली गई। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरेराज सहित अनुमंडल प्रशासन के सभी पदाधिकारी गण उपस्थित थे। मेला क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि विधि व्यवस्था से संबंधित सभी पहलुओं पर बारीक नजर रखी जाए। किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी नहीं हो इसको प्राथमिकता दिया जाए। मेडिकल कैंप सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से कार्य करें, इसे सुनिश्चित कराई जाए। संपूर्ण मेला अवधि के दौरान साफ सफाई की समुचित व्यवस्था उपलब्ध रहे, इसको भी प्राथमिकता दिया जाय। मेला क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से सभी जरूरी जानकारी आम मेलार्थियों को नियमित अंतराल पर प्रेषित किया जाए जिसमें मुख्य रूप से क्या नहीं करना है की जानकारी शामिल हो। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने स्थान पर बन रहे एवं आसपास के क्षेत्र पर भी नजर रखें यह निर्देश दिया गया।

## दिनदहाड़े सीएसपी संचालक को गोली मार चार लाख रुपये लूटे, इलाके में दहशत

**बैंक से रुपये निकालकर लौट रहे संचालक को तीन हथियारबंद बदमाशों ने बनाया निशाना**



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के दीपही व बगहा गांव के बीच गुरुवार की दोपहर दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए एसबीआई के एक सीएसपी संचालक को गोली मारकर रुपयों से भरा बैग लूट लिया। वारदात के बाद इलाके में दहशत फैल गई। घायल संचालक को स्थानीय लोगों की मदद से मोतिहारी के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर अपराधियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। घायल सीएसपी संचालक की पहचान घोड़ासहन थाना क्षेत्र के महुआही मुर्शिदाबाद गांव निवासी बृजलाल साह के पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। वह वर्षों से भेलवा बाजार स्थित एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) का संचालन करते हैं। जानकारी के अनुसार, मुकेश कुमार गुरुवार को बगहा स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा से नकदी निकालकर अपने सीएसपी लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से पीछा कर रहे अपाची बाइक पर सवार तीन नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने दीपही व बगहा गांव के बीच बगीचा के समीप उन्हें रोक लिया। विरोध करने पर अपराधियों ने उनके बांह में गोली मार दी और रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। बैग में करीब चार लाख रुपये होने की बात कही जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए दीपही शेख टोली की ओर भाग निकले। ग्रामीणों ने तत्काल घायल को अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही सिकरहना डीएसपी अभिषेक कुमार तथा चिरैया थानाध्यक्ष अंवेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस को मौके से एक खोखा बरामद हुआ है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं तथा ग्रामीणों से पूछताछ कर अपराधियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## घर के पास बथान में बैठकर मोबाइल देख रहे युवक पर अपराधियों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर थाना क्षेत्र के कुतुबपुर डुमरी गांव में बाइक सवार अपराधियों का तांडव देखने को मिला है। एक बाइक पर सवार तीन की संख्या में आए अपराधियों ने अपने घर के पास बैठे एक युवक पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। युवक के बाएं पैर के घुटने के पास दो गोली लग गई। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों को आता देख अपराधी फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया गया। जहां घायल युवक का इलाज चल रहा है। उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। घायल युवक की पहचान कुतुबपुर डुमरी गांव निवासी अमरनाथ पासवान के 26 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार बताया गया है। घटना के संबंध में घायल राहुल ने बताया कि घर के पास बथान में बैठकर मोबाइल देख रहे थे। तभी एक बाइक पर सवार तीन की संख्या में गोली चलते अपराधी आए और हम पर भी गोली चला दी। हम वहां से भागने लगे तभी हमारे पैर में दो गोली लग गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सदर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। पुलिस ने मौके से खोखा भी बरामद किया है। इस संबंध में सदर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि एक युवक को गोली लगने की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर खोखा बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि युवक अपने दरवाजे के पास बैठा हुआ था बाइक सवार बदमाश आया और गोली चलाते हुए निकल गया।

## सशक्त स्थायी समिति की बैठक सम्पन्न

**नगर विकास एवं जनसुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर हुआ विमर्श**



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को नगर परिषद हाजीपुर के सभापति कार्यालय में सभापति डॉ. संगीता कुमारी की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के समग्र विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ बनाने से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में कौनहारा घाट स्थित मोक्षधाम के आधुनिक विकास किया जायेगा। समिति ने इस महत्वपूर्ण स्थल को श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। प्रस्तावित योजना के अंतर्गत मोक्षधाम परिसर का सौंदर्यीकरण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था, सुगम आवागमन, हरित वातावरण तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं का विकास किए जाने पर चर्चा हुई, ताकि यह स्थल गरिमामय एवं सुव्यवस्थित स्वरूप में विकसित हो सके। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र में आवारा एवं निराश्रित पशुओं की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के उद्देश्य से एबीसी सेंटर के निर्माण के विषय पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त नगर परिषद क्षेत्र में स्थापित डबल ईईएसएल स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत एवं रखरखाव को लेकर भी विस्तार से समीक्षा कर खराब एवं बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की शीघ्र मरम्मत कर उन्हें पुनः चालू कराया जाएगा। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र की विभिन्न सड़कों एवं नालों पर क्षतिग्रस्त एवं टूटे हुए स्लैबों को प्राथमिकता के आधार पर बदलने एवं नए स्लैब लगाने पर भी विस्तृत चर्चा कर शीघ्र मरम्मत एवं निर्माण कार्य कराया जाएगा। सभापति डॉ. संगीता कुमारी ने कहा कि नगर परिषद हाजीपुर का उद्देश्य केवल विकास कार्य कराना ही नहीं, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ, आधुनिक एवं सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है। बैठक में लिए गए सभी निर्णयों पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार दास, उपसभापति कंचन कुमारी, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य सुधा देवी, रंजीत कुमार, नगर प्रबंधक दीपक कुमार तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बुलेट सवार व्यक्ति की मौत

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर थाना क्षेत्र के अनजानपीर स्थित बालू मंडी के पास बुधवार की शाम करीब 6:00 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार एक व्यक्ति को कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी डायल 112 की पुलिस एवं स्थानीय थाने की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कागजी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक बिदुपुर थाना क्षेत्र के बिशनपुर तीतर वार्ड नंबर 10 गांव निवासी बताए गए हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम मृतक पशुपति सिंह अनजान पीर चौक के तरफ से बुलेट पर सवार होकर अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बालू मंडी के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मार दी। जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## विश्व मानव तस्करी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व मानव तस्करी निरोध दिवस के अवसर पर श्रम संसाधन कार्यालय के सभा भवन में नेत्रिका फाउंडेशन एवं मानव सेवा संस्थान के बैनर तले आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिला विधिक सेवा संघ के सचिव सिविल जज नितिन त्रिपाठी ने मानव तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक समस्या के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया गया। मानव तस्करी मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है, जिसमें महिलाओं, बच्चों एवं कमजोर वर्गों को झूठे प्रलोभन, धोखाधड़ी अथवा बलपूर्वक शोषण का शिकार बनाया जाता है। इसका उद्देश्य प्रायः जबरन श्रम, यौन शोषण, बाल विवाह, भिक्षावृत्ति तथा अन्य अवैध गतिविधियों में लोगों का उपयोग किया जाता है जिसके लिए जन जागृत पर बल दिया। उन्होंने नागरिकों से अपील की गई कि वे रोजगार, शिक्षा अथवा विवाह के नाम पर दिए जाने वाले संदिग्ध प्रस्तावों से सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित प्रशासन या पुलिस को दें। समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह मानव तस्करी के विरुद्ध जागरूकता फैलाए और पीड़ितों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाए। श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश ने कहा कि विश्व मानव तस्करी निरोध दिवस हमें यह



संकल्प लेने की प्रेरणा देता है कि हम सभी मिलकर मानव तस्करी मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान दें तथा प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान, स्वतंत्रता और सुरक्षा की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहें। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीपप्रज्वल कर की।आगत अतिथियों का स्वागत नेत्रिका फाउंडेशन के निदेशक डॉ कमलेश कुमार के द्वारा अंगवस्त्रम व मोमेंटो भेंट कर किया गया।कार्यक्रम का संचालन नीरज कुमार ने किया।अवसर विशेष पर नवोदय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य जगत नारायण प्रसाद,डॉ मंजर नसीम, संगीता चित्रांश, सुजीत कुमार सिंह, डॉ स्नेहा एस चौरसिया,अरुण कुमार श्रीवास्तव, सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार,दिग्विजय कुमार, श्यामल प्रतीक,उमेश साह, आदि ने सम्बोधित किया।इस अवसर पर रक्सौल के माहेर, डंकन, प्रथम, लांस क्लब, सिटीजन फॉर्म, भारत विकास परिषद के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## राइज प्रशिक्षण से स्वास्थ्यकर्मियों का टीकाकरण कौशल होगा और सशक्त

**डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को मिलेगी नई मजबूती**



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में रैपिड इम्यूनाइजेशन स्किल एन्हांसमेंट (राइज) कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, चिकित्सा अधिकारी, बीसीएम, बीएचएम, एएनएम एवं टीकाकरण कार्यक्रम से जुड़े स्वास्थ्यकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को राइज प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिजिटल लर्निंग की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि यह प्लेटफॉर्म स्वास्थ्यकर्मियों के नियमित टीकाकरण संबंधी ज्ञान एवं कौशल को लगातार अद्यतन रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसमें इंटरेक्टिव ई-लर्निंग मॉड्यूल, ऑनलाइन क्विज, गेम आधारित शिक्षण, रियल-टाइम मॉनिटरिंग, ऑनलाइन मूल्यांकन तथा प्रशिक्षण पूर्ण होने पर ई-सर्टिफिकेट जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रशिक्षण में राइज ऐप के पांच प्रमुख मॉड्यूल की विस्तार से जानकारी दी गई। इनमें टीकाकरण सत्र एवं माइक्रोप्लान प्रबंधन, सुरक्षित इंजेक्शन एवं वैक्सीन प्रशासन, कोल्ड चेन प्रबंधन के सिद्धांत, टीकाकरण के बाद होने वाली प्रतिकूल घटनाओं (एईएफआई) का प्रभावी प्रबंधन तथा वैक्सीन हिचकिचाहट को दूर करने के लिए संवाद कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। प्रशिक्षकों ने बताया कि इन मॉड्यूलों के माध्यम से स्वास्थ्यकर्मियों की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी और नियमित टीकाकरण सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को राइज ऐप पर पंजीकरण, लॉग-इन, प्री एवं पोस्ट असेसमेंट, मॉड्यूल पूर्ण करने तथा ई-सर्टिफिकेट प्राप्त करने की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. विशाल प्रकाश एवं अन्य अधिकारियों ने मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण प्रदान करते हुए प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया। प्रशिक्षण के अंत में अधिकारियों ने कहा कि डिजिटल तकनीक आधारित यह पहल स्वास्थ्यकर्मियों की दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ जिले में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस प्रशिक्षण सत्र में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. विशाल प्रकाश, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. राजेश कुमार, डीएमएंडइएवं रितु राज, यू-विन कोऑर्डिनेटर रणधीर, जेएसआई (राइज) के एसपीएम डॉ. रितेश कुमार, जेएसआई के प्रोग्राम ऑफिसर चंदन सिंह तथा वैशाली जिले के सभी एमओआईसी एवं बीएचईए ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

CMYK

## एक नजर

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**बिहारशरीफ।** पावापुरी ओपी थाना क्षेत्र के साईडीह गांव में गुरुवार को करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी उपेंद्र पासवान के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है। परिजनों के अनुसार उपेंद्र पासवान खेत की ओर गए थे। इसी दौरान वे बिजली के पोल की अर्थिंग के संपर्क में आ गए और तेज करंट की चपेट में आने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद वे घटनास्थल पहुंचे। सूचना मिलते ही पावापुरी ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत निकाली संकल्प यात्रा

**नगरनौसा।** नगरनौसा प्रखंड के आइसा -आरवाईए - भाकपा (माले) के लोकल कमिटी ने गुरुवार के दिन संयुक्त रूप से मिल राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत नगरनौसा में संकल्प यात्रा निकाला गया। संकल्प यात्रा का नेतृत्व कॉमरेड रामदास अकेला ने किया। संकल्प यात्रा नगरनौसा बाजार के विभिन्न स्थानों से घूमते हुए बस स्टैंड के पास पहुंच खत्म हुआ। इस मौके पर कॉमरेड रामदास अकेला ने कहा कि भाजपा सरकार अपने किए गए वादे से हमेशा मुकरती रही है। इसलिए हमें सभी साथियों के घर वापस आने तक चौकन्ना रहना होगा और इसके लिए प्रशासन पर जरूरी दवाब बनाए रखना होगा। उन्होंने सरकार से पालीगंज विधायक का. संदीप सौरभ के ऊपर नीट आंदोलन के दौरान भाजपाई साजिश के तहत भाजपा द्वारा कराया गया मुकदमा वापस लेने की मांग की साथ ही नगरनौसा के सभी आंदोलनकारियों पर से मुकदमें वापस लेने,सरकार अखबार में आंदोलनकारियों को दुर्दांत अपराधी की तरह लुकआउट नोटिसध्फोटो जारी करने के लिए माफी मांगने,आंदोलनकारियों पर एके 47 से फायरिंग का आदेश देने वाले अधिकारी पर कार्रवाई की।

### करंट लगने से 77 वर्षीय वृद्ध की मौत

**हरनौत।** प्रखंड के सरथा पंचायत अंतर्गत सरथा गांव में करंट लगने से 77 वर्षीय वृद्ध रोहन रविदास की मौत हो गई। वह पिछले करीब 20 वर्षों से गांव के जितेंद्र सिंह के घर की देखभाल और साफ-सफाई का कार्य करते थे। बुधवार की देर शाम रोज की तरह सफाई के दौरान वह बिजली की चपेट में आ गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश की तो वह बिजली के तार के संपर्क में मृत अवस्था में मिले। सूचना पर वेना थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में करंट लगने से मौत की पुष्टि हुई है। वहीं समाजसेवी सुरेश सिंह ने पीडित परिवार को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, तीन घायल

**रजौली।** थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर-ए स्थित एनएच-20 पर विजय वाटिका होटल के समीप गुरुवार को दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक बाइक सड़क के कट को पार कर रही थी। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर जा गिरे। बताया जाता है कि टक्कर मारने वाली बाइक पर चार लोग सवार थे, जिनमें से दो युवक दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. निवेदिता नंदिनी ने प्राथमिक उपचार किया। हादसे में गंभीर रूप से घायल हरदिया सेक्टर-ए निवासी अजय कुमार के पुत्र रंजन कुमार की स्थिति चिंताजनक होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया।

### ननिहाल से निकला युवक चार दिनों से लापता, परिजनों ने पुलिस से लगाई गुहार

**रजौली।** गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के धरमपुर गांव निवासी 20 वर्षीय अभिषेक कुमार पिछले चार दिनों से लापता है। वह इन दिनों अपने ननिहाल रजौली थाना क्षेत्र के तिलैया गांव में रह रहा था। परिजनों ने उसकी बरामदगी के लिए रजौली थाना में लिखित आवेदन दिया है, जिसके बाद पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, अभिषेक 28 जुलाई को दोपहर करीब 12 बजे घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिलने पर परिवार ने पुलिस की शरण ली। लापता युवक के पिता उपेंद्र दास ने बताया कि अभिषेक की लंबाई करीब 5 फीट 5 इंच है और उसके चेहरे पर हल्की दाढ़ी है। घर से निकलते समय उसने सफेद शर्ट और नीला ट्राउजर पहन रखा था। उन्होंने बताया कि रिश्तेदारों, मित्रों और आसपास के गांवों में लगातार तलाश की गई, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त होते ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### कार से भारी मात्री में देसी शराब जब्त

**मदनपुर।** आंजन थाना की पुलिस द्वारा रात्रि गश्ती के दौरान बुधवार की रात एक कार से भारी मात्रा में देसी शराब बरामद किया गया है। जबकि कारोबारी मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया थाना क्षेत्र में रात्रि गश्ती के दौरान चांद बिगहा के समीप एक कार सवार पुलिस को देख वाहन खड़ी कर मौके से फरार हो गया। इसके बाद उस कार की तलाशी में 290 लीटर चुलाई महुआ शराब जब्त किया गया। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जरी है।

### गुरु पूर्णिमा पर सूर्यकुण्ड स्थित गायत्री मंदिर में पंचकुण्डीय यज्ञ एवं दीक्षा समारोह संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** सौर तीर्थ देव स्थित सूर्यकुण्ड परिसर के राम-लक्ष्मण-जानकी गायत्री मंदिर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में पंचकुण्डीय गायत्री यज्ञ, व्यास पूजन एवं दीक्षा समारोह श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं गायत्री महामंत्र के साथ हुई। इसके बाद सामूहिक मौन जप-ध्यान, व्यास पूजन तथा पंचकुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रों के बीच आहुतियां अर्पित कर सुख-समृद्धि एवं लोककल्याण की कामना की। यज्ञ के दौरान जन्मदिवस, नामकरण, विद्यारंभ एवं अन्य संस्कार भी संपन्न कराए गए। सायंकाल दीपयज्ञ से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में आलोकित हो उठा। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में गायत्री ट्रस्ट के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन समिति द्वारा की गई व्यवस्थाओं की उपस्थित लोगों ने सराहना की।

### दो पक्षों के बीच मारपीट, दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के नैकी गांव में रास्ते और मकान के छज्जे को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। इस मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए रफीगंज थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पहले पक्ष से शांति देवी ने आरोप लगाया है कि 28 जुलाई की रात करीब 8 बजे वीरेंद्र यादव, उदय यादव एवं उनके परिवार के अन्य सदस्य घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए उन्हें बाहर खींचकर ईंट-पत्थर से मारपीट की। उदय यादव की पत्नी ने ईंट से हमला कर उनके सिर पर गंभीर चोट पहुंचाई। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पति राम जतन यादव के साथ भी लाठी-डंडे से मारपीट की गई, वहीं दूसरे पक्ष के उदय यादव ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि घटना के समय वह अपने घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान राम जतन यादव गाली-गलौज करते हुए पहुंचे और लाठी से उनके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बुल्लू कुमार एवं नन्हक यादव ने भी लाठी-डंडे से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। उदय यादव के अनुसार विवाद मकान का छज्जा निकालने को लेकर हुआ। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन प्राप्त कर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

# रफीगंज रेलवे स्टेशन पर मानव तस्करी विरोध जागरूकता अभियान आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** मानव तस्करी विरोध दिवस के अवसर पर रफीगंज रेलवे स्टेशन परिसर में दीप ज्योति कल्याण संस्थान, औरंगाबाद एवं रेलवे सुरक्षा बल के संयुक्त तत्वावधान में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य यात्रियों एवं आम नागरिकों को मानव तस्करी, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा तथा संदिग्ध गतिविधियों के प्रति सतर्क करना था। कार्यक्रम के दौरान आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी रामसुमेर, आरपीएफ आरक्षी विनय कुमार, अपर पुलिस निरीक्षक नीतेश कुमार सिंह, दीप ज्योति कल्याण संस्थान के जिला समन्वयक रितेश कुमार, सीएसडब्लयू सरिता कुमारी एवं जपिल कुमार ने उपस्थित लोगों को मानव तस्करी के विभिन्न स्वरूपों, इसके दुष्परिणामों तथा बचाव के उपायों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, लावारिस बच्चों या जबरन ले जाए जा रहे लोगों की सूचना तत्काल रेलवे सुरक्षा बल या स्थानीय पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि जन-जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता से ही मानव तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक समस्या पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। इस अवसर पर यात्रियों के बीच जागरूकता संबंधी जानकारी साझा की गई तथा सभी से मानव तस्करी के विरुद्ध सजग रहकर समाज को सुरक्षित बनाने में अपना सहयोग देने की अपील की गई।

# डॉ प्रकाश चंद्रा से गरिमा और परंपरा समृद्ध करने की उपराष्ट्रपति को उम्मीद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बिहार के नवनिर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन द्वारा किये गए संबोधन से प्रेरित होकर ओबरा से विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा ने उनको आभार पत्र लिखा था। जिसमें उन्होंने बताया था कि उनके संबोधन से कई तरह की प्रेरणा मिली। ज्ञान की प्राप्ति हुई। सार्वजनिक जीवन में काम करने का उत्साह और शक्ति पूर्व की अपेक्षा अधिक प्राप्त हुई। इसी के जवाब में उपराष्ट्रपति ने उनके पत्र का जवाब देते हुए लिखा कि "मेरे संबोधन के संबंध में आपके विचारपूर्ण पत्र के लिए मैं आभारी हूं। मुझे खुशी है कि अभिविन्यास कार्यक्रम आपके लिए सार्थक और प्रेरणादायक साबित हुआ।" उप राष्ट्रपति ने अपने पत्र में लिखा है कि मुझे आशा है कि मेरे संबोधन में साझा किए गए विचार आपके विधायी दायित्वों के निर्वहन में मार्गदर्शक शक्ति का काम करेंगे। आप विधानमंडल की गरिमा को बनाए रखेंगे, लोकतांत्रिक परंपराओं को समृद्ध करेंगे और निस्वार्थ सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे। आपके अच्छे स्वास्थ्य, सुख और विधायी दायित्वों में सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं। बिहार और राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान और उद्देश्यपूर्ण सेवा से परिपूर्ण कार्यकाल के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा ने उप राष्ट्रपति को लिखे पत्र में कहा था कि-बिहार विधानसभा के नव निर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम में आपका सान्निध्य और मार्गदर्शन प्राप्त करना मेरे सार्वजनिक जीवन के सबसे अविस्मरणीय एवं प्रेरणादायी क्षणों में से एक है। आपका संबोधन प्रेरक, गहन और जीवन दृष्टि को बदल देने वाला सिद्ध हुआ। आज के समय में जब राजनीतिक दलों के बीच वैचारिक मतभेद कई बार व्यक्तिगत कटुता का रूप ले लेते हैं, तब आपके शब्दों ने लोकतंत्र की उस मूल भावना का स्मरण कराया, जो संवाद, सहिष्णुता और परस्पर सम्मान पर आधारित है। मेरे हृदय में यह अंकित हो गया कि-लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति स्वस्थ आलोचना में निहित है, विरोध में नहीं। आपने अत्यंत सहजता से बताया कि सदन के भीतर वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, किंतु सदन के बाहर व्यक्तिगत संबंध सदैव मधुर रहने चाहिए। आपने अपने संसदीय जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि अनेक बार सदन में तीखी बहस के बाद भी सभी सदस्य एक ही वाहन से साथ घर लौटते थे। यह प्रसंग केवल संस्मरण नहीं था. बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादाओं का जीवंत पाठ था। आपके प्रत्येक शब्द में अनुभव, प्रत्येक विचार में संवेदना और प्रत्येक संदेश में राष्ट्रहित की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। आपका उद्बोधन केवल भाषण नहीं था, बल्कि जनप्रतिनिधियों के लिए एक नैतिक संहिता था। मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि आपके विचारों ने केवल मुझे ही नहीं, बल्कि वहाँ उपस्थित प्रत्येक विधायक को भीतर तक प्रभावित किया होगा।

# कांवरियों की सेवा के लिए पथ प्रदर्शक ने लगाया निःशुल्क सेवा शिविर




**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रक्तदान और समाज सेवा के लिए चर्चित स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक ने श्रावणी मेले के दौरान कांवरियों की सेवा के लिए देवघर कांवरिया पथ स्थित धावाघाट में एक माह का निःशुल्क सेवा शिविर शुरू किया है। शिविर का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। शिविर में कांवरियों के लिए निःशुल्क प्राथमिक उपचार, दवा, शुद्ध पेयजल, नींबू शरबत, सूचना केंद्र तथा पैरों की मालिश की व्यवस्था की गई है। संस्था का उद्देश्य कठिन कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। संस्था के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पथ प्रदर्शक पहली बार श्रावणी मेले में कांवरियों की सेवा के लिए शिविर संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्था के सदस्य पूरी निष्ठा से सेवा कार्य में जुटे हैं तथा अन्य सामाजिक संगठनों को भी ऐसे धार्मिक आयोजनों में सेवा भाव के साथ भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने बताया कि रक्तसेवा से जुड़े विभिन्न राज्यों के स्वयंसेवकों ने भी शिविर में सहयोग देने की सहमति जताई है।

# एबीवीपी ने किया प्रदर्शन, महाविद्यालय ने दी सफाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बुधवार को दाउदनगर कॉलेज में इंटर्नशिप, स्पॉट नामांकन एवं पत्रिका के नाम पर कथित तौर पर हो रही अवैध वसूली के विरोध में प्राचार्य का पुतला दहन किया। गुरुवार को महाविद्यालय प्रशासन ने इस ओर सफाई देते हुए सभी आरोपों को खारिज कर दिया। कथित धांधली और भ्रष्टाचार के विरोध में ओमकार कुमार के नेतृत्व में एबीवीपी ने कॉलेज परिसर में प्रदर्शन कर प्राचार्य का पुतला दहन किया। जिला संयोजक प्रभात कुमार ने कहा कि कई दिनों से छात्रों द्वारा शिकायतें आ रही थी। इंटर्नशिप दिलाने के नाम पर 500 से 1000 रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही है। नामांकन के समय मेरिट को दरकिनार कर कैपिटेशन फी ली जा रही है। इसके साथ ही कॉलेज पत्रिका के नाम पर भी प्रत्येक छात्र से 500-700 रुपये जबरन वसूले जा रहे हैं, जबकि पत्रिका का प्रकाशन पिछले दो वर्षों से नहीं हुआ है। छात्र नेता मंगल चंद्रवंशी ने कहा कि इस तरह का रवैया नहीं रुका तो महाविद्यालय को अनिश्चितकाल के लिए बंद किया जाएगा। नगर मंत्री अमन साहू ने कहा कि दाउदनगर कॉलेज को दलालों का अड्डा बना दिया गया है। यदि पांच दिनों के अंदर अवैध वसूली बंद नहीं हुई एवं दोषी कर्मचारियों पर एफआईआर नहीं हुई तो जिला मुख्यालय में आंदोलन किया जाएगा। पूर्व जिला संयोजक अभय कुमार, आकाश कुमार आशीष खत्री,भोला आर्य, प्रिंस कुमार, मोहित कुमार, सूरज कुमार, दुर्गा कुमार, सोनू कुमार, अभिषेक चौधरी, भाष्कर गुप्ता, अभिषेक चौधरी, दीपू कुमार रहे। इसके बाद गुरुवार को कालेज प्रशासन ने बयान जारी कर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। प्रधानाचार्य प्रो.डॉ.एसएम इस्लाम ने बताया कि कथित अवैध वसूली का आरोप बिल्कुल निराधार है। महाविद्यालय इंटर्नशिप के नाम पर छात्रों से कोई पैसा नहीं ले रही है। छात्रों को यह सुविधा है कि वह किसी भी संस्थान से इंटर्नशिप करने के लिए स्वतंत्र है। ऑन-स्पॉट नामांकन में 'फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व' के आधार पर छात्रों से आवेदन लेकर नामांकन की प्रक्रिया को महाविद्यालय ने पूर्ण किया है। इसके अलावा कॉलेज पत्रिका के नाम पर किसी भी प्रकार से अवैध वसूली नहीं की जा रही है। महाविद्यालय द्वारा जो भी शुल्क लिया जाता है वह ऑनलाइन लिया जाता है तथा उसकी रसीद दी जाती है। पिछले तीन- चार वर्षों में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के सहयोग, लगनशीलता एवं अनुशासन के बल पर महाविद्यालय शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रसर हुआ है तथा यहाँ के छात्र-छात्राओं ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

# भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुआ बाणभट्ट महोत्सव




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर स्थित सम्राट अशोक सभागार में जनेश्वर विकास केंद्र एवं महोत्सव परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बाणभट्ट महोत्सव गुरुवार को भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य लालमोहन शास्त्री, गिरिराज महाराज, वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, प्रो. संजीव नारायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, भाजपा नेता अनिल आर्य, विनोद सिंह एवं प्रो. रामाधार सिंह सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाकवि बाणभट्ट पर आधारित जीवनी पुस्तक का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम संयोजक लालदेव प्रसाद, सहसंयोजक सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ कवि लवकुश प्रसाद, जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष रामजी सिंह, वीरेंद्र सिंह एवं आदित्य श्रीवास्तव सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। लोकगायक धर्मेंद्र यादव ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर समारोह का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता आचार्य लालमोहन शास्त्री ने कहा कि महाकवि बाणभट्ट संस्कृत साहित्य के महान रचनाकार थे। उनकी कालजयी कृतियां 'कादंबरी' और 'हर्षचरित' भारतीय साहित्य की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि बाणभट्ट के साहित्य का व्यापक प्रचार-प्रसार नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और समृद्ध साहित्यिक परंपरा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मान्यता के अनुसार महाकवि बाणभट्ट का जन्म हसपुरा प्रखंड के पीरू गांव में हुआ था। उन्होंने कहा कि बाणभट्ट की साहित्यिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस महोत्सव की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष बाणभट्ट की जन्मस्थली पीरू गांव में और अधिक व्यापक स्तर पर महोत्सव आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा। वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, प्रो. संजीव नारायण सिंह, अनिल आर्य, रेड क्रॉस अध्यक्ष सतीश सिंह तथा नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता ने अपने संबोधन में बाणभट्ट के साहित्यिक योगदान, संस्कृत भाषा के महत्व और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर बल दिया।

# उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से औरंगाबाद जिला के विकास एवं आंतरिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिदुओं की समीक्षा की गई। समीक्षा में उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा, आधारभूत संरचना एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा उपस्थित थे। साथ ही वन प्रमंडल पदाधिकारी रुचि सिह, वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, कार्यपालक अभियंता आरसीडी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में लगभग 94 करोड़ का फंड एससीए एवं डीओसी के माध्यम से प्राप्त हुआ है जिसके अंतर्गत 375 प्रोजेक्ट का काम चल रहा है। इनमे से 371 पूर्ण एवं 4 प्रोजेक्ट क्रियाशील है। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में संचार सुदृढ़ीकरण के तहत मोबाइल टावर कनेक्टिविटी के अंतर्गत कुल 40 टावर स्थापित किए जा चुके हैं जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क सुविधा में सुधार हो रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी औरंगाबाद जिला में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। बैठक में बताया गया की ड्रोन सर्विलांस के माध्यम से पॉपी की खेती को चिन्हित कर नष्ट किया जा रहा है। मुख्य सचिव द्वारा विकास को गति देने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए जिसमें उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में उद्योग, निजी महाविद्यालय एवं एएनएम कॉलेज की स्थापना हेतु विशेष प्रोत्साहन प्रदान किए जाएं। क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं रेल नेटवर्क के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाए। युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए "मेडल लाओ, नौकरी पाओ" जैसी योजनाओं के माध्यम से खेल एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सहभागिता बढ़ाई जाए। जिला प्रशासन द्वारा आश्वस्त किया गया कि सुरक्षा एवं विकास के समन्वित प्रयासों के माध्यम से औरंगाबाद को पूर्णतः उग्रवाद मुक्त एवं विकासशील जिला बनाने की दिशा में सतत कार्य किया जा रहा है।

# सूखे से जूझ रही तीन पंचायतों में लिफ्ट सिंचाई योजना की कवायद शुरू

**अंबा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कुटुंबा प्रखंड के दक्षिणी क्षेत्र में सूखे की गंभीर स्थिति के बीच परता, डुमरी और बलिया पंचायत के किसानों के लिए राहत की उम्मीद जगी है। लघु सिंचाई विभाग ने लिफ्ट सिंचाई योजना के तहत खेतों तक पानी पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह पहल विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह के प्रयासों के बाद तेज हुई है। विधान पार्षद ने बताया कि क्षेत्र के किसान लंबे समय से सिंचाई संकट से जूझ रहे हैं। किसानों की मांग पर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर लिफ्ट सिंचाई योजना का प्रस्ताव तैयार किया गया और स्थल निरीक्षण का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में लघु सिंचाई विभाग के एसडीओ गौरव कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर तकनीकी पहलुओं की समीक्षा की। एसडीओ ने बताया कि योजना का प्रारंभिक नक्शा विभाग को प्राप्त हो चुका है तथा आवश्यक स्वीकृतियों के बाद कार्य शुरू कराया जाएगा। विभागीय योजना के अनुसार जगदीशपुर गांव के समीप बटाने नदी पर अस्थायी बांध बनाकर पानी संग्रहित किया जाएगा। इसके बाद करीब एक किलोमीटर तक लिफ्ट सिंचाई प्रणाली से पानी भलवाड़ी वितरणी में पहुंचाया जाएगा, जहां से बेलाई और बलिया माइनर के माध्यम से खेतों तक सिंचाई की जाएगी। इसके लिए बंद पड़ी नहरों और माइनरों की मरम्मत भी प्रस्तावित है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा**

अल्पकालिन कोटेशन (उद्धरण) आमंत्रण सूचना (वर्ष 2026–27)

अल्पकालिन कोटेशन (उद्धरण) आमंत्रण सूचना संख्या– पथ/गढ़वा/692/2026–27 (गै0यो0)

दिनांक–29.07.2026

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | : | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 2 | कोटेशन (उद्धरण) प्राप्त करने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 12.08.2026 को 3.00 बजे अपराह्न तक। |
| 3 | कोटेशन (उद्धरण) खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 12.08.2026 को 3.30 बजे अप0 के बाद। |
| 4 | कोटेशन (उद्धरण) प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान | : | कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल गढ़वा के कार्यालय परिसर में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी क द्वारा। |
| 5 | कार्य का विवरण | : | वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु स्थापना व्यय अंतर्गत स्वीकृत प्रमण्डलीय कार्यालय परिसर में अवस्थि त, कार्यालय एवं कार्यपालक अभियंता के आवास का जिर्णोद्धार, सुसज्जीकरण एवं सौदर्यीकरण कार्य में निम्नांकित उपस्कर क्रय हतु कोटेशन (उद्धरण) |

| Sl. No. | Items | Qty. | Sl. No. | Items | Qty. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Godrej Parto Sofa 5 seater +Coffee Table | 1 set | 9 | Godrej Table T-104 36"x66" Office | 1 No. |
| 2. | Godrej Computer Table c-2 | 1 No. | 10 | Godrej Executive Table Mayfair 1350 ERU +Pedestal | 1 set |
| 3. | Godrej Computer Table c-11 | 1 No. | 11 | Godrej Executive La-Sade | 1 No. |
| 4. | Godrej Zurina King Bed +Mattress+Pillow (2) +Bed sheet | 1 set | 12 | Godrej Ex Chair Marvel | 1 No. |
| 5. | Godrej zurina Dressing Table | 1 No. | 13 | Godrej Vistor Chair CH-1007 Full Arms | 1 No. |
| 6. | Godrej Apex king Bed +Mattress+Pillow (2)+ Bedsheet | 1 set | 14 | Godrej Jack Dining Table 6 str wooden +Chair 6 | 1 set |
| 7. | Godrej Almirah Wardrobe H 1 GIS | 1 No. | 15 | Cello chair with Cushion Full Arms | 1 No. |
| 8. | Godrej Almirah Slimline 4SH Plain | 1 No. | 16 | Godrej Relax Chair with Arms | 1 No. |

आवश्यक शर्तें

1. उद्धरणदाता को उद्वरण प्रपत्र के साथ पैन नं0/जी0एस0टी0 नं0 का छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. बिना कारण बताये किसी भी समय उद्धरण रद्द/स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
3. उपर्युक्त गुणवतापूर्ण सामग्रियों की आपूर्ति पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा के कार्यालय में किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

PR 386301 (Road)26-27*D



**कार्यालय नगर परिषद, बिश्रामपुर (पलामू)**
**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132**
**Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com**

पत्रांक – 1643/न0प0, दिनांक – 30/07/2026

**आम–सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर परिषद, बिश्रामपुर के पत्रांक 1568 दिनांक 25.07.2026 के PRD सं0 PR 386000 (District) 26-27 (D) द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, बिश्रामपुर

PR 386294 District(26-27)#D



**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Circle, Garhwa**

**e-TENDER NOTICE**

e-tender in two parts (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (non-refundable) (In Rs.) | Time for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 203/PR/JBVNL/2026-27 | Sinking of one no 125/115 mm dia tube well and allied woks at Central Store, Garhwa under Electric Supply Circle, Garhwa. | 297100/– | 6000/– | 750.00+136.00 (GST 18%) = 886.00 | 45 days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender document on website | 01.08.2026 3:00 PM to 17.08.2026 at 2:00 PM |
| Last date and time for bid submission/uploading | 17.08.2026 at s2:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 18.08.2026 at 2:30 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | ESE, Electric Supply Circle, Garhwa |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules of e-tendering portal (**jharkhandtenders.gov.in**).
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतोंको टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Garhwa

PR 386275 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27).D

# एनटीपीसी बरौनी को मिला इंटरनेशनल सेफ्टी अवार्ड

## बिहार का सबसे बड़ा बैटरी स्टोरेज सिस्टम भी लगेगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** एनटीपीसी बरौनी में बुधवार को टाउनशिप स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस भवन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने मीडिया प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि एनटीपीसी बरौनी व्यावसायिक संचालन के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के जरिए विकास की नई गाथा लिख रहा है। प्रेस वार्ता में श्री घोष ने बताया कि एनटीपीसी समूह 90 गीगावाट की वर्तमान स्थापित क्षमता को 2032 तक 149 गीगावाट तक ले जाने का लक्ष्य रखता है। इसमें 60 गीगावाट ऊर्ज़ा सौर, जल एवं पवन जैसे नवीकरणीय स्त्रोतों से उत्पादित की जाएगी। परियोजना प्रमुख ने कहा कि एनटीपीसी बरौनी में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी का परिणाम है कि पिछले 3 वर्षों में यहां किसी भी प्रकार की दुर्घटना नहीं हुई। उत्कृष्ट सुरक्षा मानकों के लिए एनटीपीसी बरौनी को ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल द्वारा वर्ष के इंटरनेशनल सेफ्टी अवार्ड में 'मेरिट विनर' श्रेणी से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा नेशनल सेफ्टी काउंसिल ऑफ इंडिया ने भी इसे सेफ्टी अवार्ड-2025 के तहत 'सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट' दिया है। श्री घोष ने बताया कि यह गर्व की बात है कि एनटीपीसी का सबसे बड़ा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम एनटीपीसी बरौनी में लगाया जा रहा है। यह पूरे बिहार और बेगूसराय के लिए गौरव का विषय है। प्रेस वार्ता के दौरान परियोजना प्रमुख ने पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया और सभी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। पत्रकारों ने सामुदायिक विकास से जुड़े कई सुझाव भी दिए।जिस पर प्रबंधन ने सकारात्मक रुख अपनाया। इस अवसर पर अनिल कुमार त्रिपाठी, मुख्य महाप्रबंधक ओएंडएम, डी एस कुमार अपर महाप्रबंधक एचआर, महेश अलुगोलु अपर महाप्रबंधक प्रोजेक्ट, अबनि कुमार बाग अपर महाप्रबंधक पर्यावरण सहित एचआर, सीएसआर एवं टीएस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# डीएम-एसएसपी ने सुल्तानगंज के श्रावणी मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण

## लापरवाही बरतने वाले कई अधिकारियों से स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज में शुरु विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने आज मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने जिले के वरीय प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थल - नमामि गंगे घाट, बरारी पुल घाट, एस0एम0 कॉलेज, सीढ़ीघाट, बूढ़ानाथ घाट सहित रेलवे स्टेशन, ड्रॉप गेट, बैरिकेडिंग, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधाएं से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का पूरी सतर्कता, जवाबदेही एवं समन्वय के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में कहीं कहीं पर व्यवस्थाओं में अनियमितताएं और प्रतिनियुक्त कर्मियों की लापरवाही सामने आई। इन गंभीर लापरवाहियो को देखते हुए जिलाधिकारी ने जिला योजना पदाधिकारी, भागलपुर, हेमलता कुमारी, सहायक निदेशक-सह-प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी, भागलपुर, अंचल अधिकारी, सुल्तानगंज तथा श्री विकास कुमार, संचालक प्रबंधक, भागलपुर एवं विशाल कुमार, प्रभारी प्रखंड उद्यान पदाधिकारी, सबौर से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण समर्पित करने का निर्देश दिया है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होने पर संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। सभी विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पूर्ण सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। श्रीमति पांडेय ने कहा कि जिला प्रशासन श्रावणी मेला के सफल संचालन के लिए सभी व्यवस्थाओं की सतत निगरानी कर रहा है तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इस दौरान उप विकास आयुक्त रवि राकेश, अपर समाहर्ता दिनेश राम, निदेशक अमर मिश्रा, एसडीओ विकास कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण थे।

## स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक स्व रामजी प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आरा क्लब, में शाहाबाद सिविल सोसाइटी एवं रामजी प्रसाद सिंह ग्रामीण विकास, सामाजिक एवं आर्थिक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक स्व रामजी प्रसाद सिंह की 27वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पूर्व कुलपति प्रो. दुर्ग विजय सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व रामजी बाबू के चित्र पर पुष्पांजलि से की गई। मुख्य अतिथि पूर्व वाइस चीफ ऑफ आर्मी (रि) श्री कृष्ण सिंह ने कहा कि शाहाबाद केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि वीरता, राष्ट्रभक्ति, ज्ञान और सामाजिक चेतना की भूमि है। उन्होंने कहा कि स्व रामजी प्रसाद सिंह का जीवन जनसेवा, ईमानदारी और राष्ट्रनिष्ठा का अद्भुत उदाहरण है। नित्यानंद शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुँचाना राष्ट्रीय दायित्व है। आनंद माधव ने कहा कि समाज की प्रगति केवल आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, नैतिक मूल्यों और जागरूक नागरिकों से होती है। पद्मश्री डॉ. भीम सिंह ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य किसी भी विकसित समाज की आधारशिला हैं। शाहाबाद सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. शशि कुमार सिंह ने संस्था की भावी कार्ययोजना की घोषणा करते हुए कहा कि शाहाबाद सिविल सोसाइटी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचने का संकल्प लेकर कार्य करेगी।

# आंगनबाड़ी केंद्रों और बालिका गृहों का मंत्री ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** बुधवार को जिले का भ्रमण कर समाज कल्याण विभाग के मंत्री डॉ श्वेता गुप्ता ने संचालित विभिन्न संस्थानों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं, बच्चों को मिल रही सेवाओं और संचालन की स्थिति का जायजा लिया। भ्रमण की शुरुआत सदर ग्रामीण प्रखंड के चिलमिल पंचायत से हुई। केंद्र संख्या 419 सरकारी भवन में संचालित, सुविधाओं की समीक्षा की गई। केंद्र संख्या 418 व 308 किराए के भवन में संचालित पाए गए। केंद्र 308 पर सेविका एवं सहायिका उपस्थित थीं। केंद्र संख्या 283 स्वयं के भवन में संचालित मिला। मंत्री ने इसे सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के अनुरूप विकसित करने और शीघ्र विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। सदर केंद्र संख्या 67 एवं 69 का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। पोखरिया केंद्र संख्या 46 एवं 47 का औचक निरीक्षण किया। बच्चों के लिए स्थान और सुविधाएं कम पाई गईं। अधिकारियों को पर्याप्त जगह और बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मंत्री ने पुलिस लाइन एवं समाहरणालय परिसर स्थित पालना घर का निरीक्षण किया। इसके बाद रतनपुर स्थित बालिका गृह, शक्ति सदन तथा मटिहानी स्थित बुनियाद केंद्र का भी भ्रमण कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। क्षेत्र भ्रमण के बाद डॉ श्वेता गुप्ता ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय योजनाओं, संस्थानों और सेवाओं के संचालन की विस्तृत समीक्षा हुई। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सेवा गुणवत्ता में सुधार और लाभार्थियों को समयबद्ध सुविधाएं देने पर जोर दिया।बाद में जिला अतिथि गृह में प्रेस वार्ता करते हुए मंत्री ने कहा समाज कल्याण विभाग की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। आंगनबाड़ी केंद्रों की संरचना और विभागीय संस्थानों की व्यवस्थाओं में लगातार सुधार किया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री के आप्त सचिव सुधांशु शेखर, सहायक निदेशक आईसीडीएस निदेशालय पटना निरूपा कुमारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 28.07.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं. : टीएन-142-26-27; कार्य का नाम:** सियालदह में - अपरिष्कृत जल ग्रहण करने तथा परिष्कृत जल के निर्गमन के लिए प्लेटफॉर्म सं. 1ए/1 के निकट आउटलेट सं. 1 में 260 केएलडी, बेलियाघाटा आरओबी (पुल सं. एस/2) के निकट आउटलेट सं. 2 एवं 3 में 650 केएलडी, आरएमएस पार्सल एवं कैश ऑफिस के निकट आउटलेट सं. 4 में 390 केएलडी तथा सर्कुलर कैनल के निकट आउटलेट सं. 5 (कोयला डिपो एरिया) में 300 केएलडी क्षमता के वाटर ट्रीटमेंट सह रिसाइक्लिंग प्लांटों कुल 1.60 एमएलडी क्षमता के कुल 4 सेटों के निर्माण के साथ आवश्यक पाइप लाइन बिछाना, वॉल्वों का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 2,88,00,482.10; **ईएमडी:** रु. 5,76,000; **कार्य समापन अवधि :** 12 महीने । **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 21.08.2026 को 15.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 21.08.2026 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। (SDAH-157/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# साइबर सुरक्षा की बच्चों को दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**तेघड़ा।** तेजी से बढ़ते साइबर अपराध और एआई के प्रभाव को देखते हुए सेंट पॉल पब्लिक स्कूल, तेघड़ा में कक्षा 8वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए साइबर वाणी फाउंडेशन द्वारा साइबर एवेयरनेस, डिजिटल सेफ्टी एंड उत्तरदायी एआई विषय पर एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक एवं स्टाफ सदस्यों ने भी भाग लिया। साइबर वाणी फाउंडेशन के संस्थापक शशांक शेखर ने छात्रों को वास्तविक उदाहरणों के साथ सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, साइबर ठगी से बचाव, फ़ेक लिंक व एपीके फाइलों से सावधानी, ओटीपी और बैंकिंग जानकारी की सुरक्षा, डिजिटल फुटप्रिंट, एआई और डीपफ़ेक के खतरे तथा इंटरनेट के सकारात्मक उपयोग के बारे में विस्तार से बताया।उन्होंने कहा साइबर अपराध तकनीक से नहीं, बल्कि जागरूकता की कमी का लाभ उठाकर किए जाते हैं। इसलिए हर विद्यार्थी को डिजिटल दुनिया में सतर्क और जिम्मेदार नागरिक बनना होगा। उन्होंने छात्रों से अपील की कि किसी भी ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दें। विद्यालय के निदेशक सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आज के डिजिटल युग में तकनीक का उपयोग के साथ-साथ उसका सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग सीखना भी जरूरी है। प्राचार्या तनु सौरव ने कहा कि साइबर सुरक्षा की जानकारी हर विद्यार्थी तक पहुंचना आवश्यक है। उन्होंने साइबर वाणी फाउंडेशन का आभार जताते हुए इसे विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए उपयोगी बताया।कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीत कुमार, भीम कुमार, आशु दुबे, वैद्यनाथ सिंह, पी.के. पवन, गिरिश कुमार सहित अन्य शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।साइबर वाणी फाउंडेशन ने संकल्प लिया है कि जिस घर तक इंटरनेट पहुंचा है, उस हर घर तक साइबर सुरक्षा और एआई की सही जानकारी भी पहुंचे। इसी उद्देश्य से फाउंडेशन बिहार में साइबर जागरूकता अभियान लगातार चला रहा है।

## एएनएम की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा

**नावकोठी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नावकोठी में गुरुवार को पीएचसी के अधीन संचालित सभी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य उपकेंद्र पर कार्यरत एएनएम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन चौधरी ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर आने वाले संदिग्ध मरीजों की अधिक से अधिक जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए शीघ्र ही विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसकी सफलता के लिए सभी एएनएम को अभी से आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया गया। साथ ही स्वास्थ्य उपकेंद्रों में आने वाले मरीजों को उपलब्ध कराई जाने वाली दवाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की ऑनलाइन डाटा अपलोडिंग समय पर करने पर विशेष बल दिया गया।

# छात्रों को दिए गए साइबर ठगी से बचाव के टिप्स

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भगवानपुर।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराध, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, ऑनलाइन ठगी, फ़ेक प्रोफाइल, डीपफ़ेक और ए आई आधारित धोखाधड़ी जैसी चुनौतियों के बीच प्रखंड क्षेत्र स्थित सेंट जोसेफ अकादमी, रघुनंदनपुर, तेघड़ा में कक्षा 7वीं से 10वीं के विद्यार्थियों के लिए साईबर वाणी फाउंडेशन द्वारा साईबर अवारनेस डिजिटल सैफटी एण्ड रेसपोनसिबल ए आई विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को और भी विशेष बनाते हुए साईबर वाणी फाउंडेशन के संस्थापक शशांक शेखर ने विद्यालय में प्रशिक्षण दिया। विदित हो कि शशांक वर्ष 2016 में इसी विद्यालय से दसवीं उत्तीर्ण कर चुके हैं। अपने विद्यालय लौटकर उन्होंने छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं, बल्कि वास्तविक घटनाओं एवं लाइव डेमो के माध्यम से यह समझाया गया कि साइबर अपराधी किस प्रकार फर्जी लिंक, ए पी के फाइल,क्यू आर कोड, ओटीपी, सोशल मीडिया, गेमिंग, ए आई एवं डीपफ़ेक जैसी तकनीकों का दुरुपयोग कर लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। विद्यार्थियों ने स्वयं इन उदाहरणों को समझा और सीखा कि थोड़ी-सी सावधानी अपनाकर कैसे साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। शशांक शेखर ने छात्रों से कहा कि आज सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सीखने, नवाचार और अपने भविष्य को बनाने का भी एक सशक्त मंच है। इसलिए इसका उपयोग हमेशा जिम्मेदारी, संयम और सकारात्मक उद्देश्य के साथ करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल पहचान की सुरक्षा, मजबूत पासवर्ड, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, साइबर बुलिंग से बचाव तथा ए आई का जिम्मेदार एवं रचनात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। सत्र के दौरान छात्रों, शिक्षकों एवं स्टाफ को यह भी जानकारी दी गई कि यदि किसी के साथ ऑनलाइन वित्तीय ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग या किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होता है, तो बिना समय गंवाए तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें तथा पर शिकायत दर्ज कराएं। समय पर की गई शिकायत से ठगी गई राशि को सुरक्षित रखने की संभावना काफी बढ़ जाती है। विद्यालय के डायरेक्टर जी. आर जॉर्ज ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ डिजिटल सुरक्षा की समझ भी उतनी ही आवश्यक है।

# मुसमारा पुल निर्माण की रफ्तार सुस्त, डायवर्सन भी बदहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत पहसारा पश्चिम पंचायत के पीरनगर चौक से डुमरिया-रजाकपुर जाने वाली मुख्य सड़क पर निर्माणाधीन मुसमारा पुल का कार्य धीमी गति से चलने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। विभागीय अभिलेखों के अनुसार पुल निर्माण कार्य 6 अक्टूबर 2025 से शुरू होकर 5 अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाना है, लेकिन मौजूदा प्रगति को देखते हुए ग्रामीणों ने निर्धारित समय सीमा में इसके पूरा होने पर सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल मंझौल-बखरी के अनुसार 18.30 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण 82.60 लाख की लागत से कराया जा रहा है। यह नया पुल अंग्रेजी शासनकाल के जर्जर पुल के स्थान पर बनाया जा रहा है, जो लंबे समय से दुर्घटनाओं का कारण बना हुआ था। पुराने पुल के दोनों ओर सड़क ऊंची तथा बीच का हिस्सा नीचा होने के कारण विशेषकर रात के समय दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी और चारपहिया वाहनों का आवागमन भी काफी कठिन था। मुसमारा पुल क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इसके माध्यम से रजाकपुर और पहसारा पश्चिम पंचायत के अलावा गढ़पुरा, नावकोठी और बखरी प्रखंड के बीच आवागमन होता है। ररियोना, अकहा, तुलसीपुर, डुमरिया, रजाकपुर, छक्का, बेगमपुर, नावकोठी, हसनपुर बागर, चक मुजफ्फर, शेखपुरा, गौरीपुर, पीरनगर, गमहरिया, मजनुपुर, देवरा, गरही और भुइंधारा सहित दर्जनों गांवों के हजारों लोग प्रतिदिन इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। पूर्व प्रमुख गंगाराम महतो, पूर्व उपमुखिया अनिल महतो, मुखिया दिनेश यादव, समाजसेवी जनार्दन प्रसाद महतो, सुनील कुमार, रामकौशल महतो, वंसराज यादव एवं रामआलाद महतो सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यह नावकोठी प्रखंड मुख्यालय, थाना और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने का सबसे सुविधाजनक मार्ग है। पुल निर्माण की धीमी गति के कारण आम लोगों को प्रतिदिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि निर्माण एजेंसी द्वारा बनाया गया वैकल्पिक डायवर्सन भी सुरक्षित एवं सुगम नहीं है। बरसात के दौरान कीचड़ और जलजमाव के कारण इस रास्ते से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में तेजी लाने, वैकल्पिक डायवर्सन को तत्काल दुरुस्त करने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर पुल निर्माण पूरा कराने की मांग की है।





- संभावित बाढ़/सुखाड़ की स्थिति के मद्देनजर पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान बिहार, पटना के पीछे में अवस्थित पशुपालन निदेशालय में आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।
- यह नियंत्रण कक्ष सोमवार से शानिवार तक 8.00 बजे पूर्वाह्न से 07.00 बजे अपराह्न तक दो पालियों में कार्यरत रहेगा।
- नियंत्रण कक्ष में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों के अलावा सहायक कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।
- बाढ़/सुखाड़ से पशुपालन संबंधी किसी प्रकार की शिकायत/सुझाव नियंत्रण कक्ष में स्थापित दूरभाष संख्या 0612–2230942 एवं ई–मेल ahdapdabih@gmail.com पर दी जा सकती है।
- सभी जिला पशुपालन पदाधिकारियों को भी जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का आदेश दिया गया है।
- राज्यवासियों/पशुपालकों से अनुरोध है कि बाढ़/सुखाड़ की स्थिति में संबंधित जिला पशुपालन पदाधिकारी के साथ–साथ आपदा नियंत्रण कक्ष पर भी सम्पर्क स्थापित करें।

PR No.-008992 (Animal)D. 2026-27

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार
@BiharDFARD

# स्वावलंबन की ओर बढ़े कदम : 37 दिव्यांगजनों को मिली बैटरी चालित ट्राई साइकिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मानजनक जीवन और समान अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में गुरुवार को समाज कल्याण विभाग की ओर से नगर भवन में ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएमएफटी डीएमएफटी फंड से जिले के 37 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदीव्य कुमार और उपायुक्त रामनिवास यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद दोनों ने लाभुकों को बैटरी चालित ट्राई साइकिलें सौंपीं। ट्राई साइकिल मिलने पर दिव्यांगजनों और उनके परिजनों ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के



प्रति आभार व्यक्त किया मंत्री सुदीव्य कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बैटरी चालित ट्राई साइकिल दिव्यांगजनों के लिए केवल एक वाहन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और नए अवसरों का माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचे।उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जिला प्रशासन दिव्यांगजनों के जीवन को अधिक सुगम और सम्मानजनक बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ऐसी योजनाएं लाभुकों को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सहभागिता के नए अवसर उपलब्ध कराती हैं। साथ ही उन्होंने समाज कल्याण विभाग को सभी पात्र दिव्यांगजनों की पहचान कर समय पर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर महापौर प्रमिला मेहरा, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, सांसद प्रतिनिधि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र, उप महापौर, अपर समाहर्ता, सहायक समाहर्ता सह आईएएस प्रशिक्षु, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में

# विभावि परिसर में प्रारंभ हुआ विशेष सफाई अभियान

**वर्षा के मौसम में भी परिसर को सुरक्षित तथा साफ रखना है उद्देश्य : डॉ. देवनारायण राम**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में गुरुवार को विशेष सफाई अभियान प्रारंभ किया गया है। विश्वविद्यालय के विकास पदाधिकारी सह अर्थशास्त्र



विभाग के अध्यक्ष डॉ देवनारायण राम के निर्देशन में लगभग डेढ़ दर्जन सफाई कर्मियों की टोली ने सबसे पहले अतिथि भवन के आसपास साफ-सफाई के कार्य को संपन्न किया।

इसके बाद विश्वविद्यालय के अतिथि भवन के सामने अवस्थित पार्क में सफाई कार्य संचालित किया गया। तीसरे चरण में रविंद्रनाथ टैगोर कला भवन के सामने सफाई अभियान संचालित हुआ। अपने अभियान की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के विकास पदाधिकारी ने बताया कि यह अभियान वर्षा के मौसम में उत्पन्न जंगल-झाड़ी आदि को साफ करने के उद्देश्य से चलाया गया। इसके अलावे झाड़ियों की बाड़ (हेज) का कटिंग का कार्य को भी सलीके से किया गया। डॉ देवनारायण राम ने बताया कि इस मौसम में यह अभियान समय-समय पर निरंतर संचालित किया जाएगा। बताया कि शुक्रवार को गृह विज्ञान भवन के आसपास से सफाई कार्य प्रारंभ किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य है कि यहां आने वाले विद्यार्थियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। साथ ही विश्वविद्यालय परिसर सुंदर और साफ दिखता रहे। डॉ राम ने बताया कि इस कार्य में उन्हें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा, सीसीडीसी प्रो मिथिलेश कुमार सिंह तथा कुलसचिव श्री सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा सहित पूरे विश्वविद्यालय परिवार का पूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन लगातार प्राप्त हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मगध विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान प्रणाली पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का शुभारंभ

**बोधगया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मगध विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग एवं एनईपी सेल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को भारतीय ज्ञान प्रणाली पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का उद्घाटन एवं इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और स्वागत समारोह से हुई। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं पाठ्यक्रम संयोजक प्रो. अंजनी कुमार घोष ने स्वागत भाषण देते हुए पाठ्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि जीबीएम कॉलेज, गया की प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की भारतीय ज्ञान प्रणाली मास्टर ट्रेनर डॉ. सीमा पटेल ने नई शिक्षा नीति-2020, भारतीय ज्ञान प्रणाली और भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति और ज्ञान-विज्ञान की समृद्ध विरासत से जुड़ने का आह्वान किया। एनईपी समन्वयक एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रियंका सिंह ने पाठ्यक्रम का परिचय देते हुए इसकी रूपरेखा और उद्देश्यों की जानकारी दी। राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. मोहम्मद एहतेशाम खान ने भारतीय ज्ञान प्रणाली के अध्ययन की आवश्यकता और समकालीन महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की शोधार्थी अर्चना कुमारी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रियंका सिंह ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. मो. शमशाद अंसारी, डॉ. श्रद्धा ऋषि, डॉ. दिव्या मिश्रा, अविनाश कुमार, डॉ. ममता मेहरा, डॉ. एकता वर्मा, घनश्याम, छोटू और श्वेता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय ने इसे नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा को उच्च शिक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को भारतीय बौद्धिक विरासत से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

### युवाओं के लिए शुरू होगी कॉफी विद डीएम पहल


**गया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गया जिले के विकास और सुशासन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने ह्यकॉफी विद डीएम झ्र संवाद से सहभागिता तकह्न नामक विशेष युवा सहभागिता पहल शुरू की है। इस पहल के तहत युवाओं को एक अनौपचारिक और संवादात्मक मंच मिलेगा, जहां वे सीधे जिलाधिकारी से अपने विचार, सुझाव और समस्याएं साझा कर सकेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा अपनी आकांक्षाओं, चुनौतियों, नवाचारपूर्ण विचारों, करियर संबंधी चिंताओं, स्थानीय समस्याओं, सुशासन, उद्यमिता, शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य तथा जीवन और समाज से जुड़े अन्य विषयों पर खुलकर चर्चा कर सकेंगे। जिला प्रशासन का उद्देश्य युवाओं और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करना, आपसी समझ विकसित करना तथा विकास प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह संवाद सत्र प्रत्येक बुधवार और शनिवार को जिला समाहरणालय, गया में आयोजित किए जाएंगे। इसमें जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और विविध पृष्ठभूमियों से चयनित प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा, ताकि विभिन्न विषयों पर सार्थक और व्यापक चर्चा हो सके। जिला प्रशासन ने बताया कि गया जिले के 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के वे युवा, जो विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पॉलिटेक्निक अथवा अन्य शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत हैं, आवेदन करने के पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी जिला प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध कॉफी विद डीएम अनुभाग में दिए गए लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जिला प्रशासन को उम्मीद है कि यह पहल युवाओं को प्रशासन से जोड़ने, उनके विचारों को नीति निर्माण तक पहुंचाने और गया के समग्र विकास में उनकी रचनात्मक भूमिका को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### अनुमंडल कार्यालय में अनुश्रवण समिति की बैठक

**खिजरसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नीमचक बथानी अनुमंडल कार्यालय में गुरुवार को अनुश्रवण समिति की बैठकका आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) केशव आनंद ने की। आयोजित बैठक में राशन कार्ड निर्माण, पेयजल सहित आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम केशव आनंद ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिले, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी स्थानीय समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया, जिनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मानव वैदिक जागृति सेवा ट्रस्ट के माध्यम से लाल बाबा ने पूजा-अर्चना, हवन, प्रवचन एवं भंडारे का आयोजन

**गया जी।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विष्णुपद के शांतिकुंज भवन में मानव वैदिक जागृति सेवा ट्रस्ट के द्वारा प्रवचन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। लाल बाबा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया करते रहे हैं। इस अवसर पर सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना एवं हवन संपन्न हुआ । जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर



विश्व शांति, सुख-समृद्धि एवं मानव कल्याण की कामना की है। इस कार्यक्रम के दौरान कृष्णकांत प्रसाद ने गुरु महिमा पर आधारित प्रेरणादायी प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि गुरु ही ज्ञान का प्रकाश हैं और उनके मार्गदर्शन से ही जीवन सफल एवं सार्थक बनता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से गुरु के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को बढ़ाने का आह्वान किया है। पूजा एवं प्रवचन के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया है। पूरे आश्रम परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने गुरु पूर्णिमा का पर्व उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया है।इस कार्यक्रम में लक्ष्मीकांत प्रसार ,अभीशेख उपाध्यक्ष, देवेंद्र कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, गुड्डू बाबा, ममता मैडम ,ओमप्रकाश शर्मा, कृष्ण कुमार उपाध्याय ,आशु पांडे ,मुनमुन सिंह एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही है।

# 4.56 लाख महिलाओं के खातों में पहुंची 114.06 करोड़ की सम्मान राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जुलाई 2026 की सम्मान राशि का भुगतान कर दिया गया है। जिले की 4,56,267 महिला लाभुकों के बैंक खातों में डीबीटी (डीबीटी ) के माध्यम से प्रति लाभुक ₹2,500 की दर से कुल ₹114.06 करोड़ (₹1,14,06,67,500) सीधे हस्तांतरित किए गए हैं। जिला प्रशासन के अनुसार योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी प्रखंडों और शहरी निकायों में लगातार निगरानी की गई, जिससे पात्र महिलाओं को समयबद्ध और




पारदर्शी तरीके से राशि मिल सकी। प्रशासन का कहना है कि यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है सबसे अधिक लाभुक जमुआ (53,785) और धनवार (47,805) प्रखंड में रहे, जबकि गिरिडीह प्रखंड (39,374), डुमरी (41,075), बिरनी (35,565), देवरी (34,257), गांडेय (32,546), बगोदर (31,844), बेंगाबाद (28,880) तथा अन्य प्रखंडों एवं नगर निकायों की महिलाओं को भी योजना का लाभ मिला।जिला प्रशासन ने सभी लाभुक महिलाओं से बैंक खाते और आधार संबंधी विवरण अद्यतन रखने की अपील की है, ताकि भविष्य में भी सम्मान राशि का भुगतान बिना किसी बाधा के समय पर होता रहे।

# गिरिडीह में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान, वाहनों की सघन जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर बुधवार देर शाम पचम्बा थाना क्षेत्र में विशेष एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के तहत अलकापुरी चौक एवं पचम्बा चौक पर आने-जाने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा वाहनों के आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की गई चेकिंग अभियान का नेतृत्व पचम्बा थाना के सब इंस्पेक्टर रंजीत पिंगुआ ने किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं सूत्रों के अनुसार, पुलिस इस अभियान को हाल ही में क्षेत्र में हुई आपराधिक घटना के मद्देनजर भी महत्वपूर्ण मान रही है। पुलिस का उद्देश्य क्षेत्र में अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना और आम लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है।

# 5 अगस्त से शुरू होगी दावा-आपत्ति प्रक्रिया, 7 अक्टूबर को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास यादव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 30 जून से चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत गणना प्रपत्रों का संग्रहण और डिजिटाइजेशन का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है उपायुक्त ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे 05 अगस्त को प्रकाशित



होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। यदि कोई पात्र मतदाता एसआईआर अभियान के दौरान गणना प्रपत्र नहीं भर पाया है, तो वह प्रपत्र-6 एवं घोषणा पत्र भरकर संबंधित बीएलओ को जमा करें, ताकि नियमानुसार उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।उन्होंने बताया कि 05 अगस्त से 04 सितंबर तक मतदाता सूची पर दावा एवं आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। इस दौरान नाम जोड़ने, संशोधन और विलोपन से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे। वहीं 05 अगस्त से 03 अक्टूबर तक इन दावों एवं आपत्तियों का परीक्षण और निष्पादन किया जाएगा। सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद 07 अक्टूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना तथा शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची का प्रकाशन करना है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# जयपुर के चतुर्वेद वेद-विद्यापीठ में आयोजित हुआ डॉ. अनिल सुलभ का व्याख्यान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** वेदों के संरक्षण में भारतीय ऋषियों और विप्रों का बलिदान अविस्मरणीय है। सहस्राब्दियों तक भारत के विप्रजन अपनी समस्त सुख-सुविधाओं का त्याग कर नित्य वेदों के गायन की साधना की और आने वाली असंख्य पीढ़ियों को इस कार्य और वेदों के रक्षण के लिए बलिदान की प्रेरणा दी। इन विप्रों ने वेदों को कंठस्थ किया और आनेवाली पीढ़ियों को इन्हें सौपते आए। जिन्होंने चारों वेदों को आद्योपान्त नियमित क्रम से कंठस्थ किया, उन्हें चतुर्वेदी, जिन्होंने तीन वेदों को कंठस्थ किए उन्हें त्रिवेदी, दो को कंठस्थ करने वालों को ह्लद्विवेदीह्व तथा एक वेद को



कंठस्थ करने वालों को ह्लवेदीह्व की उपाधि दी गई । वेदों में विश्व का समस्त ज्ञान और विज्ञान है। इसलिए वेदों का प्रचार और उसका अनुसरण देश का सबसे बड़ा सांस्कृतिक आंदोलन है, जिसे सभी प्रकार से बल दिया जाना चाहिए। वेद-पाठशालाओं की संख्या बढ़ानी चाहिए। संस्कृत और वेद सभी विद्यालयों में पढ़ाई जानी चाहिए। इससे भारत आध्यात्मिक और वैज्ञानिक रूप से समृद्ध होगा। तभी मानव जाति में मानवीय गुणों का विकास होगा। यह बातें विगत संध्या जयपुर के सांगानेर में स्थापित सुप्रसिद्ध गौशाला श्री पिंजरापोल गोशाला परिसर में प्राचीन गुरुकुल पद्धति से संचालित गोविन्द देव चतुर्वेद वेद विद्यापीठ में बटुकों को संबोधित करते हुए, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। इस अवसर पर विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने वेद-ऋचाओं का पाठकर डा सुलभ को सम्मानित किया। आरंभ में, व्याख्यान की संयोजिका और भारत स्काउट ऐंड गाइड फेलोशिप की राष्ट्रीय महासचिव सीमा राठी ने डा सुलभ का राजस्थानी वंदन-वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्रीमती राठी ने विद्यापीठ के आचार्य श्री नितिन द्विवेदी एवं सभी बटुक विद्यार्थियों से डा सुलभ का परिचय कराया और आशीर्वचन के लिए आग्रह किया।

# बरही में बढ़े सर्पदंश के मामले, एक ही दिन चार लोग बने शिकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** बरसात के मौसम में बरही प्रखंड में सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि दर्ज की जा रही है। गुरुवार को क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में सर्पदंश की चार घटनाएं सामने आईं। सभी घायलों को पहले बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, सर्पदंश के शिकार होने वालों में कटियां निवासी नरेश सिंह (70), देवचंदा निवासी कुंती देवी (40), बरही निवासी रामेश्वर यादव (60) तथा चौपारण प्रखंड के कारीपहरी निवासी हरि दास शामिल हैं। सभी की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें उच्च स्तरीय उपचार के लिए रेफर किया। अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि बरसात के मौसम में खेतों, बगीचों, झाड़ियों और जलजमाव वाले क्षेत्रों में सांप निकलने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में ग्रामीणों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए । चिकित्सकों ने सलाह दी है कि सर्पदंश होने पर झाड़-फूंक या घरेलू उपचार के भरोसे समय न गंवाएं।

# जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच हो, सभी जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी बर्खास्त हों : बाबूलाल मरांडी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को हजारीबाग के परिषदन भवन में प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने मांग की कि जेपीएससी और जेएसएससी में कार्यरत सभी संबंधित कर्मचारी एवं पदाधिकारियों को तत्काल बर्खास्त कर पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए। प्रेस वार्ता की शुरूआत भाजपा हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की। अपने संबोधन में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 14वीं सिविल सेवा परीक्षा सहित असिस्टेंट कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट, फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर और




अन्य भर्ती परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ओएमआर शीट में हेराफेरी की गई, कम उत्तर भरने वाले अभ्यर्थियों का भी मुख्य परीक्षा के लिए चयन कर लिया गया तथा श्रेणीवार कट-ऑफ अंक सार्वजनिक नहीं किए गए। मरांडी ने आरोप लगाया कि ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को परीक्षा संचालन का कार्य सौंपा गया और जांच के नाम पर अभ्यर्थियों को गुमराह किया गया। उन्होंने दावा किया कि मुख्य आरोपी के माध्यम से कथित रूप से होटल से पूरे नेटवर्क का संचालन किया गया, जहां अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले प्रश्न-उत्तर याद कराए गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीजीएल परीक्षा से पहले बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को कथित रूप से विशेष तैयारी कराकर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया गया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में हुई कथित अनियमितताओं के दोषियों पर लोकसभा से पारित कानून के तहत शीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष के आरोपों पर पूछे गए सवाल के जवाब में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक बूथ पर सभी राजनीतिक दलों को बीएलए-2 नियुक्त करने का अवसर दिया गया था और बीएलओ के साथ मिलकर प्रक्रिया पूरी कराई गई। ऐसे में विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं। प्रेस वार्ता में भाजपा हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, जिला महामंत्री जय नारायण प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, उदयभान नारायण सिंह, अशोक यादव, सुनील मेहता, गणेश यादव, कुणाल किशोर, मनोज गिरी, विवेक सिंह, राजेश गुप्ता सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

***नोट : यह समाचार प्रेस वार्ता में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लगाए गए आरोपों और उनके बयानों पर आधारित है। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।***

# लाभुकों को आसानी से मिले योजनाओं का लाभ : रमा निषाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में संचालित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकासात्मक कार्यों की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में बिहार सरकार के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सह जिले के प्रभारी मंत्री रमा निषाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पात्र लाभुकों तक पहुंचे। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित अनुश्रवण एवं लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की समीक्षा में बताया गया कि जिले के कुल 2,852 वार्डों में हर घर नल का जल योजना संचालित है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 1,940 खराब चापाकलों की मरम्मत कर उन्हें पुनः चालू कराया गया है। माननीय प्रभारी मंत्री ने



पेयजलापूर्ति को निर्बाध बनाए रखने, जल गुणवत्ता की नियमित जांच कराने तथा शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जुलाई माह तक 5.43 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के अंतर्गत 1,428 लक्ष्य के विरुद्ध 1,356 लाभुकों का चयन कर 94.95 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन एम्बुलेंस योजना के अंतर्गत निर्धारित 21 के विरुद्ध 21 एम्बुलेंस का लक्ष्य प्राप्त कर 100 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है। प्रभारी मंत्री ने सड़क सुरक्षा नियमों का प्रभावी अनुपालन, ओवरलोडिंग पर नियंत्रण तथा राजस्व वसूली में वृद्धि हेतु सतत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल की समीक्षा में राष्ट्रीय उच्च पथ-139 पर लगभग 102.73 करोड़ की लागत से संचालित अनुरक्षण कार्य, अरवल एवं दाउदनगर बाईपास तथा अन्य फोरलेन सड़क परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रियाओं में तेजी लाते हुए सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा में बताया गया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जुलाई माह में 92.59 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया गया है। जिले में 16,85,195 लाभुकों में से 15,03,622 लाभुकों का ई-केवाईसी (89.23 प्रतिशत) तथा 17,22,509 सदस्यों में से 17,12,326 का आधार सीडिंग (99.41 प्रतिशत) पूर्ण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त नए राशन कार्ड निर्गमन एवं आवेदनों के सत्यापन की प्रगति भी संतोषजनक पाई गई।जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करते हुए आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनसेवा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, सदर एसडीओ गौरव सिंह, सिविल सर्जन डॉ. कृष्णा कुमार, सभी वरीय उप समाहर्ता, सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# छह अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के पंचम जिला जज उमेश प्रसाद ने हसपुरा थाना में दर्ज एक मामले में सज़ा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्तों को सज़ा सुनाई है। एपीपी देवीनंदन सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के किशुनपुरा गांव निवासी प्राथमिक अभियुक्त छोटेलाल कुमार,अजीत कुमार, रोहित कुमार, मनोज कुमार, गुड्डू कुमार, सुरेन्द्र सिंह को भादवि धारा -302 में आजीवन कारावास और 10 हज़ार रूपये जुर्माना लगाया है और धारा -147 में दो साल की सजा तथा एक हजार रूपये जुर्माना लगाया है। दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी। अभियुक्त छोटेलाल कुमार घटना के समय से जेल में बंद हैं जबकि अन्य अभियुक्तों को भी 20 जुलाई को दोषी ठहराने के बाद बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था। पीड़ित पक्ष के प्रतिकर के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि किशुनपुरा गांव निवासी उषा देवी ने अभियुक्तों के खिलाफ 15 जून 2023 को प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें बताया कि 10 जून 2023 की रात 08 बजे अभियुक्त हमारे नाली के पाटन चुरा रहे थे तो हमारे पति तपेश्वर सिंह ने इसका विरोध किया। इसको लेकर अभियुक्तों ने लाठी डंडे तथा धारदार हथियार से पति पर हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पटना के एक अस्पताल में मस्तिष्क का आपरेशन करवाया गया। घटना के 11 दिन बाद उनकी मृत्यु हो गई। न्यायालय में मृत्यु समीक्षा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट दाखिल किया गया और अभियोजन की ओर से दस गवाही हुई थी। अभियुक्तों पर आरोप गठन 30 जनवरी 2024 को हुई थी।

## आर्म्स एक्ट में अभियुक्त दोषी करार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान ने बारूण थाना में दर्ज एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त को सज़ा सुनाई है। जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि थाना क्षेत्र के नकाईन गांव निवासी प्राथमिक अभियुक्त निखिल कुमार को आर्म्स एक्ट की दो धाराओं 25(1-बी) और धारा -26 में 30-30 महीने कारावास की सजा तथा 2500-2500 रूपये जुर्माना लगाया है। अभियोजन की ओर से छह गवाही हुई थी। 7 मार्च 2025 को अभियुक्त पर संज्ञान लिया गया था। 23 दिसंबर 2025 को आरोप गठन किया गया था।

# पुलिस पर हमला सहित अन्य मामलों में 54 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 54 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 18 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, एससी-एसटी एक्ट में 1, पुलिस पर हमला में 11, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 4 तथा अन्य मामलों में 38 लोगों की गिरफ्तारी की गई। अभियान के फलस्वरूप 290 लीटर देसी शराब एवं तीन बाइक जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 971 वाहनों की जांच की गई जिसमें 5500 रुपये शमन की राशि वसूल की गई। 80 वारंट एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। इस दौरान जम्होर पुलिस पर हमला मामले में मिथुन राम, उदय राम, जटुल राम, मनीष कुमार, बसंत पासवान सहित छह महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। ये सभी बलिकरना गांव के रहने वाले हैं। दरअसल, सोमवार देर शाम दो पक्षों के बीच मारपीट रोकने पहुंची जहां अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर लोगों ने हमला कर दिया गया जिसमें थानाध्यक्ष सूर्यवीर गुप्ता समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# खेतों से खो रही रोपनी के गीतों की गूंज, मशीनों ने बदल दी सदियों पुरानी लोक परंपरा

**उपेन्द्र कश्यप/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** सावन की फुहारों के बीच कभी धान के खेत केवल हरियाली से ही नहीं, बल्कि रोपनी के गीतों की मधुर गूंज से भी जीवंत हो उठते थे। बैलों के पैरों में बंधे घुंघरुओं की छनक, हल की लय और रोपनहारों के सामूहिक लोकगीत खेती को एक उत्सव का रूप देते थे। समय के साथ खेती की तकनीक बदली तो खेतों की यह सांस्कृतिक विरासत भी धीरे-धीरे मौन होती चली गई। आज खेतों में रोपनी का काम तो हो रहा है लेकिन गीतों की वह आत्मीय ध्वनि शायद ही कहीं सुनाई देती है। कृषि कार्य इन दिनों पूरे क्षेत्र में जोरों पर है, लेकिन अब रोपनी के दौरान गीत गाने की परंपरा लगभग समाप्त हो चुकी है। पहले







बैलों से हल चलते थे और उनके पैरों में बंधे घुंघरुओं की मधुर आवाज रोपनहारों के गीतों में नई लय भर देती थी। अब खेतों में ट्रैक्टर और आधुनिक उपकरणों ने बैलों की जगह ले ली है, जिससे वह वातावरण भी समाप्त हो गया। दूसरी ओर, रोपनी के लिए दूसरे राज्यों से आने वाले श्रमिक स्थानीय लोकगीतों और संस्कृति से परिचित नहीं होते, इसलिए यह परंपरा और तेजी से लुप्त हो रही है। तरार पंचायत के मुखिया एवं किसान शशि भूषण सिंह बताते हैं कि अब केवल कुछ बुजुर्ग रोपनहार ही कहीं-कहीं पुराने गीत गुनगुनाती दिखाई देती हैं। नई पीढ़ी इन गीतों को न तो जानती है और न ही उनमें रुचि रखती है। हालांकि एक परंपरा आज भी जीवित है। रोपनहार जब किसान के घर पहुंचती हैं तो घर की महिलाएं उन्हें श्रृंगार के लिए सिंदूर और तेल देती हैं। किसान आज भी रोपनी को धरती का श्रृंगार मानते हैं। किसान सुरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि पहले जब किसान खेत में खड़े रहते थे तो रोपनहार उन्हें मजाकिया अंदाज में गालियां देती थीं, ताकि किसान वहां से हट जाए और उन्हें कमर सीधी करने या शंका निवारण का अवसर मिल सके। कई रोपनहार किसानों की रिश्तेदारी में भौजाई होती थीं, इसलिए यह हंसी-मजाक सामाजिक आत्मीयता का हिस्सा था। उन्होंने बताया कि रोपनहार बेहतर वर्षा और अच्छी फसल की कामना करते हुए इंद्र भगवान को प्रसन्न करने के लिए गीत गाती थीं। उनका विश्वास था कि अच्छी बारिश और भरपूर उपज से किसान समृद्ध होगा, तो उन्हें भी नियमित काम और आर्थिक लाभ मिलेगा।

# ट्रेन से कटकर 150 भेड़ों की मौत, 20 लाख का नुकसान

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्व मध्य रेल के न्यू सोननगर और बगहा रेलवे स्टेशन के बीच गुरुवार को ट्रेन से कटकर 150 से अधिक भेड़ों की मौत हो गई। पशुपालक मवेशियों को रेलवे ट्रैक पार करा रहा था। इसी दौरान ट्रेन आ गई। पीड़ित पशुपालक लल्लन पाल ने बताया कि हादसे में करीब 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन यही भेड़ पालन था। इन्हीं भेड़ों की बदौलत परिवार का खर्च चलता था और अपनी तीन बेटियों की शादी के लिए भी इन्हें जीवनभर की पूंजी के रूप में तैयार किया था। एक ही हादसे ने सारी उम्मीदों पर पानी फ़ेर दिया। अब परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

# बात नहीं मानने पर पति की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गोह पुलिस ने पति की हत्या मामले में पत्नी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी महिला की पहचान तुलसी बिगहा निवासी मृतक सन्नी की पत्नी पल्लवी कुमारी के रूप में की गई है। मृतक मनोज महतो का छोटा बेटा था। पांच माह पहले दोनों की शादी हुई थी। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो हत्यारोपी पत्नी ने पूरी राज खोल दी। आरोपी पल्लवी कुमारी ने बताया कि वह जीएनएम का कोर्स करना चाहती थी। इसके लिए वह कई बार पति और ससुराल वालों से किसी कॉलेज में एडमिशन के लिए बोल चुकी थी। पति उसकी बात को अनसुना कर रहा था। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद होता था। चार जुलाई की रात इसी बात को लेकर कहासुनी हुई और पल्लवी पति के गले की ताबिज की रस्सी पकड़ लटक गई। रस्सी जब छोड़ी तो पति सन्नी का दीवार से सिर टकरा गया और उसकी मौत हो गई। लेकिन इसके बाद पुलिस और परिजन को गुमराह करने के लिए पहले पति के बेड से गिरने की कहानी सुनाई, बाद में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। बुधवार को आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पल्लवी का कहना है कि वह सन्नी को मारना नहीं चाहती थी। ताबित की रस्सी की वजह से उसके गले पर निशान पड़ गए थे। निशान देखकर पुलिस संदेह करने लगी। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच करने लगी। दूसरी तरफ पुलिस पत्नी पल्लवी से भी पूछताछ कर रही थी। हर बार वो अलग-अलग बातें कहती थी जिसके बाद पुलिस को पल्लवी पर शक हुआ। तब जाकर पुलिस ने पल्लवी से सख्ती से पूछताछ की। सन्नी कुमार की शादी इसी साल 24 फरवरी को हसपुरा थाना क्षेत्र के कंचननगर निवासी उमेश महतो की पुत्री पल्लवी के साथ हुई थी। सन्नी का बड़ा भाई व्यवसाय करता है जबकि सन्नी घर पर रहकर उसका सहयोग करता था। बड़े भाई ने बताया कि घटना के पहले दिन से ही परिवार को कुछ न कुछ गड़बड़ी का एहसास हो रहा था लेकिन सामाजिक कारणों से खुलकर कुछ नहीं कह पा रहे थे। जब पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की गंभीरता से जांच शुरू की तो संदेह की सुई मृतक की पत्नी की ओर घूमने लगी। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि पति की हत्या में पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

# लोजपा पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने डॉ. प्रकाश चंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्देश पर ओबरा के विधायक डा. प्रकाशचंद्र को पार्टी के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल खालिक ने किया है। इस आशय का उन्होंने पत्र भी जारी किया है। उनके इस मनोनयन पर पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रमेश पासवान समेत अन्य स्थानीय नेताओं ने बधाई दी और उम्मीद व्यक्ति की कि संगठन



पहले से अधिक विस्तारित होगा व शक्ति प्राप्त कर सकेगा। मनोनयन पत्र में अब्दुल खालिक ने लिखा है कि विश्वास है कि इनके कुशल नेतृत्व में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और सुदृढ़ होगी एवं पार्टी का जनाधार बढ़ेगा।

# किशोरी सिन्हा महिला कालेज की छात्राओं का दल गया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय की छात्राएं 'विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम-2026' के अंतर्गत आयोजित 'नशा मुक्त भारत' विषयक जनजागरूकता अभियान में भाग लेने के लिए गुरुवार को गया रवाना हुईं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कुमारी गायत्री सिंह ने छात्राओं के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाविद्यालय का छात्रा दल राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सुष्मिता कर के नेतृत्व में गया महाविद्यालय, गया में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. गायत्री सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि



'नशा मुक्त भारत' का निर्माण युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। उन्होंने छात्राओं से समाज में नशामुक्ति का संदेश घर-घर तक पहुंचाने तथा लोगों को स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि महाविद्यालय की छात्राएं कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन करेंगी और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करना और सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

# उर्दू भाषा के विकास पर वाद-विवाद प्रतियोगिता 22 अगस्त को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** उर्दू भाषी विद्यार्थी प्रोत्साहन राज्य योजना (2025-26) के अंतर्गत उर्दू पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु 22 अगस्त की सुबह 10 बजे से नगर भवन में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला स्तरीय उर्दू वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में मैट्रिक, इंटर, स्नातक एवं समकक्ष स्तर के शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। प्रत्येक विद्यालय, महाविद्यालय एवं मदरसा से प्रत्येक वर्ग समूह के दो-दो विद्यार्थियों का चयन कर उनका नाम, अनुशंसा एवं मोबाइल नंबर सहित जिला उर्दू भाषा कोषांग को 15 अगस्त तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए आधार कार्ड के साथ विद्यालय एवं महाविद्यालय द्वारा निर्गत परिचय-पत्र, अंकपत्र अथवा नामांकन रसीद लाना अनिवार्य होगा।

# चेहल्लुम के दौरान सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चेहल्लुम पर्व-2026 के अवसर पर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्व के दौरान संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा सभी आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा अफवाह की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया जाए, ताकि आवश्यक कार्रवाई शीघ्रता से की जा सके। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने सुझाव दिए तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पर्व के दौरान आपसी समन्वय बनाए रखने, सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने तथा शांति व्यवस्था कायम रखने पर विशेष बल दिया गया। बैठक के अंत में अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी शांति समिति सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं आयोजनकर्ताओं से अपील की कि चेहल्लुम पर्व को आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में प्रशासन का सक्रिय सहयोग करें। उन्होंने आमजन से भी आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक सामग्री का प्रसार न करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन अथवा पुलिस को दें। बैठक में सदर अंचल अधिकारी अनुज सिंह, नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा, नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# डेंगू की रोकथाम हेतु लार्वा रोधी दवा का छिड़काव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में डेंगू की रोकथाम के लिए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार व्यापक स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में नगर निकायों द्वारा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में नियमित रूप से लार्वा रोधी दवा का छिड़काव एवं फॉगिंग का कार्य कराया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा सभी नगर निकायों को निर्देशित किया गया है कि जैविक एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्धारित मानकों का पालन करते हुए जलजमाव वाले स्थानों, नालियों, गड्ढों, तालाबों के किनारों तथा अन्य संभावित मच्छर प्रजनन स्थलों पर लार्वा रोधी दवा का छिड़काव सुनिश्चित करें। साथ ही घनी आबादी वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थलों पर नियमित रूप से फॉगिंग भी कराई जा रही है ताकि डेंगू एवं चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के प्रजनन पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को अभियान की सतत निगरानी करते हुए प्रतिदिन इसकी प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** डीएवी कॉलेज प्रबंधकर्तृ समिति, नई दिल्ली द्वारा विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता का सफल समापन शहर के दधानंद विहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में हुआ। 28 एवं 29 जुलाई को आयोजित इस प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल्स के बिहार प्रक्षेत्र ई, एफ एवं एच के 22 विद्यालयों के लगभग 1700 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन सहायक क्षेत्रीय अधिकारी अंजलि, क्षेत्रीय अधिकारी एवं आयोजन सचिव वी.के. पाठक, क्षेत्रीय



सहायक वीरेंद्र कुमार तथा सभी विद्यालयों के प्राचार्यों के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, क्रिकेट, शूटिंग, बॉक्सिंग, रेसलिंग, योग, वेटलिफ्टिंग, एथलेटिक्स सहित अनेक खेलों का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर डीएवी पब्लिक स्कूल कैंट एरिया, गया के खिलाड़ी समग्र चैंपियन बने, जबकि डीएवी पब्लिक स्कूल मानपुर, गया की टीम उपविजेता रही। मेजबान डीएवी पब्लिक स्कूल, औरंगाबाद के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए टेबल टेनिस के तीनों वर्गों में अपना दबदबा कायम रखा। इसके अलावा अंडर-17 बालक क्रिकेट में विद्यालय की टीम ने शुरुआत से ही मुकाबले पर नियंत्रण बनाए रखा। शतरंज, हैंडबॉल, बैडमिंटन एवं जूडो प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विद्यालय प्रशासन ने विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों एवं अधिकारियों के ठहरने और भोजन की समुचित व्यवस्था की थी। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों तथा विभिन्न विद्यालयों से आए खेल शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार पाठक ने अपने संबोधन में खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि खेल अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। समापन समारोह में सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एवं प्राचार्य वी.के. पाठक तथा उपस्थित अन्य प्राचार्यों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पदक और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। अब विजेता टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी और वहां सफलता प्राप्त करने पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

# धान रोपनी के लिए सिंचाई व्यवस्था में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सिंचाई विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में धान रोपनी के मद्देनजर किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने तथा विभिन्न नहर प्रमंडलों के अंतर्गत नहरों में जलापूर्ति की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न नहर प्रणालियों के माध्यम से सिंचाई हेतु पानी छोड़े जाने की प्रगति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी क्षेत्रों में निर्धारित समय पर सिंचाई जल उपलब्ध कराया जाए। बैठक में कार्यपालक अभियंता, सोन उच्च स्तरीय नहर प्रमंडल द्वारा बताया गया कि बैराज पर आवश्यक यांत्रिक (मैकेनिकल) पुर्जों के प्रतिस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसके उपरांत सिंचाई हेतु पानी छोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि मदनपुर प्रखंड की ओर नहर में जलापूर्ति प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही वर्तमान उपलब्ध जलराशि को देखते हुए रोटेशन के आधार पर चरणबद्ध तरीके से विभिन्न नहरों में पानी छोड़ा जा रहा है, ताकि सभी क्षेत्रों के किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी,
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269